You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-324 ❑ शुक्रवार, 29 दिसम्बर 2023 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



जैसे हर एक व्यक्ति का निश्चित स्वभाव होता है, ठीक वैसे ही हर एक राष्ट्र का अपना चरित्र होता है। राष्ट्र का स्वभाव उसकी संस्कृति से आता है। भारत की संस्कृति सर्वसमावेशी है। सर्व समावेशी संस्कृति सिर्फ भारत में ही है।

डॉ. मोहन भागवत

मोदी 14 फरवरी को अबू धाबी में करेंगे मंदिर का उद्घाटन 11

अलविदा! 2023: दरकते जोशीमठ के बीच चमकी चार धाम यात्रा 12

## संक्षेप

### डीएल बनाने वाले 350 आउटसोर्स कर्मियों का रोजगार छूटने के आसार

**लखनऊ।** दस वर्षों से परिवहन विभाग में ड्राइविंग लाइसेंस की व्यवस्था संभालने वाले 350 आउटसोर्स कर्मियों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। परिवहन विभाग ने डीएल का काम देखने के लिए नई कंपनी की तलाश शुरू कर दी है। गुरुवार को प्रदेशभर से आए आउटसोर्स कर्मियों ने परिवहन आयुक्त मुख्यालय पहुंचकर अफसरों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सीनियर आरटीओ संजय नाथ झा ने आउटसोर्स कर्मियों की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। वर्ष 2013 से परिवहन विभाग में ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सभी काम निजी कंपनी को सौंपा गया था। कंपनी ने 350 से ज्यादा कर्मी भर्ती किए गए। इनको प्रदेशभर के आरटीओ कार्यालयों में तैनाती दी गई। मुख्यालय पर डीएल प्रिंट कर डाक के जरिए आवेदक के घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। कंपनी का ठेका फरवरी 2024 में पूरा हो रहा है। ऐसे में नई कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें आरटीओ कार्यालय में तैनात आउटसोर्स कंपनी के कर्मियों को शामिल नहीं किया गया। ऐसे में फरवरी के बाद 10 वर्षों से सेवा में लगे कर्मियों का रोजगार छिन जाएगा।

### कोहरे से 12 उड़ानें निरस्त, एक डायवर्ट

लखनऊ। उत्तर भारत में कोहरे का कहर टूटा तो विमानों का परिचालन गड़बड़ा गया। लखनऊ से आने जाने वाली 12 उड़ानें निरस्त हो गईं। एक उड़ान लखनऊ नहीं उतर सकी तो उसे दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। बेंगलुरु की तीन और दिल्ली की दो उड़ानें निरस्त हुई हैं। दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू से लखनऊ आने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों को निराश होना पड़ा। मुम्बई से लखनऊ जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट दोपर 2.13 बजे मुम्बई से रवाना हुई, लेकिन लखनऊ में कोहरे के चलते दिल्ली डायवर्ट कर दी गई। पटना लखनऊ के बीच दो उड़ानें निरस्त रहीं। यात्रियों के अनुसार बीती बुधवार-गुरुवार की रात दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ान रद्द होने के बाद लखनऊ के यात्रियों ने हंगामा किया। इसके बाद यात्रियों को होटल में ठहराया गया। कुछ यात्रियों को बाद में अगली उड़ान से लखनऊ की यात्रा का विकल्प दिया गया। करीब 23 उड़ानें तय समय से लेट रहीं। यह देरी आधे घंटे से लेकर साढ़े तीन घंटे तक की रही। लखनऊ एयरपोर्ट का टर्मिनल भी यात्रियों से खचाखच भरा हुआ था। लखनऊ एयरपोर्ट पर घने कोहरे में विमान उतारने की सुविधा है। इंस्ट्रूमेंटल लैंडिंग सिस्टम कैट-3 बी सक्रिय है। इसके बावजूद इसका उपयोग करने के लिए पायलट के पास इसका लाइसेंस होना चाहिए। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार सभी पायलटों के पास यह लाइसेंस नहीं होता। उम्मीद भी नहीं थी कि कोहरा अचानक जोर पकड़ेगा। ऐसे में लाइसेंस वाले पायलट किसी उड़ान को लेकर दूसरे एयरपोर्ट पर थे।

# धर्मनगरी में होगा 'विकास के नए युग का सूत्रपात': योगी

## प्रधानमंत्री का अयोध्या रोड शो जनता के लिए, जनभावनाओं का हो यथोचित सम्मान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही व दयाशंकर सिंह तथा महापौर अयोध्या सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर यह निर्देश दिए। सीएम को गुरुवार को ही अयोध्या जाकर वहां की तैयारियों की समीक्षा करनी थी, लेकिन मौसम की खराबी की वजह से यह दौरा नहीं हो सका। सीएम अब शुक्रवार को अयोध्या जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 की विदा वेला पर अयोध्या में प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में 'विकास के नए युग के प्रारंभ करने वाली होगी। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं के उपहार भी मिलेगा।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो। पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं। भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों। प्रधानमंत्री के स्वागत को अयोध्यावासी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दें। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री का अभिनन्दन किया जाना है। उनसे संवाद बनाएं। यह रोड शो जनता के लिए है, ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री की होने वाली जनसभा में आसपास के जिलों से डेढ़ से 2 लाख आम नागरिकों के आने की संभावना के मद्देनजर सभी तैयारियां और अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर पर्याप्त पार्किंग ● शेष पेज 11 पर



**तैयारी**

- 30 दिसंबर को देश को मिलेगा एक नया एयरपोर्ट, अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार
- मुख्यमंत्री का निर्देश, अभेद्य हो सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन के लिए बनाएं ठोस कार्ययोजना

### अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब बिक्री पर प्रतिबंध

**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब की बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। परिक्रमा क्षेत्र में स्थित सभी शराब की दुकानें हटाई जाएंगी। ये शराब बंदी सिर्फ 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रहेगी। श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराब बंदी लागू हो चुकी है। राज्य के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बुधवार शाम को पत्रकारों को बताया कि श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराबबंदी लागू हो चुकी है। अब 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में भी शराब नहीं बिकेगी। इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब की दुकानों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ दुकानें हटा भी दी गई हैं। 84 कोसी परिक्रमा पांच जिलों बस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी और अंबेडकरनगर से होकर गुजरती है। परिक्रमा पथ पर एनएच-28, एनएच-27, एनएच-135 और एनएच-330 पड़ते हैं। इस क्षेत्र में 600 से ज्यादा शराब की दुकानें हैं जिन्हें अब हटाया जाएगा।

# मोदी अयोध्या में रेलवे स्टेशन, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के साथ कई योजनाओं का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या के पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन और नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के साथ ही वंदे भारत और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ तथा नगरीय विकास एवं सौन्दर्यीकरण की अनेक योजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी कई अन्य रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे और एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे जहां वह उत्तर प्रदेश में 15 हज़ार 700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 11 हजार 100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं और पूरे उत्तर प्रदेश में अन्य परियोजनाओं से संबंधित लगभग 4600 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी जो अयोध्या और उसके आसपास नागरिक सुविधाओं के सौंदर्यीकरण और सुधार में योगदान देगी।

श्री मोदी का दृष्टिकोण अयोध्या में आधुनिक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास करना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और शहर के समृद्ध इतिहास और विरासत के अनुरूप नागरिक सुविधाओं को पुनर्जीवित करना है। अयोध्या के अत्याधुनिक हवाई अड्डे के पहले चरण को 1450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई



अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा के लिए सुसज्जित होगा। टर्मिनल बिल्डिंग का अग्रभाग अयोध्या के आगामी श्री राम मंदिर की मंदिर वास्तुकला को दर्शाता है। टर्मिनल बिल्डिंग के अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्री राम के जीवन को दर्शाने वाली स्थानीय कला, पेंटिंग और भित्तिचित्रों से सजाया गया है। अयोध्या हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न स्थिरता सुविधाओं से सुसज्जित है।

पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का पहला चरण 240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। तीन मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन की इमारत लिफ्ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा, पूजा की जरूरतों के लिए दुकानें, क्लॉक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हॉल जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश में सुपरफास्ट यात्री ट्रेनों की एक नई श्रेणी - अमृत भारत एक्सप्रेस दरभंगा-अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस और मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। अमृत भारत ट्रेन गैर वातानुकूलित डिब्बों वाली एक एलएचबी पुश पुल ट्रेन है। बेहतर त्वरण के लिए इस ट्रेन के दोनों छोर पर लोको हैं। यह रेल यात्रियों के लिए सुंदर और आकर्षक डिजाइन वाली सीटें, बेहतर सामान रैक, उपयुक्त मोबाइल होल्डर के साथ मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, एलईडी लाइट, सीसीटीवी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली जैसी बेहतर सुविधाएं प्रदान करता है। प्रधानमंत्री छह नई वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इनमें श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, कोयंबटूर-बैंगलूर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, मैंगलोर-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस, जालना-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस और अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। श्री मोदी इस क्षेत्र में रेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 2300 करोड़ रुपये की तीन रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं में रूमा चकेरी-चंदेरी तीसरी लाइन परियोजना, जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी दोहरीकरण परियोजना के जौनपुर-तुलसी नगर, अकबरपुर-अयोध्या, सोहावल-पटरंगा और सफदरगंज-रसौली खंड; और मल्हौर-डालीगंज रेलवे खंड का दोहरीकरण और विद्युतीकरण परियोजना शामिल हैं। अयोध्या में नागरिक ● शेष पेज 11 पर

## ललन सिंह के इस्तीफ़े की अटकलें खारिज


नयी दिल्ली। बिहार में गठबंधन सरकार चला रही जनता दल - यू ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के इस्तीफ़े की अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि पार्टी में सब कुछ सामान्य है और शुक्रवार को राष्ट्रीय कार्यारिणी की बैठक में भविष्य की रणनीतियों पर मंथन किया जायेगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले गुरूवार को यहां पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई । बैठक के बाद पार्टी नेता के सी त्यागी ने संवाददाताओं से कहा कि कल सुबह साढे ग्यारह बजे राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी । उन्होंने कहा कि बैठक में देश की राजनीतिक , सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों पर विस्तार से विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर बैठक में प्रस्ताव भी लाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद करीब तीन बजे पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने श्री ललन सिंह के इस्तीफ़े की अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। इससे पहले बैठक में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी ● शेष पेज 11 पर

# ईडी की चार्जशीट में पहली बार प्रियंका का नाम

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाद्रा द्वारा वर्ष 2005-06 में हरियाणा में एक रियल एस्टेट एजेंट से जमीन के तीन भूखंडों की खरीद मामले की जांच की जा रही है। इसके अलावा ईडी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा द्वारा किए गए जमीन के सौदे की भी जांच कर रही है। ईडी ने हाल ही में इससे जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में दायर किए गए एक आरोपपत्र में यह दावा किया।

ईडी ने इस मामले में नवंबर में अनिवासी भारतीय कारोबारी सी सी थम्पी के खिलाफ एक अदालत के समक्ष आरोप पत्र (अभियोजन शिकायत) दायर किया था। थम्पी का संबंध कथित तौर पर रॉबर्ट वाद्रा और सुमित चड्ढा से बताया जा रहा है। सुमित चड्ढा कथित बिचौलिये संजय भंडारी का एक रिश्तेदार है। हालांकि, ईडी





**धांधली**

- आरोप- फरीदाबाद में 2006 में एजेंट से 5 एकड़ जमीन खरीदी, 2010 में उसी को बेची

ने अपने आरोप-पत्र में रॉबर्ट वाद्रा और प्रियंका गांधी वाद्रा को आरोपी के रूप में नामित नहीं किया है, लेकिन यह पहली बार है कि शिकायत में उनका नाम एक साथ लिया गया है।दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने 22 दिसंबर को इस आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया और मामले को अगली सुनवाई के लिए 29 जनवरी, 2024 को सूचीबद्ध किया। भंडारी 2016 में ब्रिटेन भाग गया था और ब्रिटिश सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कानूनी अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए जनवरी में भारत में उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। दोनों केंद्रीय एजेंसियां विदेश में कथित अघोषित संपत्ति रखने के लिए कथित बिचौलिए भंडारी के खिलाफ धनशोधन और कर चोरी के आरोपों की जांच कर रही है।

ईडी ने अपने आरोप-पत्र में कहा कि 2015 में 67 वर्षीय थम्पी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फ़ेमा) का मामला दर्ज करने के बाद उसे वाद्रा दंपति की जमीन खरीद और बिक्री लेनदेन का पता चला। एजेंसी ने कहा कि रॉबर्ट वाद्रा और थम्पी के बीच ''एक लंबा और गहरा रिश्ता'' मौजूद था। इस मामले में ईडी पहले भी रॉबर्ट वाद्रा से पूछताछ कर चुकी है और उन्होंने जमीन सौदे में किसी भी तरह की गड़बड़ी ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस में हर आदमी की बात सुनी जाती है : राहुल



एजेंसी

नागपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजा महाराजाओं की तरह काम करती है और हर काम के लिए ऊपर के आदेश का पालन किया जाता है, लेकिन कांग्रेस में आम कार्यकर्ता की बात सुनी जाती है और साधारण कार्यकर्ता भी नेतृत्व तक अपनी बात पहुंचा सकता है।

कांग्रेस के 139वें स्थापना दिसव के अवसर पर यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जनता को न्याय नहीं मिल रहा है। देश में दलितों, आदिवासियों, ओबीसी आदि के साथ अन्याय हो रहा है और उन्हें तब तक न्याय नहीं मिल सकता है जब तक देश में जाति के आधार पर जनगणना नहीं होती है। उनका कहना था कि कांग्रेस जब केंद्र में सत्ता में आएगी तो देश में जाति के आधार पर जनगणना की जाएगी। कांग्रेस नफरत के बाजार में मोहब्बत ● शेष पेज 11 पर

# कतर की अपीलीय अदालत ने आठ भारतीय नागरिकों की मौत की सजा कम की : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। कतर की एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनायी गयी मौत की सजा को कम कर दिया है। उन्हें पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था।

विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, 'हमने 'दहारा ग्लोबल' मामले में कतर की अपीलीय अदालत के आज के फैसले पर गौर किया, जिसमें सजा कम कर दी गई है। कतर की अपीलीय अदालत के इस फैसले को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। कुछ हफ्ते पहले ही, दुबई में 'सीओपी28' शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ मुलाकात की थी। एक दिसंबर को हुई मुलाकात के बाद, मोदी ने कहा था कि उन्होंने कतर में भारतीय समुदाय के कल्याण को लेकर चर्चा की।





नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को जासूसी के आरोप में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था और कतर की एक अदालत ने अक्टूबर में उन्हें मौत की सजा सुनायी थी। सभी भारतीय नागरिक दोहा स्थित 'दहारा ग्लोबल' कंपनी के कर्मचारी थे। उनके खिलाफ आरोपों को कतर के अधिकारियों ने सार्वजनिक नहीं किया था। निजी कंपनी कतर के सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। भारत ने इस सजा के खिलाफ पिछले महीने कतर में अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ आज अपीलीय अदालत में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से उनके साथ खड़े हैं और हम उन्हें सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाते रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है और वह अगले कदम के बारे में फैसला करने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में है। उसने कहा, 'इस मामले की कार्यवाही की प्रकृति गोपनीय और संवेदनशील होने के कारण, इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। इन आठ पूर्व नौसैनिकों में कैप्टन नवतेज गिल भी शामिल हैं। उन्हें राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था जब उन्होंने नौसेना अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी। बाद में उन्होंने तमिलनाडु के वेलिंग्टन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज में प्रशिक्षक के तौर पर भी कार्य किया। इन पूर्व नौसैनिकों में कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, अमित ● शेष पेज 11 पर

# पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे भारत एवं रूस

## पुतिन ने जयशंकर से कहा, 'मौजूदा उथल-पुथल' का हमारे रिश्तों पर असर नहीं

एजेंसी

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दुनिया में 'वर्तमान उथल-पुथल' के बावजूद रूस के भारत और उसके लोगों के साथ संबंध 'लगातार आगे' बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत में अगले आम चुनाव के बाद भले 'कोई भी राजनीतिक समीकरण' बने लेकिन दोनों देश अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे।

पुतिन ने यह टिप्पणी बुधवार को तब की जब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने क्रेमलिन में उनसे मुलाकात की। पुतिन ने कहा, ''हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक दोस्तों, भारत और भारतीयों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह



कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। पुतिन ने कहा, ''हम प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के रुख को जानते हैं और हम यूक्रेन की स्थिति, उनकी चिंताओं और जटिल प्रक्रिया के संबंध के बारे में लगातार बातचीत की है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ''मैंने उन्हें इस संघर्ष की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है। मैं इस समस्या को शांतिपूर्वक तरीके से हल करने के लिए सब कुछ करने की उनकी इच्छा के बारे में जानता हूं, लेकिन अब हम इसके बारे में और बात करेंगे। हम आपको इस स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी प्रदान करेंगे। पुतिन ने कहा कि उन्हें 'हमारे मित्र' प्रधानमंत्री मोदी के रूस आने पर खुशी होगी। उन्होंने कहा, ''हमें मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करने और रूसी-भारत संबंधों के विकास की संभावनाओं पर बात करने का अवसर मिलेगा। हमें विभिन्न विषयों पर बात करनी है। राष्ट्रपति ने कहा, ''इसलिए मैं आपसे (विदेशमंत्री जयशंकर) कहना चाहूंगा कि आप उन्हें मेरी शुभकामनाएं दें और कृपया उन्हें हमारा निमंत्रण दें, हम रूस में उनसे मुलाकात की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत का घरेलू राजनीतिक कैलेंडर सरल नहीं है। अगले साल पांचवी बार राष्ट्रपति पद के लिए मैदान में उतरने जा रहे पुतिन ने कहा, '' भारत में संसद के चुनाव होंगे। हम भारत में अपने दोस्तों की सफलता की कामना करते हैं। हमारा मानना है कि भले वहां कोई राजनीतिक समीकरण बने हम अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखेंगे। क्रेमलिन द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से व्यक्तिगत शुभकामनाएं दीं और पुतिन को एक पत्र भी सौंपा, जिसमें उन्होंने भारत-रूस सहयोग की स्थिति और हाल के दिनों में दोनों पक्षों द्वारा की गई प्रगति के बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं। जयशंकर ने पुतिन से यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगले साल रूस की यात्रा के लिए उत्सुक हैं। क्रेमलिन की विज्ञप्ति में जयशंकर के हवाले से कहा गया, ''मुझे यकीन है कि हम एक ऐसी तारीख ढूंढ लेंगे जो दोनों देशों के राजनीतिक कैलेंडर के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक हो। तो यह निश्चित रूप ● शेष पेज 11 पर

# उप्र: दो माफियाओं के लिए अच्छा नहीं रहा वर्ष 2023

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार में वर्ष 2023 को दो माफियाओं के लिए अच्छा नहीं माना गया। इसमें पहले नम्बर पर माफिया अतीक अहमद, जो अब इस दुनिया में नहीं है। वहीं दूसरे नम्बर पर माफिया मुख्तार अंसारी बांदा जेल की तन्हाई बैरक में सजा काट रहा है। हालांकि आपराधियों के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए पुलिस पूरे साल कार्रवाई करती रही। लगातार कार्रवाई के चलते कई अपराधी मारे गए और कई को पकड़ते हुए कठोर कार्रवाई की गई।

वर्ष 2023 की शुरुआती दिनों में फरवरी माह में विधानसभा सत्र जारी था। प्रयागराज की धरती पर बसपा विधायक राजूपाल हत्या के मुख्य गवाह और अधिवक्ता उमेश पाल को माफिया अतीक अहमद के इशारे पर गोलियों से भून दिया गया। इसका असर विधानसभा सत्र में 25 फरवरी को हुआ, तभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में प्रयागराज की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद यूपी पुलिस की उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने माफिया अतीक अहमद पर शिकंजा कसना शुरु किया। स्पेशल टास्क फोर्स के डीआईजी अनंत देव तिवारी के नेतृत्व वाली टीम में शामिल पुलिस उपायुक्त नवेन्द्रु कुमार एवं पुलिस उपायुक्त विमल कुमार की टीम ने 13 अप्रैल को झांसी में अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद की सूचना मिली। एसटीएफ टीम द्वारा घेराबंदी कर झांसी में असद और गुलाम को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया। असद और गुलाम के एनकाउंटर की चर्चा उत्तर प्रदेश में हो रही थी, कि तभी कम उम्र के तीन शूटरों ने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को प्रयागराज के काल्विन हास्पिटल में गोली मार दी। मीडिया कर्मी की तरह दिख रहे शूटरों ने अपना काम करने के बाद वहां सरेंडर भी कर दिया। अतीक अहमद की मौत की खबर प्रयागराज से लखनऊ तक पहुंची तो हड़कम्प मच गया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल ही प्रदेश के कानून व्यवस्था से जुड़े तमाम अधिकारियों को बुलाकर बैठक की। अतीक गैंग के कुछ और शूटर एनकाउंटर में ढेर हुए लेकिन सबसे खतरनाक माना गया गुड्डू मुस्लिम उर्फ बमबाज गुड्डू पकड़ में नहीं आया। गुड्डू मुस्लिम की तलाश में उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स के टीमें लगी हुई हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के माफिया विरोधी अभियान में मुख्तार अंसारी का नाम सबसे ऊपर आता है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में माफिया मुख्तार अंसारी का नाम मऊ, घोसी और गाजीपुर के चुनावों में आता ही है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मुख्तार पर प्रहार कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ संदेश दिया है। बावजूद अभी भी मऊ, घोसी और गाजीपुर में मुख्तार अंसारी और उसके गैंग के लोगों की राजनीतिक पकड़ बरकरार है। गाजीपुर लोकसभा सीट से सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर मामले में चार वर्षों की सजा होने के बाद सुप्रीम कोर्ट से अफजाल को राहत मिल गयी है। अफजाल अंसारी की चली गयी संसद सदस्यता फिर से बहाल हो गयी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने अफजाल अंसारी के संसद सदस्यता पर फैसला सुनाते हुए अंतरिम रोक लगा दी है। चुनाव लड़ने पर रोक लगने के बाद से माफिया मुख्तार अंसारी पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से लखनऊ स्थित जेल मुख्यालय में दिन-रात नजर रखी जा रही है। मुख्तार अंसारी का नाम जिन बड़े मुकदमों में आता रहा है, उनमें ज्यादातर में उसे सजा हो चुकी है। यहां तक वाराणसी में अवधेश सिंह हत्या मामले में भी अब मुख्तार अंसारी दोषी सिद्ध हुआ है। मुख्तार अंसारी के आर्थिक साम्राज्य का अंत करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने उसकी बेनामी सम्पत्तियों की जांच करायी है। जिसमें अवैध बिल्डिंगों पर बुलडोजर चला कर प्रदेश में माफिया विरोधी संदेश भी दिया गया है। मुख्तार से जुड़े बिल्डरों की अवैध रुप से बनायी गयी सम्पत्तियों की जांच कर उसके विरुद्ध भी कार्रवाई हो रही हैं। इसके अलावा स्पेशल टास्क फोर्स के निशाने पर माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर हैं और जिनकी सूचनाओं पर फोर्स कार्रवाईयां कर रही है। माना जा रहा है कि वर्ष 2024 में जहां एक ओर लोकसभा चुनाव है तो दूसरी ओर माफिया मुख्तार अंसारी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के एक्शन और भी तेज होंगे। मुख्तार अंसारी के परिवार के सदस्यों के चुनाव लड़ने की पूरी सम्भावनाएं जतायी जा रही हैं। ऐसे में वर्ष 2024 में माफिया विरोधी अभियान के सामने दोगुनी चुनौती रहेगी।

# लखनऊ की सात महिला रचना धर्मियों को गहमरी सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की महिला साहित्यकार एवं कलाकार ज्योति किरन रतन श्रीमती सरोज सिंह साहित्य सरोज सम्मान-23 और कनक वर्मा, डा. अपूर्वा अवस्थी, गीतिका श्रीवास्तव, निशा मोहन, रीता श्रीवास्तव और जाह्नवी अवस्थी को गोपालराम गहमरी सम्मान से गहमर गाजीपुर में सम्मानित किया गया है। इन रचनाकारों ने बताया कि से गहमर वेलफ़ेयर सोसायटी और साहित्य सरोज पत्रिका पिछले आठ वर्षों से हर वर्ष दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में त्रिदिवसीय साहित्यिक महोत्सव करती आ रही है।

सम्मानित रचनाकारों ने बताया कि दो सौ से अधिक उपन्यास, सैकड़ों कहानियां एवं गीत हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी में लिखने वाले पहले हिन्दी जासूसी उपन्यासकार एवं पत्रकार गोपालराम गहमरी की स्मृति में उनके पौत्र अखण्ड गहमरी के संयोजन में होने वाले इस नवें समारोह में आठ प्रदेशों के साहित्यकर्मी उपस्थित थे। आयोजन में प्रतिवर्ष हिन्दी काव्य, गद्य, समाजसेवा, लोक संस्कृति, भाषा-बोली, रंगमंच, गैर हिन्दी भाषी क्षेत्र में रहकर हिन्दी में कार्य एवं उसके प्रचार प्रसार एवं विदेशों में रह कर हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए कुल 40 सम्मान प्रतिवर्ष दिये जाते हैं। भागीदारी करने वालों में संतोष शर्मा, डॉ. लक्ष्मीराज उज्जैन, कुमारी ईशिका उज्जैन, विनोद कुमार विक्की खगड़िया, क्रिस्टल किसलय, ज्योति कुशवाहा गाजीपुर, प्रियंका खंडेलवाल मथुरा, तारिका खंडेलवाल मथुरा, ओम जी मिश्र लखनऊ, राजेश कुमार भटनागर जयपुर, डाक्टर पुष्पा सिंह नई दिल्ली, दया शंकर प्रसाद प्रयागराज, मीना सिंह मध्यप्रदेश, गोपकुमार मिश्र जयपुर, डा.बृजेशकुमार गुप्त महोबा, संतोष शर्मा शान हाथरस, हिन्दू राजन भोपाल, शशिकांत मिश्र पूर्वी चम्पारन, डा.पंकज सिंह पटना, डा.निशा शर्मा बरेली, कुमकुम काव्यकृति मुंगेर, विनय राय बबुरंग गाजीपुर, गणेश शर्मा विद्यार्थी आगरा, प्रणाम पर्यटन लखनऊ, सुनीलदत्त मिश्रा बिलासपुर, डा.आलोक प्रेमी बांका आदि अनेक रचनाकार शामिल रहे।

# समाजवादी हमेशा उठाते रहे हैं पीडीए और आधी आबादी की बात : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) और आधी आबादी की बात हमेशा समाजवादी लोग उठाते रहे हैं। सबसे ज्यादा गैर बराबरी का सामना अगर किसी को करना पड़ता है तो वे हमारी यही माताएं-बहनें हैं। सबसे ज्यादा असुरक्षित महिलाएं कहीं दिखाई दे रही हैं तो उत्तर प्रदेश में है।

यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में कही। वे महिला सभा सम्मेलन को गुरुवार को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो चुनाव होने जा रहा है 2024 का, समाजवादी महिला संगठन पूरी ईमानदारी के साथ पार्टी को जिताने का काम करेगा।

अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा के चुनाव के लिए लगातार तैयारी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी को 80 सीटें हराने का काम यही गठबंधन करेगा। 80 सीटें हराओ, देश से भाजपा को हटाओ, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ और नारी सम्मान बचाओ। सपा अध्यक्ष ने पुलिस भर्ती मामले को लेकर कहा कि उम्र को लेकर पूरे प्रदेश के नौजवान आक्रोश में थे, कम से कम सरकार ने स्वीकार कर लिया। यह नौजवानों के आक्रोश से डरते हैं, क्योंकि चुनाव करीब है इसलिए नौकरी की बात की है लेकिन रिजल्ट वोट पड़ने के बाद भी नहीं आएगा। उल्लेखनीय है कि आज समाजवादी पार्टी ने महिला सभा सम्मेलन का आयोजन किया था। इस दौरान राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, महानगर से पार्टी की महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी को आधी आबादी की उपयोगिता को समझाया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिला मतदाताओं को सपा से जोड़कर सपा के पक्ष में मतदान कराएं और प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने में सहभागी बनें। इस अवसर पर डिंपल यादव, जूही सिंह, राजेन्द्र चौधरी समेत प्रदेश भर से आईं महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# बीएचयू के शोधकर्ताओं ने की रस्ट फंगस के एक नए फैमिली की खोज

एजेंसी



वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं को बड़ी सफलता मिली है। विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. राघवेन्द्र सिंह, डॉ. आरएन खरवार एवं उनकी टीम ने रस्ट फंगस (जंग कवक) के एक नए फैमिली निसोप्सोरेसी की खोज की है। शोधकर्ताओं में संजय यादव, सौम्यदीप राजवर, संजीत कुमार वर्मा, गार्गी सिंह (गोरखपुर विवि), डॉ. शैलेंद्र गुप्ता (गोरखपुर विवि) एवं केरला वन अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शंम्भू कुमार शामिल हैं।

शोधकर्ताओं ने उत्तराखंड के चमोली जिले से दिसंबर 2018 में टूना साइनेंसिस की जीवित पत्तियों पर खोजी गई जंग कवक निसोप्सोरा टूना की एक नई प्रजाति का वर्णन और चित्रण किया है। इसमें कोशिकाओं की एक विस्तृत शृंखला और विविध टेलियोस्पोर आकार पाया गया। रस्ट फंगस की किसी अन्य प्रजाति में ऐसी विशेषताएं रिपोर्ट नहीं की गई हैं। आणविक डेटा पर आधारित फ़ाइलोजेनेटिक विश्लेषण में और रूपात्मक अंतर के आधार पर सभी निसोप्सोरा को एक साथ क्लस्टर किया गया और एक अलग एवं स्वतंत्र मोनोफ़ाइलेटिक वंशावली को समायोजित करने के लिए नया परिवार निसोप्सोरेसी स्थापित किया गया है। निसोप्सोरा की सभी वैध रूप से स्वीकृत प्रजातियों की रूपात्मक विशेषताओं और भौगोलिक वितरण की तुलना भी की गई है। यह शोध कार्य प्लांट पैथोलॉजी बीएंडआर इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी कोऑपरेशन बेस, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, गुइझोउ यूनिवर्सिटी, पीआर चीन की ओर से मशरूम रिसर्च फाउंडेशन द्वारा जर्नल ऑफ फंगल बायोलॉजी में 26 दिसंबर 2023 को प्रकाशित हुआ है। जंग कवक विश्व स्तर पर 7000 से अधिक प्रजातियों वाला एक मोनोफिलेटिक समूह हैं।

# लोकतंत्र की रक्षा की खातिर हर शुक्रवार को जेल में उपवास करेंगे संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- आप कार्यकर्ता भी भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर करेंगे उपवास
- सांसद की रिहाई होने तक जारी रहेगा आप कार्यकर्ताओं का उपवास अभियान

लखनऊ। आप सांसद संजय सिंह जेल के अंदर ही भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हर शुक्रवार को उपवास करेंगे। संजय सिंह ने जेल से देश की रक्षा हेतु एकजुट रहने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा की संभव हो तो हर जाति-धर्म के लोग हफ्ते में एक दिन भारत माता को माल्यार्पण कर उपवास करें। यह हमारे मनोबल को दृढ़ एवं हमारे संकल्प को मजबूती देगा।

संजय सिंह ने कहा कि देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए जेपी जैसे आंदोलन की पुनरावृत्ति होनी आवश्क है। महंगाई, बेरोजगारी, कुशासन एवं तानाशाही से पूरा देश त्रस्त है। इस लड़ाई के लिए हमें सड़क से लेकर जेल तक लड़ना होगा। जिसकी शक्ति हमें हमारी भारत माता, जो हमारी शक्ति माता भी हैं, उनके आशीर्वाद से ही संभव है। सांसद के संदेश के बाद पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर हर शुक्रवार को सभी जिलों में भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आप कार्यकर्ता उपवास करेंगे। ये जानकारी प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र सिंह ने दी है।

आप नेता महेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता एवं जनहित कार्यों से घबराई हुई है। वह आप नेताओं की गिरफ्तारी के द्वारा पार्टी के बढ़ते कदमों को रोकने की नाकाम कोशिश कर रही है। इसी क्रम में सांसद संजय सिंह को फर्जी आरोप में फंसा कर 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसके बाद भी सांसद संजय सिंह ने लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई नहीं छोड़ी। जेल में रहते हुए भी सामाजिक कार्यों के लिए वह तत्पर है।

# खाटू श्याम बाबा के भव्य जागरण व भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। तेलीबाग के शनिदेव मन्दिर चौराहे बुधवार को श्री खाटू श्यामबाबा का पहला विशाल जागरण आयोजित किया गया। जागरण में आए कलाकारों ने भजन और नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।भीषण ठंड के बावजूद धार्मिक आयोजन में श्री खाटू श्याम भक्तों के जनसैलाब से बाबा का पूरा दरबार भर गया। हारे का सहारा जय श्री खाटू श्याम के जयकारे की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में श्री खाटूश्यामजी की पूजा अर्चना पूर्व पार्षद एवं किसान नेता अनार सिंह अन्नू के द्वारा की गई।तत्पश्चात शिवा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भक्तिमय संगीत की प्रस्तुतियां दी गयी,भक्ति मय संगीत ने शमां बांध दिया और लोगों ने जम कर जयकारे लगाए।मथुरा वृन्दावन से आए करनछलिया ग्रुप के कलाकारों के द्वारा कृष्ण और गोपिकाओं के नृत्य की प्रस्तुति देख लोग आत्मविभोर हो गए और कलाकारों के साथ मिलकर भक्ति संगीत पर जम कर नृत्य किया।कार्यक्रम में भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सूचना आयोग के सूचना आयुक्त पद के प्रबल दावेदार जितेन्द्र बहादुर सिंह ने वरिष्ठ पत्रकारों एल एल त्रिपाठी ,पम्मी बाजपेयी ,मुकेश बाजपेयी ,सी बी,पाण्डेय, शक्तिधर त्रिपाठी , के साथ हाजिरी लगाई,आयोजक टीम ने पुष्प माला पहनाते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पतंजलि यादव ने भी प्रतिष्ठित व्यापारियों संग खाटूश्यामजी के दरबार में माथा टेका।कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के जिम्मेदार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में आशीष मामा,नितिन,अमित सैनी, गुप्ता,शानू,आलोक मिश्रा,दिनेश यादव,पीएन दूबे एवं विपिन यादव बीनू को मंच पर मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। बृहस्पतिवार को भंडारे के आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# केपी ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सम्मान करेगा कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । देश के जाने-माने केपी ट्रस्ट में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर डा. सुशील सिन्हा की बड़ी जीत से उत्साहित कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय ने उनका लखनऊ में सम्मान करने का निर्णय लिया है।

कायस्थ संघ अन्तरराष्ट्रीय के प्रधान कार्यालय गोमती नगर लखनऊ में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में संस्था के संयोजक डॉ. सुशील कुमार सिन्हा के कायस्थ पाठशाला 2023 चुनाव में अध्यक्ष पद पर हुई शानदार जीत ' विजय दिवस' के रूप में मनायी गयी, जिसमें सभी पदाधिकारियों/ सदस्यों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी जनवरी-2024 के द्बितीय शनिवार व रविवार को लखनऊ कायस्थ समाज द्बारा उन के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष दिनेश खरे ने की। बैठक में अजय श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश, संजय अस्थाना, पंकज, सुधीर, नंद किशोर, अतुल, राजेश , प्रमिला, नीलम, विभा, रंजना सहित काफी सदस्यों ने भाग लिया।

# सरयू में आस्था की डुबकी को और सुरक्षित बना रही सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं व बोटिंग करने वाले पर्यटकों की सुरक्षित यात्रा को किया जा रहा सुनिश्चित
- श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ ही बढ़ती चुनौती से पार पाने को तैयार है जल पुलिस
- कई उपकरणों से लैस है जल पुलिस, कई नए उपकरण भी जल्द ही आएंगे
- 22 जनवरी को होने वाले लोकार्पण समारोह में घाट पर होने वाले मूवमेंट को लेकर जल पुलिस ने की है तैयारी




लखनऊ। 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या के प्रति श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ा है। आस्था के केंद्र रामलला को भव्य गर्भगृह में विराजमान देखने की लालसा लिए असंख्य श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या की तरफ खिंचे चले आ रहे हैं। पवित्र सरयू में स्नान, तर्पण, आचमन समेत विभिन्न अनुष्ठानों की पूर्ति तथा घाटों के सौंदर्यीकरण का साक्षी बनने की चाह लिए देश भर से श्रद्धालुओं का तांता सरयू के समस्त घाटों की ओर भी बढ़ रहा है। ऐसे में, श्रद्धालुओं की भीड़ का उचित प्रबंधन, मार्गदर्शन तथा किसी अप्रिय परिस्थिति में तत्काल समाधान उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने अयोध्या में जल पुलिस की तैनाती की गई है। उल्लेखनीय है कि वाराणसी, प्रयागराज, मीरजापुर के बाद अयोध्या वह चौथा शहर है, जहां के घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जल पुलिस की तैनाती की गई है। 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात सौंपने के बाद अयोध्या के प्रति श्रद्धालुओं के आकर्षण में और वृद्धि होगी। वहीं 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए देश-दुनिया से आने वाले वीवीआईपी के घाटों पर होने वाले मूवमेंट को लेकर भी जल पुलिस ने विविधत तैयारियां कर रखी हैं। फिर बात चाहे नया घाट के सौंदर्यीकरण की हो, गुप्तार घाट पर वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स एक्टिविटी की हो या फिर जमथरा घाट समेत समस्त घाटों पर किसी अप्रिय स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जरूरत हो, जल पुलिस इन सभी विषयों को लेकर न केवल तैयार है, बल्कि विस्तृत कार्ययोजना के तहत कार्यप्रणाली को विस्तारित करने की दिशा में प्रयासरत है। एक हेड कॉन्स्टेबल व 19 कॉन्स्टेबल ड्यूटी पर हैं। सुरक्षा उपकरण 4 बोट, चार इंजन (50 एचपी), 10 थ्रो बाल, 10 लाइफ ब्वाय रिंग, 15 लाइफ जैकेट, 10 रेस्क्यू ट्यूब व 2 ड्रैगन लाइट की व्यवस्था है। इसके साथ ही एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) की दो प्लाटून है, जिसमें 35 लोग तैनात हैं। वहीं 20 जनवरी तक अन्य सुविधाएं बढ़ाई जानी संभावित हैं। इसमें छह बोट, लाइफ जैकेट व अन्य जरूरी उपकरण बढ़ने की संभावना है। नयाघाट से गुप्तारघाट तक यह जवान मुस्तैद रहते हैं। 2019 में अयोध्या में जल पुलिस की तैनाती की गई। चार वर्षों में 400 से अधिक लोगों को जल पुलिस बचा चुकी है। दुर्घटनावश नदी के गहरे पानी में उतर जाने वाले लोग, बाढ़ग्रस्त इलाकों में संकट में फंसे लोगों के लिए भी जल पुलिस उम्मीद की किरण की तरह कार्य करती है। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण इनकी चुनौती और बढ़ेगी। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है, इस पर कार्य भी जारी है।

# सुरसागर तृतीय में मंच पर उतरे संगीत और नृत्य के रंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्कर्ष, लखनऊ के संगीत आयोजन सुरसागर तृतीय में सुगम संगीत और नृत्य के अनेक रंग दिखाई दिये। युवा प्रतिभागियों के साथ ही बाल प्रतिभाओं और वयस्क प्रतिभागियों ने भी मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। पार्क रोड स्थित जेसी कैफ़े के हाल में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में पचास से अधिक प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। मुख्य आयोजक अनिल तिवारी के अनुसार इस बार के सुरसागर आयोजन में नववर्ष 2024 के उत्साह को देखते हुए स्पेशल कंपोनेंट प्रोग्राम के रूप में स्मार्ट माडलिंग ब्रेकथ्रू के रूप में माडलिंग क्षेत्र में प्रवेश के लिए उत्साहित युवाओं को उत्कर्ष लखनऊ ने अपना मंच प्रदान किया है।इस बार के सफल माडलिंग आयोजन से उत्साहित होकर संस्थान आने वाले समय इस दिशा में बड़ा आयोजन करेगा।

सुरसागर तृतीय के संगीत प्रतिभागियों के लिये निर्णायक के रूप में भातखंडे विश्वविद्यालय के पूर्व गायन गुरु राहुल अवस्थी और शास्त्रीय गायिका तान्या भारद्वाज मौजूद रहीं। नृत्य प्रतिभागियों की क्षमता का निर्धारण तान्या भारद्वाज और शैल ने किया। माडलिंग निर्णायक के रूप में शालिनी सिंह और भूषण मौजूद रहे। लगभग पांच घंटे तक लगातार चले इस कार्यक्रम के उपरांत गायन क्षेत्र में डा.मोती राका सिन्हा को प्रथम, ऋषु कुमार अग्रहरि द्वितीय और तस्फिया फतीम को तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। नृत्य के लिए अतुल को प्रथम, शगुन कुमारी द्वितीय और स्नेहा रस्तोगी को तृतीय स्थान दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अभिनेत्री पूनम बिष्ट ने नृत्य प्रतिभागियों को सम्मानित कियाऔर आमिर ने संगीत क्षेत्र की प्रतिभाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किये।माडलिंग प्रतिभागियों को राजन गुप्ता और रामजी मिश्रा ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में एक्यूपंक्चर के वरिष्ठ चिकित्सक डा.जी पार्थ, श्रीमती किरण भारद्वाज,देवेश तिवारी, अनीता मिश्रा ने कार्यक्रम को सफल बताते हुए आयोजक संस्था उत्कर्ष लखनऊ और सभी प्रतिभागियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर विदा किया।

# बांस बल्लियों के सहारे चल रही 300 मीटर विद्युत लाइन

## सालों से दौड़ रही जानलेवा विद्युत लाइन के बावजूद अनदेखी कर रहा विद्युत विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर । राजधानी के विद्युत वितरण निगम शेष वन के गहरु पावर हाउस से पोषित रसूलपुर फीडर के अंतर्गत भटगांव में करीब 300 मीटर विद्युत लाइन बांस बल्लियों के सहारे चल रही है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगता है आंख मूंद कर हादसे का इंतजार कर रहे हैं। एक ओर सरकार विद्युत व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर प्रतिबद्ध है मुख्यमंत्री से लेकर ऊर्जा मंत्री तक आए दिन बिजली की समस्याओं के निराकरण के लिए बैठक कर अधिकारियों को दिशा निर्देशित करते हैं। समस्याओं के निराकरण के लिए मोटी रकम के खर्च का भी प्रावधान है बावजूद अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में जो व्यवस्थाएं हैं जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति में बड़ी बाधा उत्पन्न होती है। ग्रामीणों को पर्याप्त समय तक बिजली नहीं मिलती किसानों को भी बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है किंतु विभाग के अधिकारियों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता वह अपने मुनाफ़े की खातिर विद्युत लाइन को बांस बल्लियों पर भी दौड़ाने में परहेज नहीं करते जबकि इस प्रकार की लाइनों से करंट उतरने से कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेने की पोल से 40 मीटर की दूरी निर्धारित की गई है इसके अलावा यदि दूरी ज्यादा है तो उपभोक्ता को स्वयं एस्टीमेट बनवाकर विभाग में जमा करना होता है तब जाकर उपभोक्ता का कनेक्शन विभाग द्वारा पास किया जाता है किंतु विभाग के बने इस नियम को विभाग के कर्मचारी ही पलीता लगाते हैं और खुद करीब 300 मी विभाग की विद्युत लाइन बस बलियो के सहारे दौड़ाने के अलावा उपभोक्ता से पैसे लेकर लाइन को बांस बल्लियों के सहारे दौड़ा रहें हैं भले ही बाद में इस लाइन से कोई बड़ा हादसा हो जाए इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। साधारण उपभोक्ता जहां कनेक्शन के लिए दर-दर भटकता रहता है वहीं पैसे के दम पर कर्मचारियों से मिली भगत से कर्मचारी इस प्रकार बांस बल्लियों के सहारे लाइन दौड़ाने से परहेज नहीं करते हैं। साधारण उपभोक्ताओं को 40 मीटर का नियम विभाग द्वारा बताया जाता है परंतु विभाग के नाक के नीचे करीब 300 मीटर की बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही लाइन विभाग के आला अधिकारियों सहित कर्मचारियों को नहीं दिखाई पड़ती है या शायद वह अपनी जेब भरने के खातिर ग्रामीणों की जान जोखिम में में भी उनको कोई परहेज नहीं है।

# बहरौली पहुंची भारत विकसित संकल्प यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ।भारत विकसित संकल्प यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है।यह कार्यक्रम अमेठी मण्डल के बहरौली गांव पहुंच गई । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान रहे।मोहन लाल गंज विधायक अमरेश कुमार रावत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, अवध क्षेत्र पूर्व जिला महामंत्री भाजपा वीरेन्द्र कुमार रावत ,जिला महामंत्री भाजपा राज कुमार वर्मा, मण्डल अध्यक्ष बजरंग बर्मा ,ग्राम प्रधान निशा वर्मा ,सन्तोष वर्मा ,प्रधान प्रतिनिधि प्रणवीर सिंह, ज्योति गुप्ता सहित सभी ग्रामवासी, विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस आयोजन में विधायक द्वारा विकसित संकल्प यात्रा के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। वीरेंद्र कुमार रावत ने समापन भाषण मे यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय कल्याण मंच और उसके सहयोगी संगठनों ने ईको गार्डे न मे दिया धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।लखनऊ का नाम बदलने के विरोध में राष्ट्रीय कल्याण मंच सहित उसके सहयोगी अन्य कई सामाजिक संगठनों की ओर से ईको गार्डन में धरना प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शनकारियो ने पुलिस उपायुक्त, जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री एवम् उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को ज्ञापन भेजा गया। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद कुमार रावत ने बताया लखनऊ को बसाने वाले महाराजा लाखन पासी हैं। यह शहर आपने आप में एक सभ्यता है। एक संस्कृति है। इसी लिए इस शहर को लखनऊ ही रहने दिया जाय। उन्होंने कहा कि सरकार को अगर लखनऊ का नाम बदलना ही है तो उसे लाखन पासी के नाम पर रक्खा जाय।इस कार्यक्रम में लक्ष्मी प्रसाद रावत, रमाशंकर भीम, अध्यक्ष पासी एक मोर्चा ,देवेन्द्र भीम राज ,अध्यक्ष भीम युवा संगठन , देवा रावत अध्यक्ष बहुजन आर्मी, उमेश कुमार रावत अध्यक्ष वीरांगना, ऊदा देवी पासी समिति, राष्ट्रीय गायक आनन्द राज, बोधराम पासी, सन्त प्रकाश रावत, विशाल पिंटू रावत,सुनील कुमार रावत सदस्य जिला पंचायत उन्नाव, मनोज कुमार रावत, रोहित गौतम, एडवोकेट अनूप पासी, गुड्डन राज पासी अध्यक्ष बहुजन एकता मंच प्रताप गढ़, श्रवण कुमार रावत, राम सागर रावत, पार्षद सुनील कुमार रावत, विश्राम राज पासी समदर्शी सहित अन्य बहुत से लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज की दीक्षा केसरवानी ने जीती लखनऊ क्रिकेट स्कॉलरशिप

बीकेटी,कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ के बक्शी का तालाब स्थित एसएआर क्रिकेट ग्राउंड पर निशुल्क लखनऊ क्रिकेट स्कॉलरशिप(महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रयागराज की रहने वाली दीक्षा केसरवानी को 1साल की क्रिकेट स्कॉलरशिप के लिए चुना गया।लखनऊ क्रिकेट स्कॉलरशिप के डायरेक्टर सरोज यदुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के कई जिलों के होनहार महिला क्रिकेट प्रतिभागियों ने स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।उन्होंने कहा मेरा मुख्य उद्देश्य है कि वो होनहार प्रतिभागी जिनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहें है उन होनहार प्रतिभागियों के लिए इस तरीके की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है,जिसमें चयनित महिला प्रतिभागी क्रिकेटर को एक साल तक फ्री हॉस्टल,फिजियोथेरोपी,क्रिकेट ट्रेनिंग से संबंधित सभी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाती है,गुरुवार को संपन्न हुई लखनऊ क्रिकेट स्कॉलरशिप में प्रायगराज की रहने वाली होनहार महिला प्रतिभागी दीक्षा केसरवानी का चयन किया गया।दीक्षा के पूरे 1 साल की हॉस्टल फीस और क्रिकेट से संबंधित सभी सुविधाओं को लखनऊ क्रिकेट स्कॉलरशिप द्वारा निशुल्क प्रदान प्रदान करवाया जायेगा।स्कॉलरशिप के लिए चयनित की गई दीक्षा केसरवानी ने कहा कि अच्छे क्रिकेटर बनने के लिए सबसे पहले अच्छे अकादमी का चयन और अच्छे कोच से प्रशिक्षण प्राप्त कर उनके निर्देशन में अगर आप खेलेंगे तो बहुत आगे तक जा सकते हैं,इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं एक बहुत गरीब परिवार से हूं मुझे क्रिकेट में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रुपयों से लेकर अन्य बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन मेरा चयन लखनऊ क्रिकेट स्कॉलरशिप में हुआ है,एलसीएस के सपोर्ट और मेहनत के बदौलत इंटरनेशनल लेवल तक पहुंचने का भरसक प्रयास करूंगी।लखनऊ क्रिकेट स्कॉलरशिप (महिला) का फाइनल मैच एलसीएस ब्लू व एलसीएस यलो के मध्य खेला गया जिसमें एलसीएस यलो ने बाज़ी मारी।वही आयोजित प्रतियोगिता में प्लेयर ऑफ़ द मैच सौम्या मोहन चुनी गई।इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्ण रणजी खिलाड़ी श्रीमती राधिका चंद्रा ने मौजूद प्रतिभागी क्रिकेटरों को क्रिकेट के टिप्स दिए और उनका हौसला अफजाई किया।इस मौके पर पूर्व रणजी खिलाड़ी अभिनव दीक्षित सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के द्वारा तहसील परिसर में किया गया धरना प्रदर्शन


कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले लखनऊ मंडल अध्यक्ष के के सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो आक्रोशित किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, के खिलाफ नारेबाजी कर कहा कि वर्तमान में भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही न किए जाने से तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवो में तमाम सरकारी जमीनों को अवैध रूप से कब्जा किया जा चुका है लेकिन कई बार शिकायतों के बावजूद तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जा रही है। 20 सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसान नेताओं ने कहा कि तहसील प्रशासन द्वारा बार-बार किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर वादे किए जाते हैं लेकिन किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु किसी ने ध्यान नहीं दिया। धरना प्रकाश की सूचना पर मौके पहुंचे उप जिलाधिकारी सचिन कुमार वर्मा ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझा बुझा कर शांत कराया और उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन में समस्याओं को शीघ्र निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया तब जाकर किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। किसान नेताओ ने चेतावनी भी दी कि अगर मांगों को लेकर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आगामी दिनों में फिर से किसानों के द्वारा बड़ी मात्रा में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# सीएच सीपर डॉक्टर ने नहीं बनाया दुर्घटना ग्रस्त युवक के इलाज का पर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इमरजेंसी रोगियों/दुर्घटना ग्रस्त लोगो के इलाज का पर्चा नहीं बनाया जाता है।इस बात का खुलासा 27 दिसंबर 2023 को भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान सिंह यादव द्वारा किया गया। उनके अनुसार 22 दिसंबर 2023 को उनका पौत्र ज्ञानेंद्र (21) पुत्र हिम्मत सिंह लखनऊ शहर अपनी मोटर साइकिल से ड्यूटी करने जा रहा था। वह गोसाईगंज कस्बे से लगभग एक किलोमीटर दूरी पर स्थित बलिया एक्ट प्रेस वे के पास पहुचा था। वहीं उसके आगे चल रही एक टैक्सी (विक्रम) के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दी।इस स्थिति के लिए ज्ञानेंद्र तैयार नहीं था। उसने सामने टैक्सी रूकी देखकर अपनी मोटर साइकिल को रोकने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाया और दुर्घटना ग्रस्त हो गया।भाकियू नेता के अनुसार ज्ञानेंद्र को इलाज हेतु घायल अवस्था में गोसाईगंज सी एच सी ले जाया गया। मौके पर डाक्टर ने उसका इलाज तो कर दिया लेकिन कोई लिखा पढ़ी नहीं की अर्थात उसके इलाज का पर्चा नहीं बनाया।इस संबंध में जब भाकियू नेता ने सी एच सी अधीक्षक डाक्टर सुरेश पांडेय से चर्चा की और जानना चाहा कि घायल के इलाज का पर्चा बनना चाहिए था या नहीं?इस सवाल के उत्तर में अधीक्षक डाक्टर से हुई गलती को स्वीकार करते हुए कहा कि घायल के इलाज का पर्चा 4 बजे के आसपास ले जाना।

# प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस मनाया,इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवम राज्यसभा में उपनेता श्री प्रमोद तिवारी ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित कांग्रेसजनों ने वन्देमातरम गान, ध्वज गीत और राष्ट्रगान को गाया इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक श्री प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में सेवादल के स्वयं सेवकों द्वारा ध्वज वंदन किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी सहित अन्य नेताओं ने देश निर्माण में पार्टी के द्वारा किए गए अप्रतिम योगदान को याद किया और भविष्य की रूपरेखा में कांग्रेस के महत्व पर चर्चा की।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को बधाई देते हुए अपने सम्बोधन में श्री प्रमोद तिवारी जी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना तब हुई जब अंग्रेजी हुकूमत ने हमारी भारत माता को गुलामी की जंजीरों से जकड़ रखा था, लोगों के अधिकारों पर ताले पड़े थे, किसी को भी अपने हक में आवाज उठाने की आजादी नहीं थी, देशवासियों पर अंग्रेज जुल्म ढाते थे, गुलामी के काले अधेरें में ऐसे संगठन और आंदोलन की जरूरत थी जो इससे निजाद दिलाये ताकि आवाम खुली हवा में सांस ले सके। हमारे महानायकों ,संस्थापकों ने देश की आजादी के लिए, आम आदमी के बेहतरी के लिए, भारतवासियों के हितों की आवाज को बुलंद करने के लिए आज ही के दिन 138 वर्ष पूर्व 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की। तब से अब तक हमने बहुत उतार चढ़ाव देखे, कांग्रेस पार्टी के जो विचार, सिद्धांत थे वह कभी बदले नहीं, आज भी कांग्रेस पार्टी जनता के हितों के लिए उसी तरीके से प्रतिबद्ध है जैसे स्थापना के समय थी, गुलामी के समय हमने बरतानिया हुकूमत के जुल्म सहे तब भी हम उन सिद्धांतों से पीछे नहीं हटे,और आज भी जिस तरीके से तानाशाही हो रही है लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है तब भी हम खड़े हैं और लड़ रहे हैं।आज फिर श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में न्याय यात्रा के माध्यम से उस अभियान को अनवरत जारी रखा है ताकि गिरते हुए मानवीय मूल्यों को बचाया जा सके,खतरे में पड़े संविधान की रक्षा की जा सके, राजनीति की रक्षा हेतु मणिपुर से पुनः यात्रा निकल रही है। कांग्रेस सेवादल के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवकों आवाहन करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि आजादी के उन मूल्यों की रक्षा का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है, पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ हर जुल्म के खिलाफ मौजूदा सत्ता के विरोध में संघर्षरत रहें।

प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने स्थापना दिवस के अवसर पर बताया कि कांग्रेस पार्टी के जो विचार सिद्धांत हमारे महान नेताओं ने बनाए थे ,जिस रास्ते को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने दिखाया था आज भी देशभर में गांव-गांव, शहर- शहर में बैठे कांग्रेस के करोड़ों कार्यकर्ता , नेता उन्हीं विचारों और रास्तों पर चलकर देश के लिए कार्य कर रहे हैं, ऐसे समय में हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है जब देश के लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश हो रही हो संविधान समाप्त किया जा रहा हो, लोकतंत्र के लिए जरूरी संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता खतरे में हो, ऐसे में जो आजादी हमें अपने नेताओं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व क्रांतिकारियों के द्वारा मिली उसे बनाए रखने के लिए आज स्थापना दिवस पर शपथ लेते हैं कि उसके लिए आजीवन लड़ते रहेंगे

स्थापना दिवस पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, सेवादल संगठक राजेश सिंह काली, सतीश बिंद, शमीम खान, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, वीरेंद्र नाथ त्रिपाठी, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, दिग्विजय सिंह, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, वीरेन्द्र मदान, रमेश मिश्रा, कृष्णकांत पाण्डेय, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, रूद्र दमन सिंह, बृजेन्द्र सिंह, विजय बहादुर, प्रभाकर मिश्रा, सिद्धि श्री, डॉ0 रिचा कौशिक, सुनीता रावत, सुधा मिश्रा, विभा त्रिपाठी, अनामिका यादव, अमित त्यागी, शमशाद आलम, अशोक कुमार दुबे, नीरज तिवारी, जितेन्द्र कुमार वर्मा, संजय शर्मा, विनोद मिश्रा, केडी शुक्ला, अजय चंद्र चौबे, नावेद नकवी, मेहताब जायसी, सुषमा मिश्रा, हिमांशु धर द्विवेदी, अनिल शुक्ला, आलेख पाण्डेय, कनिष्का राफ़ेल, हसीना खातून, शींष खान, मुन्नालाल भारती, नितान्त सिंह, सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपास्थित रहे।

# विकसित भारत को 2047 में विश्व गुरु बनाने का सपना भी साकार होगा : प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह जी विकास खंड परसेंडी के ग्राम पंचायत अमौरा बेनीराम में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। सांसद राजेश वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जो इस स्थल पर आई है, इसमें प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी व अन्य पदाधिकारी व जिला प्रशासन व भारी संख्या में लोग, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया के भाई का बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में यह यात्रा जाती है, यह यात्रा मोदी की गारंटी की गाड़ी है, इस यात्रा के माध्यम से एक करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड मिल गया है, यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विभिन्न लोगों को इस यात्रा के माध्यम से लाभ मिला है, सरकार लोगों के द्वार चलकर आ रही है तथा विकसित भारत को 2047 में विश्व गुरु बनाने का सपना भी साकार होगा। 2047 में भारत जब विकसित देश बनेगा तब कोई गरीब नही रहेगा। रक्षा के क्षेत्र, निर्यात क्षेत्र आदि में भारत ने बढ़त बनाई है। जनधन खाते के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधा लाभार्थियों को मिल रहा है। सरकार की 28 योजनाओं का लाभ सीधा इन कैम्पों के माध्यम से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वंचित, पीड़ित, शोषित आदि को जब तक लाभ नही दे देंगे तब तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आपके घर तक आएगी। जन औषधि केंद्र के माध्यम से दवाओं में 50 से 80 प्रतिशत का छूट मिल रही है। उन्होंने सभी को प्रेरित किया कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आगे आये।

प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सभी को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलायी। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से इस यात्रा के माध्यम से विभिन्न गांवों तक जाने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि निरन्तर देखने में आया है कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभार्थी को सीधे खाते में मिल रहा है। जिन लाभार्थियों का खाता न होने या कोई अन्य तकनीकी कमी से लाभ नही मिल पा रहा है, उनको लाभ दिये जाने हेतु प्रशासन को निर्देशित कर दिया गया है कि सभी के बैंक खातों को आधार से लिंक करा दें। कोई भी लाभार्थी ऐसा न बचे, जिसका बैंक खाता न हो। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग में संचालित योजनाओं की सभी जानकारी व अन्य लाभ स्टालों के माध्यम से ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि बैंक का स्टाल भी लगा है, बैंक से संबंधित जानकारी सभी लोग ले सकते हैं। इसी तरह विभिन्न योजनाओं का लाभ इस कार्यक्रम के माध्यम से आज ही प्राप्त कर सकते हैं तथा जन औषधि केन्द्र की उपयोगिता से सभी को अवगत कराया। मा0 मंत्री जी ने कहा कि महंगी दवाइयों को सस्ती करने का काम मोदी जी ने किया है। उन्होंने अयोध्या पहुंचने व भगवान श्रीराम के दर्शन हेतु सभी को आमंत्रण व प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उज्ज्वला, सब्सिडी धनराशि चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, घरौनी (ग्रामीण आवासीय अभिलेख) मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, किसान सम्मान निधि आदि के प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई के साथ छोटे बच्चों को अन्नप्राशन भी किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी व भारी संख्या लाभार्थी व आमजनमानस उपस्थित रहा।

# तीन कार्य दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं डिजिटल कॉप सर्वे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## जिलाधिकारी कार्यालय पत्रांक संख्या 527 द्वारा जारी हुआ आदेश

लहरपुर(सीतापुर): विगत दिनांक 26 दिसंबर को जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्रांक संख्या 527/सात- सी0 एफव के द्वारा जारी एक आदेश में समस्त सहायक विकास अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह आदेश जारी किया गया कि संबंधित अधिकारी एग्रिस्टैक योजनान्तर्गत ई-खसरा पड़ताल(डिजिटल कॉप सर्वे) के क्रियान्वयन की तैयारियों हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण तीन कार्यदिवस के भीतर उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी यह आदेश 2023- 2024 दिनांक 8 दिसंबर 2023 और कार्यालय मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक संख्या-53/269/12-05-2023-12-5099/54/2022 दिनांक 16 जून का संदर्भ ग्रहण कराते हुए डिजिटल कॉप सर्वे के संबंध में जारी किया गया। आदेश में समस्त आयुक्त एवं सचिव राजस्व विभाग को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अनुभाग-7 लखनऊ के पत्रांक संख्या आर-472/7-क0 संल-11 दिनांक 2023 द्वारा रबी सत्र 2024 द्वारा जारी आदेश में जनपद के जियोरिफेंसिंग किए गए शत प्रतिशत गाटों का डिजिटल कॉप सर्वे हेतु निर्देश किया गया है, जिसका सत्र 01 जनवरी से 15 फरवरी तक संचालित होना है। उक्त के संबंध में एग्रिस्टैक योजनान्तर्गत ई-खसरा पड़ताल के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु अधिनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों तथा पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायक तथा कृषि विभाग के टीएसी/एटीएम/बीटीएम/किसान मित्र से तीन कार्यदिवस के भीतर डाटा जिला मुख्यालय को उपलब्ध करने हेतु आदेशित किया गया। उपरोक्त संबंध में सूचना एवं कार्यवाही हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी को संबंधित पत्रांक प्रेषित किया गया।

# अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । भाजपा नेता संजीव गुप्ता उर्फ टिंचू के कार्यालय टाउन हॉल पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जन्म जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संजीव गुप्ता और टिंचू ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का जीवन बहुत सादगी पूर्वक था वह वरिष्ठ कवियों में भी माने जाते थे उनके द्वारा संगठन को एकता एवं बल मिला कई जनपदों में उन्हें सम्मानित किया गया नवयुवकों को हमेशा अपने साथ लेकर चलना तथा पार्टी के कार्यों के प्रति ज्ञान अर्जित करना उनकी प्रथम प्राथमिकता थी प्रत्येक कार्यकर्ता को वह अपने परिवार का सदस्य मानते थेभारतीय जनता पार्टी को प्रखर तक पहुंचाने का काम अटल बिहारी बाजपेई के द्वारा किया गया आज भी लोग उनकी सराहना करते है संगोष्ठी में आए हुए कई लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया उनके चित्र पर माल्यार्पण संजीव गुप्ता के द्वारा किया गया वहीं आए हुए लोगों ने पुष्प अर्पित किए जिसमें राजेश मिश्रा, राकेश शुक्ला,अमरजीत सिंह पूर्व क्षेत्रीय संयोजक, भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र उत्तर प्रदेश अंजनी कुमार शुक्ला सलिल मिश्रा,अमरीश दीक्षित, पूर्व जिला महामंत्री समीम गाजी, शरद वर्मा, सचिन गुप्ता, चरणजीत सिंह रिंकू, वीरेंद्र तिवारी, रेहान भारत प्रसाद , शिवम मिश्रा , अतुल मिश्रा अमरदीप ,अंकित मिश्रा, विश्वास मिश्रा, सुनील शर्मा , आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे

# पशु चिकत्सालय के फार्मासिस्ट ने चिकित्सा अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रेउसा सीतापुर। जनपद के रेउसा पशु अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट ने पशु चिकित्सक पर घोटाला कर सरकारी धन का बंदर बाट करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ज्ञात हो कि रेउसा पशु अस्पताल मे तैनात फार्मासिस्ट कैलाश नाथ कश्यप ने पशु चिकित्सक डॉ सरिता वर्मा व फार्मासिस्ट इंद्रभूषण वर्मा द्वारा पशु स्वास्थ्य मेला का जमीनी स्तर पर आयोजन न करके सिर्फ कागजों पर आयोजन कर धनराशि हजम करने का आरोप लगाया है। फार्मासिस्ट के अनुसार भदेवा गांव मे 23/3/2023 व तरसेउरा गांव मे 24/3/2023 को सिर्फ कागजों पर मेले का आयोजन कर 11500/ प्रति मेले के हिसाब से दोनो गाँव का भुगतान (23000) फर्जी तरीके से करा लिया गया। जबकि जमीनी हकीकत पर यह दोनों स्वस्थ मेला नही हुए। इसके साथ ही गौशालाओ में भी डॉक्टर के द्वारा फर्जी तरीके से सर्प दंश दिखाकर गौवंशों के नामपर भी भ्रष्टाचार करने,सरकारी धन को गलत तरीके से बंदरबाट करने के आरोप फार्मासिस्ट द्वारा लगाए गए। जब इन आरोपों की पड़ताल के लिए हमारे संवाददाता अनिल तिवारी के द्वारा पशु चिकित्सालय की विजिट की गई तो मौके पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा डॉ सरिता वर्मा की जिम्मेदारियों के प्रति गैर जिम्मेदार रवैया की बात सामने आई। वहीं फार्मासिस्ट कैलाश नाथ कश्यप ने बताया हमको गलत तरीके से कार्य करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। ऐसे में अगर हमारे साथ कोई दुर्घटना घटित होती है तो उसके जिम्मेदार पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सरिता वर्मा फार्मासिस्ट इंद्र भूषण वर्मा होंगे। जब इस संदर्भ में डॉक्टर सरिता वर्मा से बात की गई तो उन्होंने इन आरोपों को निराधार बताया। वहीं सूत्रों की माने तो ये भ्रष्टाचार संबधी आरोप प्रत्यारोप दोनों के बीच रुपयों की हिस्सेदारी को लेकर लगाए जा रहे है। हिस्सेदारी में आपसी तालमेल न बनने की वजह से ये मामले सामने आ रहे हैं।

## चोरी के सात वाहनों के साथ एक चोर गिरफ्तार, एक फरार

बदायूं। अलापुर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जबकि एक कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है जिसकी तलाश में पुलिस छुट्टी हुई है। गिरफ्तार कर के पास से पुलिस ने चोरी की 6 बाइक है और एक स्कूटी बरामद की है। अलापुर थाना पुलिस मुखबिर की सूचना पर ककराला तिराहे पर बुधवार रात में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध लोग आते दिखे तो पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। बाइक पर सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जबकि पुलिस ने एक बाइक सवार मनोज को गिरफ्तार कर लिया। मनोज ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि बाइक पर बैठा व्यक्ति गुड्डू है। उसी से उसने बाइक खरीदी है। मनोज की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की छह बाइकें के और एक स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार वाहन मनोज उसावां थाना क्षेत्र के गिलौटा गांव का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार मनोज ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करके लोगों को सस्ते दामों में बेचते थे। पुलिस ने बताया कि मनोज पर 12 मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं।

# पीएम की संकल्प यात्रा से जनता हो रही लाभान्वित : अभिषेक गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद /सीतापुर गुरुवार को डीजे कॉलेज मैदान में कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुआ । कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सजीव लाइव प्रसारण एलईडी वैन के माध्यम से जनता को दिखाया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्री राजेश शुक्ला ने कहा कि योगी और मोदी की डबल इंजन की सरकार सभी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने का काम कर रही है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सम्बोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति लोगों में उत्साह देखा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य है कि जो लोग अभी तक योजनाओं से वंचित रह गया है उनको भी लाभ मिल सके। योजनाओं में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं हो । कार्यक्रम में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की पीएम स्वनिधि योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड , आदि विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, सभासद , एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थानों का वार्षिक निरीक्षण

## महिला एवं बाल अपराधों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना पलिया व संपूर्णानगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दोनो थानों परिसरों का सम्पूर्ण भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क का बारीकी से निरीक्षण करते हुये अधीक्षक ने महिलाओं संबंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देश देते हुये अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।

# गुड मार्निग कहकर खमरिया पुलिस ने सुनी लोगों की समस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## सुबह सैर करने वालों को पुलिस बोल रही 'गुड मार्निंग

लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे गुड मार्निंग लखीमपुर खीरी अभियान के तहत पुलिस कर्मी भी सुबह टहलने निकल रहे हैं और उनके द्वारा लोगों का हाल-चाल लेकर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है खीरी पुलिस के इस अभियान की सभी सराहना कर रहे है। बृहस्पतिवार की सुबह अभियान के तहत गुड मॉर्निंग लखीमपुर खीरी कहकर पुलिस कर्मियों ने लोगों का अभिवादन किया और क्षेत्र में मार्निंग वॉक कर रहे लोगों से बातचीत किया उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया। साथ ही उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है कि गुड मार्निंग टीमें प्राप्त शिकायतों का समाधान करेंगी और सुधारात्मक उपाय करेंगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों की छवि को पुलिस मित्र के रूप में बढ़ावा देना है इसी क्रम में खमरिया थानाध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी अपने हमराहियों द्वारा कस्बा, पार्क, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों सहित गांवों में पैदल चलकर मार्निंग वॉक किया गया और लोगों से उनकी कुशलता के साथ लोगों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी साथ ही जो भी समस्याएं आई उनका निस्तारण भी किया गया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा हादसे में भाई बहन की हुई दर्दनाक मौत

**परीक्षा देने स्कूल के लिए निकले थे दोनों भाई-बहन, धौरहरा में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा!**

**घना कोहरा बना हादसे का कारण, निघासन सिसैया हाइवे बबुरी मोड की घटना!**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में निघासन सिसैया हाइवे पर गुरुवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे तेज रफ्तार वाहनो के कहर से दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनो शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना क्षेत्र पढुवा के ग्राम पंचायत अभयपुर निवासी पंचायत सहायक पंकज मौर्य 22 वर्ष पुत्र धर्मेन्द्र मौर्य अपनी बहन सुषमा मौर्य 20 वर्ष को बाइक नंबर ठ ध -31- उ ङ्ख-3009 से सुबह आठ बजे घर से निकलकर चौधरी बेचेलाल डिग्री कालेज रसूलपुर में बी ए फाइनल समाजशास्त्र का पेपर दिलाने जा रहा था।कि घने कोहरे की परत के सामने होने से चीनी मिल खमरिया से गन्ना उतार कर वापस आ रहे दस टायर ट्रक से बबुरी मोड के पास आमने-सामने हुई टक्कर से पकंज की मौके पर मौत हो गई व सुषमा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने घायल को सी एच सी धौरहरा भेजा जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। सडक हादसे में भाई बहन की मौत होने से परिवार व क्षेत्र में फैली सनसनी! ज्ञात हो विकास खण्ड रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत अभयपुर निवासी पंकज अपनी ग्राम पंचायत मे पंचायत सहायक के पद पर तैनात थे जबकि पकंज भी चौधरी बेचेलाल डिग्री कालेज रसूलपुर से बी एस सी विज्ञान वर्ग से की थी।और गुरुवार सुबह अपनी बहन सुषमा को इसी कालेज में बी ए फाइनल में समाजशास्त्र का पेपर दिलाने जा रहा था कि हाइवे पर घने कोहरे से सामने से आ रहे ट्रक से टकराकर मौत हो गई। सुबह सुबह हुई घटना की सूचना से पुलिस बल व परिजनो में हड़कंप मच गया और परिजन सी एच सी धौरहरा आ गये।

## अवैध शस्त्र सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्त 1.रितेश कुमार सिंह पुत्र संजीत सिंह नि. बिजवार थाना कोतवाली देहात सीतापुर 2.विशाल शर्मा पुत्र स्व. जगदीश नि. बिजवार थाना कोतवाली देहात सीतापुर को 01 अदद अवैध तमंचा व 02 अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 486/23 धारा 25(1-3) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला अधेड़ का शव


रेउसा सीतापुर। विकासखंड रेउसा के अंतर्गत थाना थानगांव क्षेत्र में वैन मजरा सोहलिया गांव के निवासी भगौती प्रसाद (60) पुत्र परसादी का शव गत दिवस संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटकता हुआ मिला। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों के अनुसार गुरुवार की तड़के सुबह करीब चार बजे भगौती प्रसाद घर से निकले थे ।परिवारिक कलह से तंग आकर इन्होंने गांव के बाहर पूर्व दिशा में खेत मे लगे जामुन के पेड़ में मुफ़लर से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । खेतों की ओर नित्यक्रिया के लिए जा रहे लोंगो द्वारा पेड़ से शव लटकता देखा गया। पेड़ से शव लटकने की सूचना पाकर मौके पर आस-पास के लोंगो की भीड़ व पुलिस एकत्र हो गई। बताया जाता है कि मृतक मौजूदा गांव का कोटेदार था। थानगांव थाना प्रभारी दयाशंकर ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेजा दिया गया है। परिजनों का कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं है।

## बीएचयू के शोधकर्ताओं ने की रस्ट फंगस के एक नए फैमिली की खोज

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं को बड़ी सफलता मिली है। विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. राघवेन्द्र सिंह, डॉ. आरएन खरवार एवं उनकी टीम ने रस्ट फंगस (जंग कवक) के एक नए फैमिली निसोप्सोरेसी की खोज की है। शोधकर्ताओं में संजय यादव, सौम्यदीप राजवर, संजीत कुमार वर्मा, गार्गी सिंह (गोरखपुर विवि), डॉ. शैलेंद्र गुप्ता (गोरखपुर विवि) एवं केरला वन अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शंम्भू कुमार शामिल हैं।

# आवारा पशुओं का ठिकाना बना रैन बसेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सर्दी के मौसम में दूर-दराज से आने वाले लोगों को ठंड में रात गुजारने के लिए प्रशासन ने रैन बसेरा की व्यवस्था करा रखी है। लेकिन नगर पालिका ने चंद चारपाइयां डालकर और पर्दा लगाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। नतीजा ये है जिस जगह व्यक्ति को लेटकर आराम करना है वहां कुत्ता आराम कर रहा है। शहर के सभागार में बने रैन बसेरा का ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है।

सिविल लाइन जैसे पॉश एरिये में नगर पालिका की ओर से रैन बसेरा बनाया गया है। जिसे पर्दे से कवर्ड करके इसमें फोल्डिंग चारपाई और टेंट के गद्दे, रजाई व तकिया लगाया गया है। इसके अलावा एक वॉटर कूलर पानी का प्रबंध यहां किया गया है। थोड़ी दूर पर अलाव की व्यवस्था की गई है। लेकिन लापरवाही का आलम ये है यहां व्यवस्था चल कैसी रही है इसको देखने सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसे में जिस चारपाई पर लगे बिस्तर पर व्यक्ति को लेटकर सोना है वहां कुत्ते आराम फरमा रहे हैं।

बता दें कि वैसे तो इस बार ठंड अभी तक वैसे नहीं पड़ी जैसे पड़ती आई है। लेकिन दो दिनों से मौसम ने शाम होते करवट बदली है। बुधवार रात भी एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया। देर शाम से ही कोहरा बढ़ गया जिससे ट्रेनें लेट हुई वही दूर दराज से आए मजदूरों को वाहन नहीं मिला तो उन्हें रैन बसेरा में रात गुजारनी पड़ी। महरुआ निवासी अनिल पाण्डेय (मजदूर) ने बताया कि अभी तक तो कोहरा नहीं था। लेकिन अभी दो रोज से पड़ रहा है। हम भी यहां काम करने आते हैं। आज उसी कोहरे के कारण नहीं जा पाए तो यही रैन बसेरा में सो रहे हैं।

## आमरण अनशन पर बैठा परिवार, पुलिस पर कार्यवाही की मांग

सुल्तानपुर। मायके जा रही महिला से बाइक सवार ने रास्ते में उसे जबरन पकड़कर उसके साथ रेप किया। घटना को छह माह गुजर गए लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। अधिकारियों के चक्कर काटे लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। अब एफआईआर दर्ज करने व थानाध्यक्ष और दरोगा के निलंबन के विरुद्ध पीड़िता नगर स्थित तिकोनिया पार्क में कुनबे संग अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठ गई है। घटना जिले के मोतिगरपुर थाना अंतर्गत एक गांव की है। कादीपुर कोतवाली के एक गांव की मजदूर महिला का आरोप है वो बीते 20 जून को शाम करीब 6:30 बजे के आसपास मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मायके जा रही थी। अज्ञात व्यक्ति जिसकी बाइक का नंबर ट्ठ 44 इक्क 9925 है वो रास्ते में पहुंचा। उसने नशीला पदार्थ सूंघाकर मेरा अपहरण किया और फिर सुनसान में ले जाकर मेरे साथ बलात्कार किया। उसने मेरे साथ मारपीट भी की। पीड़िता का आरोप है मैं मोतिगरपुर थाने पर अपनी शिकायत लेकर गई लेकिन मेरी वहां सुनवाई नहीं हुई। तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया।

# जांच के नाम पर कैंसर पीड़ित से लेखपाल ने ली रिश्वत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद के लिए कैंसर पीड़ित ने आवेदन किया। रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल ने ?5 हजार की रिश्वत मांगी, 500 देने के बाद भी लेखपाल बोला ये कम है और पैसों का प्रबंध करो। लेनदेन का एक वीडियो वायरल हुआ है। जिस पर एसडीएम सदर का कहना है कि जांच कराकर दोषी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामला कुड़वार ब्लॉक के कस्बे से जुड़ा है।

कस्बा निवासी जुबैर अहमद (42) पिछले लगभग डेढ़-दो वर्षों से मुंह के कैंसर से ग्रस्त हैं। इलाज में पैसे इतने लग गए कि अब उसके पास आगे के इलाज के लिए संकट आ खड़ा हुआ। कुछ लोगों से उसने उधार पैसे लेकर इलाज कराया अंत में जब और पैसों की जरूरत हुई तो पीड़ित ने इसौली विधायक ताहिर खान से पत्र लिखवाकर मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए आवेदन किया।

करीब आठ लाख रुपए मुख्यमंत्री राहत कोष से दिए जाने के लिए पीड़ित ने आवेदन फार्म जमा किया कागजात लेखपाल रमेश कुमार के पास जांच के लिए पहुंचे। आरोप है कि उसने 5 हजार रुपयों की मांग किया। पीड़ित ने पैसे दे पाने में असमर्थता जताया तो घूसखोर लेखपाल ने रिपोर्ट लगाने से इंकार कर दिया। जैसे-तैसे उधर पैसे मांगकर जुबैर ने ?500 बुधवार को ले जाकर लेखपाल को दिया। पैसे पाकर लेखपाल ने रिपोर्ट लगाने का आश्वासन दिया है। इस संदर्भ में एसडीएम सदर सीपी पाठक से जब बात की गई तो उन्होंने कहा घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि इस तरीके का कोई मामला सामने आता है तो लेखपाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे के हत्यारे भगोड़े ने वीडियो कॉल पर दी जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पांच दिन पूर्व हुई थी हत्यारोपी के घर की कुर्की**

बल्दीराय/सुल्तानपुर। भगोड़ा हत्यारोपी कुवैत में बैठा है। पांच दिन पूर्व कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उसके घर की कुर्की किया है। अब उसने मृतक के पिता को जान से मारने की धमकी दी है। जिस पर पीड़ित प्रधान ने सीएम से न्याय की गुहार लगाया है। मामला बल्दीराय थानाक्षेत्र के सोनबरसा गांव का है।

सोनबरसा गांव में बीते वर्ष 24 दिसंबर को गांव निवासी इकराम की हत्या हुई थी। इकराम पुत्र असलम गेहूं के खेत की सिंचाई करने गया था। वो वहां से घर वापस आ रहा था कि रास्ते में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गांव के शादाब पुत्र परवेज, कलीम पुत्र अमीन व तहसीन पुत्र कलीम के विरुद्ध हत्या मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें शादाब अभी भी जेल में है। कलीम जेल से छूटकर जमानत पर आ गया है। लेकिन तहसीन आज तक फरार चल रहा है।

फरार तहसीन विदेश (कुवैत) में है। ऐसे में सीजेएम न्यायालय से धारा 83 कुर्की कार्रवाई के आदेश पर अभियुक्त के घर की रविवार को कुर्की की गई है। मृतक के पिता मोहम्मद रिजवान जो की ग्राम प्रधान हैं उनका आरोप है कि गांव के तहसीन पुत्र कलीम जो की कुवैत में रहता है। तसलीम ने कुवैत में बैठकर पिछले साल 24 दिसंबर 2022 को उसने इकराम की हत्या करवा दी थी। जिसमें तहसीन और उसके पिता के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ था। रविवार को कुर्की के बाद तहसीन ने वीडियो कॉल और आरोपी कलीम घूम-घूम कर जान से मरवाने की धमकी का ऐलान कर रहा है। ग्राम प्रधान ने बल्दीराय थाने में शिकायत करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। साथ ही सीएम योगी से भी सुरक्षा की अपील की है। पीड़ित का कहना है कि तहसीन और कलीम अपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। वह कभी भी कुछ भी कर सकते हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच कराकर एक्शन लेने का आश्वासन दिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए आर्टिस्ट चन्द्रपाल राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर । जनपद सुलतानपुर का गौरव बढ़ा रहे आर्टिस्ट,लेखन, शिक्षक,चन्द्रपाल राजभर को नेपाल देश में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया लुंबिनी प्रदेश के लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय में हुए अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस एवं अवॉर्ड सेरेमनी 2023 के कार्यक्रम में लुंबिनी प्रदेश नेपाल शासन के सामाजिक विकास मंत्री चन्द्रकेश गुप्ता ,भारत देश का नैपाल में प्रतिनिधित्व कर रहे भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान से सम्मानित डॉ विजय कुमार शाह ,प्रेसिडेंट शांति फाउंडेशन गोंडा पिंकी एवं लुंबिनी विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर गजेंद्र गुप्ता के द्वारा चन्द्रपाल राजभर को पड़ोसी मुल्क नेपाल में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड चन्द्रपाल राजभर को अमूल्य सेवा,शिक्षण,कला,साहित्य,पर्यावरण विश्व शांति,बच्चों एवं जन समाज के सहयोग की सराहना में प्रदान किया है। विदित हो कि चन्द्रपाल राजभर विविध अवसरों पर कला,संगीत,शिक्षण के माध्यम से जन समाज एवं राष्ट्र की चेतना जागृति बढ़ाने के लिए कार्य करते आ रहे हैं। उनके इस सम्मान से उनके क्षेत्र और उनके प्रशंसकों में खुशी का माहौल है तथा लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।

# आठवीं कक्षा का छात्र लापता नहर के पास मिली साइकिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आठवीं कक्षा का छात्र घर से डेयरी पर दूध देने निकला और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराया तो पुलिस एक्शन में आई। काफी जांच पड़ताल के बाद नहर के पास उसकी साइकिल व दूध का डिब्बा मिला। इसके बाद डॉग स्क्वॉयड, फॉरेंसिक टीम आदि ने मौके पर पड़ताल किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस एसडीआरएफ की मदद ले सकती है। वही परिजनों को अनहोनी का डर सता रहा है। मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र के बीही गांव का है।

बीही निवासी विजय पाल का पुत्र अमित चौरसिया (14) वह बल्दीराय स्थित राममिलन सालिकराम ज्ञानोदय विद्यालय में कक्षा आठवीं का छात्र है।मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से साइकिल से बल्दीराय बाजार में डेयरी पर दूध देने गया था। डेयरी पर दूध देकर अमित वापस घर नहीं पहुंचा। काफी देर होने पर परिजनों ने तलाश किया और अंत में इसकी जानकारी बल्दीराय थाने पर दी। मां कुसुम देवी ने बल्दीराय थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराया है। अमित के पिता बाहर काम करते हैं। बुधवार शाम अमित की साइकिल, चप्पल व दूध देने का बर्तन बल्दीराय कस्बे के बगल से गुजर रही नहर की पटरी पर मिली तो स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अमित की तलाश के लिए गोताखोरों को लगाया। डॉग स्क्वायड की टीम लगाकर के भी काफी तलाश की गई लेकिन देर शाम तक अमित का सुराग नहीं लग सका। इस संबंध में थाना प्रभारी बल्दीराय आरवी सुमन ने बताया कि पुलिस खोजबीन कर रही है। एनडीआरएफ की टीम की मदद ली जा सकती है।

## मानसिक तनाव में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**हमीरपुर।** एक युवक ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके बाद युवक की हालत बिगड़ने पर उसे राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार कर उसकी अत्यधिक नाजुक हालत को देखते हुए उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। राठ तहसील क्षेत्र के मझगंवा थाना अंतर्गत टोला रावत के मूल निवासी एवं राठ कस्बे के मलौंहा रोड इलाके में रहने वाले 25 वर्षीय युवक अनिल पुत्र चन्द्रभान ने अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके बाद अनिल की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने उसे आनन–फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अनिल का प्राथमिक उपचार कर उसकी अत्यधिक नाजुक हालत को देखते हुए उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान अनिल की मौत हो गई। मृतक युवक अनिल के भाई रामकेश ने बताया कि उसका छोटा भाई राठ कस्बे के महेश्वरी माता मंदिर के पास फोटो स्टूडियो की दुकान रखे हुए था। वहीं अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के भाई रामकेश व रामऔतार के अलावा अन्य परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। मामले में राठ कोतवाली की प्रभारी इंस्पेक्टर ने गुरुवार को बताया कि उरई में ही मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया।

## चोरी के सात वाहनों के साथ एक चोर गिरफ्तार, एक फरार

**बदायूं।** अलापुर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जबकि एक कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है जिसकी तलाश में पुलिस छुट्टी हुई है। गिरफ्तार कर के पास से पुलिस ने चोरी की 6 बाइक है और एक स्कूटी बरामद की है। अलापुर थाना पुलिस मुखबिर की सूचना पर ककराला तिराहे पर बुधवार रात में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध लोग आते दिखे तो पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। बाइक पर सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जबकि पुलिस ने एक बाइक सवार मनोज को गिरफ्तार कर लिया। मनोज ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि बाइक पर बैठा व्यक्ति गुड्डू है। उसी से उसने बाइक खरीदी है। मनोज की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की छह बाइकें के और एक स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार वाहन मनोज उसावां थाना क्षेत्र के गिलौटा गांव का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार मनोज ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करके लोगों को सस्ते दामों में बेचते थे। पुलिस ने बताया कि मनोज पर 12 मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस फरार हुए वाहन चोर गुड्डू की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। पुलिस आशंका जता रही है कि बाइक चोरी करने वालों में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमारे देश की आत्मा हैं: डॉ अब्दुल कादिर

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने जा रहे प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां हिन्दू समाज उत्साहित है वहीं मुस्लिम वर्ग के लोग भी भगवान श्री राम के प्रति अपनी अटूट आस्था दिखा रहे है। राम मंदिर निर्माण में मोहम्मद हसन पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने एक लाख, एक हजार एक सौ एक रुपये का योगदान देकर गंगा–जमुनी तहजीब की मिशाल पेश किया है औरक हा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमारे देश की आत्मा है। डॉ खान ने गुरुवार को मीडिया से कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमारे देश की आत्मा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर–बाबरी मस्जिद विवाद को अदालत द्वारा निपटारा होने के बाद अयोध्या में मंदिर निर्माण का कार्य शुरू हुआ जो अब पूरा होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को भगवान राम को मंदिर में स्थापित करने जा रहे है। मंदिर निर्माण के लिए विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में धन संग्रह का कार्य शुरू हुआ था। वर्ष 2021 में मोहम्मद हसन पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ खान ने भी स्वेच्छा से एक लाख एक हजार, एक सौ एक रुपये का योगदान किया था। अब मंदिर बनकर तैयार हो गया है 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। डॉ खान ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमारे देश की आत्मा है वह सबके लिए है उन्हें भुलाया नहीं जा सकता है। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण आपसी भाईचारा का प्रतीक है इसमें सभी देशवासियों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। हमारी संस्कृति हजारों साल पुरानी है इसे कोई खत्म नहीं कर सकता है, अंग्रेज ने भी यहाँ 200 साल तक शासन किया लेकिन हमारी एकता की संस्कृति को भी मिटा नहीं पाए। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय के प्रांगण में एक सप्ताह तक यज्ञ कार्यक्रम किया गया और 22 जनवरी से 29 जनवरी तक राम जन्मभूमि निर्माण की सफलता को लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया है।

## भारत के गौरवशाली इतिहास में कांग्रेस पार्टी का योगदान अतुलनीय है : बिजेंद्र यादव

एजेंसी

गाजियाबाद। जिले में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने कई कार्यक्रम आयोजित किए। इस मौके पर कांग्रेसियों ने पार्टी का झंडा फहराया और झंडे को सलामी दी।

कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कांग्रेस पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक देश हित में किए गए कार्य के विषय में बताया। बिजेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के हर वर्ग को साथ लेकर देश को आगे ले जाने का विशेष काम किया। भारत के गौरवशाली इतिहास में कांग्रेस पार्टी ने विशेष योगदान दिया है। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। प्रदेश सचिव पंकज तंजानिया, उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस सचिव सलीम अहमद (सैफी), शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन जे के गोंड, पूर्व महानगर अध्यक्ष वी के अग्निहोत्री, एससीएसटी विभाग के प्रदेश महासचिव सूर्यकांत, पीसीएस सदस्य सुरेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी अमोल वशिष्ठ, पीसीएस सदस्य राजाराम भारती, एससीएसटी महानगर अध्यक्ष आशीष प्रेमी, पीसीएस सदस्य वीर सिंह जाटव, खोड़ा नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, लोनी नगर अध्यक्ष वी के मेज़र, जिला महासचिव राजेंद्र शर्मा, जिला महासचिव राजबाला, जिला महासचिव ओंकार सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ चीनी, राकेश लोधी, अविनाश, आसिफ उपस्थित थे। महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद ने पार्टी के स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महानगर कार्यालय पर पार्टी का ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष, पुष्पा रावत पूर्व महापौर प्रत्याशी ओमदत्त गुप्ता संगठन प्रभारी उपाध्यक्ष, कासिम प्रधान, अविनाश मेहता, बाबूराम शर्मा, अश्विनी त्यागी, सविता गौतम, अनुज चौधरी, ममता, बलराज सिंह चावडा, उज्ज्वल गर्ग, वी के शिशोसदिया खुर्शीद खान, सविता जैसवाल, राजीव गुप्ता, अकरम कादरी श्रीचंद दिवाकर आदि अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सभी विभाग प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी के महत्वपूर्ण अंग: प्रकाश पाल

एजेंसी




कानपुर। सभी विभाग प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी के महत्वपूर्ण अंग है जो अपने विभाग प्रकोष्ठ को भाजपा मे एक सेतु का कार्य करती है।यह बात गुरुवार को क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रकोष्ठ एवं विभाग के क्षेत्रीय संयोजकों की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही ।

बैठक में तय किया गया कि प्रकोष्ठ विभाग भारत विकसित संकल्प यात्रा एवं मन की बात कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ हिस्सा लें और सक्रिय होकर प्रत्येक जिले में माह में एक बार बैठक सुनिश्चित करें। सभी प्रकोष्ठ एवं विभाग जिलों में नमो एप अपलोड कराने के लिए कैंप लगाएं । 31 दिसम्बरको मन की बात कार्यक्रम अपने-अपने बूथों पर अवश्य सुनें। वहीं कार्यालय में ही आज क्षेत्रीय पदाधिकारियों की नियमित बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि जनवरी से 10 जनवरी के मध्य सभी जिलों के इंटर कॉलेज व महाविद्यालय में नमो एप कैंप लगाकर सभी युवाओं के मोबाइल पर नमो एप अपलोड कराकर मोदी जी के विकसित भारत अभियान का ब्रांड एम्बेसडर बनाना है। श्री पाल ने कहा कि 25 जनवरी तक चलने वाले विकसित भारत संकल्प अभियान में सभी 17 जिलों में पूर्व प्रदेश पदाधिकारी,क्षेत्र पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी व पूर्व मंडल अध्यक्ष को भी इस अभियान से जोड़कर जिम्मेदारी देनी है। मन की बात कार्यक्रम में युवा मोर्चा व महिला मोर्चा सभी 52 विधानसभा क्षेत्रों में युवाओं और बहनों के साथ बड़ी संख्या में किसी स्थान पर सुनेगा।

मन की बात के क्षेत्रीय प्रमुख अनूप अवस्थी ने बताया कि सभी 20788 बूथों के अतरिक्त सभी विधान सभाओं में एक मन की बात का बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मन की बात कार्यक्रम में ही मौजूद सभी कार्यकर्ता नमो एप अपने मोबाइल पर अपलोड करेंगे । बैठक में पूनम द्विवेदी,अनिता गुप्ता,सुनील तिवारी,पवन प्रताप सिंह,जय प्रकाश कुशवाहा,अनिल दीक्षित,मोहित पांडे,गीता निषाद,मनीषा बाजपेई,भूपेंद्र त्रिपाठी,अलोक शुक्ला,आनंद मिश्रा,सुरेंद्र सोमानी,मयंक भट्ट,सुनील गुप्ता,अलोक मिश्रा,शिव बोधन मिश्रा,अनूप तिवारी,विकास दुबे,संदीप ठाकुर,पवन पाण्डेय सहित सभी प्रकोष्ठों एवं विभागों के क्षेत्रीय संयोजक सम्मलित हुए।

# श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखने के लिए लालायित है विश्व

**1 जनवरी से घर–घर जाएंगे विहिप और आरएसएस के कार्यकर्ता अक्षत पत्रक और राम मंदिर का चित्र देकर करेंगे निमंत्रित**

एजेंसी

हमीरपुर। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अयोध्या द्वारा अक्षत, पत्रक और राम मंदिर का चित्र के साथ विश्व हिंदू परिषद और व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा टोली बनाकर प्रत्येक गांव-गली, मोहल्लों में नागरिकों का प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देने की तैयारी है। 1 जनवरी से सभी को अक्षत देकर निमंत्रित देने का कार्य शुरू किया जाएगा।

निमंत्रण देने का कार्य 15 जनवरी तक चलेगा। विश्व हिंदू परिषद व आरएसएस द्वारा राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण न्यास द्वारा भेजे गए अक्षत पत्रक और श्रीराम मंदिर का चित्र सभी समाज के, सभी धर्म के, सभी लोगों के पास कार्यकर्ता जा करके उन्हें अयोध्या जाने के लिए निमंत्रित करेगा। गुरूवार को इस सम्बंध में एक गेस्ट हाउस में अक्षत वितरण समिति के जिला संयोजक सरस्वती शरण द्विवेदी ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि यह बड़ा सौभाग्य का विषय है कि हम राम के काम आ रहे हैं। हम सभी ने रामलला मंदिर के निर्माण में हर संभव व सहयोग किया है। आगामी 22 जनवरी को पूरा विश्व देखने जा रहा है कि भारत अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और स्थापना का उद्घाटन किस तरीके से करेगा। इस कार्यक्रम को देखने के लिए सभी लालायित हैं।

भगवान राम की कृपा से अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण के बाद श्रीराम मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम होने जा रहा है। राम मंदिर के निर्माण में हमारे तमाम बुजुर्गों, मित्रों व सहयोगियों ने अपने को शहीद किया था। आज वह हम सभी को देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक सभी को निमंत्रित दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 30 व 31 जनवरी को कानपुर प्रांत के पदाधिकारियों, कार्यकर्ता और अन्य लोगों को अयोध्या पहुंचने का समय तय किया है। सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि दर्शन के लिए जाने के पहले पंजीकरण करना होगा। देश श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम महोत्सव के रूप में मना रहा है।

उन्होंने कहा कि हमने तमाम गलतियां की है जिनका खामियाजा हमको भुगतना पड़ा है। हमारे धर्म के स्थलों को इन विधर्मियों ने नष्ट कर अपमानित किया है। अभी भी उसे पाने के लिए हम प्रयास की आशा में हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू अब जागा है और हिंदुत्व के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के बाद मथुरा, काशी व विश्वनाथ मंदिर भी हमारे हाथ में होंगे। देश को उन्नत की ओर ले जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे इतिहासकारों ने हमें गलत तरीके से इतिहास पढ़ाया है। इतिहास में विधर्मियों को महिमा मंडित किया गया है। पत्रकार वार्ता के समय पूर्व प्रधानाचार्य शारदा दीन यादव, डॉक्टर एके मिश्रा, रामजी गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख एसपी शुक्ला, नगर मंत्री धर्मेंद्र द्विवेदी मौजूद रहे।

## छात्रों के छात्रवृत्ति फार्म 10 जनवरी तक कराएं ऑनलाइन

फतेहपुर। जिले के समस्त हाईस्कूल, इण्टर कालेज, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, फार्मेसी राजकीय, मान्यता प्राप्त नवीन विद्यालयों को जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार ने गुरूवार को बताया कि संशोधित समय सारणी के अनुसार संस्थाओं द्वारा फीस लॉक करने की अंतिम तिथि 01 जनवरी 2024 एवं छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2024 तथा संस्थाओं द्वारा पात्र छात्रों का डाटा आनलाइन अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2024 है। उन्होंने बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति के लिए छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 02 जनवरी 2024 एवं संस्था द्वारा अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2024 निर्धारित है। इसलिए जनपद के महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, फार्मेसी कालेजों को अवगत कराते हुए बताया कि जिले के 16 शिक्षण संस्थाएं यथाशीघ्र फीस लॉक करें तथा अधिक से अधिक पात्र छात्रों के आवेदन पत्र ऑनलाइन कराते हुये समय सीमा के अन्तर्गत छात्रों का डाटा ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें, ताकि पात्र छात्र व छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रहने न पाएं।

# सत्या की हनक और पैसे की खनक से प्रमुख के बेटे प्रवीण मिश्रा की नहीं हो रही गिरफ्तारी

## झंझरी ब्लॉक के प्रमुख के बेटे प्रवीण मिश्रा को गिरफ्तार करने से क्या डर रही गोंडा पुलिस ?

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । सदर तहसील क्षेत्र के विकासखंड झंझरी ब्लॉक प्रमुख के बेटे व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा के भाई की गिरफ्तारी सत्ता पक्ष की हो तो प्रशासन कैसे बैक फुट पर नजर आती है।जिसका उदाहरण भाजपा की प्रमुख व प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा उर्फ़ नीशू पर बहुत सटीक बैठ रही है।अभी हाल में ही 21 दिसंबर की रात में अपने एक्सयूवी कर से अवध केसरी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमरपाल सिंह उर्फ नील ठाकुर अपने आवास पर बिशनपुर बैरिया जा रहे थे।कि अचानक रात करीब 11 बजे हिस्ट्रीशीटर बिक्कू सिंह और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के भाई प्रवीण मिश्रा और कुछ गुंडो ने अवध केसरी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमरपाल सिंह उर्फ़ अनिल ठाकुर पर जानलेवा हमला बोल दिया और उन्हें लाठी डंडों और असलहो से अनिल ठाकुर पर जानलेवा हमला कर दिया



और नील ठाकुर के गाड़ी को भी छटग्रस्त कर दिया जानलेवा हमले में नील ठाकुर को मरा समझ कर हिस्ट्रीशीटर बिक्कू सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि का भाई प्रवीण मिश्रा और उसके गुंडे मारपीट कर चले गए। नील ठाकुर अपने गाड़ी के पास तड़पता रहा किसी ने इसकी सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी पुलिस ने ठाकुर नील सिंह को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर ठाकुर नील सिंह की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।वही ठाकुर नील सिंह के भतीजे की शिकायत पर नगर कोतवाली की पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की है।वही नगर कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हिस्ट्रीशीटर सहित चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।आरोप है कि लोगों के बीच में यह सवाल उठ रहे हैं कि नामजद आरोपी गोली चलाने वाला व्यक्ति झंझरी ब्लॉक प्रमुख व प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा का भाई प्रवीण मिश्रा को गोंडा पुलिस क्यो नहीं गिरफ्तार कर रही है ? और न ही आरोपी आशीष मिश्रा के दरवाजे पर पुलिस पूछताछ करने गई है। इससे सत्ता के हनक की बू आ रही है।क्या गोली चलाने बीजेपी नेता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा का भाई होने की वजह से उस पर कोई कार्रवाई नहीं रही है।वही घायल नील ठाकुर जिंदगी और मौत की लड़ाई पीजीआई में लड़ रहा है।क्या गोली मारने वाले प्रवीण मिश्रा को गोण्डा पुलिस बचाने में लगी हुई है।वही नीरज सिंह में आरोप लगाया है कि अगर गोंडा पुलिस बचाने में नहीं लगी है तो अभी तक हमलावर अखंड प्रताप सिंह और प्रवीण मिश्रा की गिरफ्तारी क्यो नहीं की है।वही पीड़ित पक्ष का आरोप है कि भाजपा नेता के दबाव में गोण्डा पुलिस काम कर रही है।सत्ता के दबाव में पुलिस गोली मारने वाले की गिरफ्तारी नहीं कर रही।जबकि अगर हमलावर आम व्यक्ति होता तो पुलिस अभी तक उसे गिरफ्तार कर जेल भेज देती लेकिन सत्ता की हनक के आगे सब फ़ेल है।यही वजह है कि एक सप्ताह से ऊपर हो जाने के बाद भी प्रशासन सत्ताधारी भाजपा प्रमुख के बेटे प्रवीण मिश्रा की गिरफ्तारी के लिए उस पर हाथ नहीं डाल रही है।प्रशासन के अब तक की कार्रवाई पर नजर डाले तो इसमें निष्पक्ष कार्रवाई कम और सत्ता पक्ष को खुश रखने की जिद्दो में शामिल है।वही हत्या आरोपी की नेपाल से बिहार भागने की आशंका पुलिस के मुताबिक, मामले में ब्लॉक प्रमुख झंझरी के आरोपी बेटे प्रवीण मिश्र निवासी गायत्रीपुरम कोतवाली नगर,राधारमण तिवारी निवासी सिंगहाचंदा नागनाथपुरवा थाना तरबगंज, अखंड सिंह निवासी मोहनपुर खैराहनी थाना वजीरगंज, सुधारकर सिंह निवासी कोठा थाना वजीरगंज, द्वारिका निवासी तरबगंज व अंकुर सिंह निवासी मोतीगंज के ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। आरोपियों के नेपाल से बिहार भागने की आशंका है।

# फेरी व पटरी विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि एवं स्वनिधि से समृद्धि दिलाने की कोशिश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा - भारत सरकार की ओर से पटरी व फ़ेरी लगाने वाले पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना एवं स्वनिधि से समृद्धि अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए सूडा की ओर से 1 से 6 जनवरी तक विशेष शिविर का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके क्रम में जिला मुख्यालय गोण्डा के मोहल्ला मेवातियान में आश्रय गृह के प्रथम तल पर कैंप किया गया है, जो कि आईटीआई चौराहे से आगे फुरकानिया मदरसे के पास स्थित है।सिटी मिशन मैनेजर अंशिका श्रीवास्तव ने बताया कि मैं भी डिजिटल के तहत सभी को डिजिटल सुविधा दी जाएगी।इसके लिए जिले के पटरी व फ़ेरी विक्रेता कैंप में पहुंचेंगे और इसका लाभ प्राप्त करेंगे। स्वानिधि योजना में शहरी पथ विक्रेताओं को पहली, दूसरी और तीसरी किस्त के रूप में ऋण सहायता भी प्रदान की जाएगी और इस दौरान बैंक के माध्यम से आने वाली अड़चनों का भी मौके पर ही निदान किया जाएगा।

# श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजित अक्षत वितरण हेतु निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा : अयोध्या श्री राम जन्मभूमि श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजित अक्षत वितरण हेतु अयोध्या से पूजित अक्षत के साथ बाबूराम लगन इंटर कॉलेज पांडेपुर से पूरे तिवारी, खोरहंसा, जमुनिया बाग होते हुए रामनगर तिराहा तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें राम दरबार की झांकी के साथ झंझरी विकासखंड के 92 ग्राम पंचायत से राम भक्त सम्मिलित हुए, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक दीपेश जी व विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री रेखा श्रीवास्तव रही द्य शोभायात्रा की समाप्ति पर विभाग प्रचारक दीपेश ने अक्षत वितरण की पूरी कार्य योजना लोगों को बताई और 22 जनवरी को अयोध्या ना



जाकर अपने पास स्थित दिवाली में दिवाली की तरह महोत्सव मनाने का आह्वान किया द्यजिला प्रचारक आकाश ने सभी 92 ग्राम पंचायत से उपस्थित लोगों को अक्षत वितरण किया, कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक अश्वनी शुक्ला रमेश चंद तिवारी, किशोरी लाल गुप्ता, गौरव त्रिपाठी, पवन शुक्ला (विद्यार्थी परिषद जिला प्रमुख )अशोक कुमार त्रिपाठी ,विनीत, रितेश गुप्ता, दद्दन यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने व्यापार संगठन के पदाधिकारियों साथ की गोष्ठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनपद के समस्त व्यापार मण्डल से सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर उनसे सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध मे वार्ता की गई।गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा उपस्थित सम्मानित व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम लिया गया व समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और उनकी सुरक्षा से संबंधित समस्त पहलुओं की समीक्षा कर निराकरण करने एवं सम्पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन देते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने हेतु व्यापारी बन्धुओं को आश्वस्त किया गया।साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारियों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, प्रकाश की व्यवस्था



रखने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड चौकीदार रखने व्यापारिक कार्यों के दौरान कैश के परिवहन करने से पूर्व पुलिस को सूचित करने आदि के संबंध में अवगत कराया गया । यातायात के सुचारू रूप से संचालन एवं जाम की समस्या के निराकरण हेतु समस्त व्यापारियों से सड़क पर अतिक्रमण न करके अपने-अपने प्रतिष्ठान के अंदर ही व्यापार करने हेतु आग्रह किया गया।इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, अखिल भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी जगदीश रायतानी प्रदेश संगठन मंत्री, भूपेन्द्र प्रकाश आर्या जिलाअध्यक्ष, मुकेश धनकानी जिलायुवा कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह नगर अध्यक्ष, शिव कुमार सोनी जिला महामंत्री,अतीक अहमद मिनाई नगर प्रभारी गोण्डा, प्रिंस चौरसिया नगर महामंत्री, रमेश जायसवाल युवा महामंत्री, हामिद अली राईनी जिला प्रभारी, महेन्द्र जैन इटियाथोक अध्यक्ष, सुशील तिवारी व्यापार सदस्य, उधोग मंच के पदाधिकारी दीपक अग्रवाल अध्यक्ष व अंकुर गर्ग सदस्य,सुजीत कुमार, मुकेश शुक्ला बहराईच रोड गोण्डा प्रभारी, राजमणि त्रिपाठी सदस्य, राजेश कुमार जायसवाल सदस्य आदि व्यापारी बंधु मौजूद रहे।पुलिस अधीक्षक ने सभी उपस्थित व्यापारी बंधुओं का आभार प्रकट किया गया।

# पीएम मोदी के अयोध्या दौरे पर रूट डायवर्जन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी के अयोध्या दौरे पर शुक्रवार 29 दिसम्बर आज रात 12 बजे से शनिवार शाम 6 बजे तक ऐसे वाहन जिन्हें गोण्डा से नवाबगंज होकर जनपद अग्रोध्या, बस्ती, सन्तकबीर नगर, गोरखपुर, अम्बेडकर नगर आदि को जाते है उन्हें पुलिस चौकी दर्जीकुँआ से ही मोतीगंज-मनकापुर मार्ग होते हुए अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे। जनपद बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर व अम्बेडकर नगर जाने हेतु निम्न तीन मार्ग निर्धारित किये गये है।जो वाहन दर्जीकुआँ से डायवर्ट किये जायेंगे,उन्हें झिलाही रेलवे क्रासिंग होते हुए




मनकापुर-उतरौला रोड, डुमरियागंज होकर अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे।वही जो वाहन दर्जीकुआँ से मोतीगंज-मनकापुर मार्ग से डायवर्ट किये जायेंगे उन्हें मोतीगंज, मनकापुर- मसकनवाँ बाजार, बभनान होकर अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे।जो वाहन दर्जीकुआ से मोतीगंज-मनकापुर मार्ग से डायवर्ट किये जायेंगे उन्हें आवश्यकता प्रतीत होने पर मनकापुर- कोल्हमपुर मार्ग होते हुए लोलपुर पुल की तरफ डायवर्ट कर जनपद बस्ती को प्रस्थान करेंगे। यदि कदाचित वाहन दर्जीकुआँ पुलिस चौकी व वजीरगंज होकर नवाबगंज पहुँचते है उन्हें कोल्ड स्टोरेज तिराहा नवाबगंज से ही तरबगंज-परसपुर-कर्नलगंज होकर बाराबंकी के रास्ते अपने गंतव्य को प्रस्थान करेंगे।जो वाहन थाना वजीरगंज क्षेत्र के है और उन्हें अयोध्या, बस्ती व अम्बेडकर नगर जाना है ऐसे सभी वाहनों को टिकरी मोड़ वजीरगंज से ही मनकापुर रोड डायवर्ट कर अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे। इसी प्रकार जो वाहन जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती से चलकर गोण्डा के रास्ते जनपद अयोध्या को जायेगें ऐसे सभी वाहनों को उतरौला-मनकापुर के रास्ते कोल्हमपुर होते हुए लोलपुर की तरफ डायवर्ट करेंगे। किन्तु मा0 प्रधानमंत्री जी के आगमन के दो घण्टे पूर्व यह मार्ग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।यदि नवाबगंज-तरबगंज व परसपुर मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है तो ऐसी दशा में रगडगंज पुलिस चौराहे (थाना तरबगंज) से ही वाहनों को गोण्डा शहर की तरफ डायवर्ट करेंगे।जब जनपद अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम (साकेत पुल से टेढ़ी बाजार तक रोड शो) शुभारम्भ होगा तब ऐसी दशा में जो भी वाहन लोलपुर पुल की तरफ आते है उन्हें दो से तीन घण्टे तक लोलपुर पुल के नीचे सर्विस लेन व परशुरामपुर रोड पर रोका जायेगा।

# अवैध खनन पर क्षेत्राधिकारी सख्त, एक ट्रैक्टर ट्राली सीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कैसरगंज बहराइच- अवैध खनन के खिलाफ क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कहीं भी अवैध खनन की अगर शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। इसी घटना क्रम में आज पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड़ को सूचना मिलने पर कैसरगंज नगर की ओर आ रही ट्रैक्टर ट्राली को सीओ ने अपने हमराही के साथ पहुंच कर उक्त गाड़ी को रोक कर कोतवाली कैसरगंज के सुपुर्द कर दिया।थाना कैसरगंज में एक नफर ट्रैक्टर ट्राली 207 एमबी एक्ट के तहत सीज कर दिया।गाड़ी संख्या यू पी 40




ए ई 0323 गाड़ी स्वामी फिरोज अहमद को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि कोई भी ट्रैक्टर ट्राली बगैर किसी ड्राइविंग लाइसेंस (डी एल) के गाड़ी नहीं चलाएगा अगर ऐसी अवस्था में कोई भी व्यक्ति बगैर ड्राइविंग लाइसेंस की गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और खनन के लिए टैक्टर ट्रॉली कामार्शियल होना चाहिए।

# बलईगांव के मेडिकल स्टोरो की जांच करने पहुंचे एसएसबी व औषधि निरीक्षक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। एस एस बी 59वी वाहिनी, 'डी' समवाय द्वारा बलाईगांव के मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच की गई। सहायक कमांडेंट गौतम शर्मा के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक, बहराइच विनय कृष्ण एवं एसएसबी बल के 10 जवानों ने अनिल मेडिकल स्टोर, शमा मेडिकल स्टोर, आवेश मेडिकल स्टोर, राहत मेडिकल स्टोर तथा न्यू भारत मेडिकल स्टोर की सघन जांच एवं निरीक्षण किया साथ ही बलाईगांव में स्थित अन्य



मेडिकल स्टोर की भी जाँच की। जांच के दौरान अनिल मेडिकल स्टोर एवं शमा मेडिकल स्टोर से अभिलेख (लाइसेंस/बिल/वाउचर) नहीं मिलने के कारण दवाओं को औषधि निरीक्षक, बहराइच विनय कृष्ण द्वारा जब्त कर लिया गया तथा 2 दिन के अंदर उचित अभिलेख (लाइसेंस/ बिल/वाउचर) अन्यथा नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बढ़े लाइसेंस शुल्क को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जरवल बहराइच- नगर पंचायत जरवल द्वारा नगर के दुकानदारों पर लायसेंस शुल्क अधिक निर्धारित करने पर व्यापारियों में असंतोष व्याप्त हो गया था। इस विषय पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता ने व्यापारियों की अकस्मिक बैठक करके पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं अधिशाषी अधिकारी खुशबु यादव की उपस्थिति में नगर पंचायत जरवल के मीटिंग हाल में बैठक की गई। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं व्यापारियों तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं अधिशाषी अधिकारी के मध्य लायसेंस शुल्क पर व्यापक चर्चा की



अधिशायी अधिकारी खुशबु यादव को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष व मौजूद अन्य व्यापारी

गई।अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बढ़ी हुई लायसेंस शुल्क को तीन वर्ष की अवधि कर दी जाय।इस निर्णय से व्यापारियों की ओर से सहमति व्यक्त की गई। व्यापार प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता कर रहे थे। जिसमें सर्राफा ऐसोसिएशन अध्यक्ष राजेश कसौंधन,अनिल कुमार सोनी, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष शब्बू मंसूरी, उपाध्यक्ष कारी शकील अहमद, तसकीर अहमद, सौरभ कसौंधन, मंत्री नवनीत कौशल, माजिद मुल्ला, हफीज खां, कोषाध्यक्ष आवेश अहमद,परमेश अग्रवाल, कमाल अहमद, सुनीत कुमार, इरफान बैकरी,कुंवर दीप, रवि गुप्ता सहित अधिक संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# खॉसी की नकली औषधि कफ सीरप के रोकथाम हेतु औषधि निरीक्षक ने की जांच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा : जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में खॉसी की नकली औषधि कफ सीरप के रोकथाम हेतु औषधि निरीक्षक रजिया बानो द्वारा औषधि प्रतिष्ठान प्रेम मेडिकल स्टोर मोतीगंज बाजार में निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जय बजरंग मेडिकल्स सिहवा गाँव मोतीगंज,जय बजरंग मेडिकल हॉल पीपल चौराहा मोतीगंज,प्रकाश मेडिकल हॉल मोतीगंज बाजार एवं बालाजी मेडिकल हॉल मोतीगंज रोड स्थित के द्वारा



प्रतिस्ठान बन्द करते पाया गया,जिनको कारण बताओ नोटिस प्रेषित कर सारे अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।प्रदीप मेडिकल स्टोर वजीरगंज बाजार,एवं खुशी मेडिकल हॉल डुमरियाडिह चौराहा स्थित,मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया, जाँच के उपरांत प्रतिष्ठान में पाई गई कमियों को निरीक्षण आख्या में अंकित कर प्रतिष्ठान में सुधार करने हेतु निर्देशित कर ,अनुज्ञापन प्राधिकारी, देवीपाटन मंडल गोंडा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, साथ ही मेडिकल स्टोर में रखी कफ सीरप औषधियों में से पाँच गुणवत्ताहीन संदिग्ध औषधि पाये जाने पर उसका नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया, तथा प्रयोगशाला द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। निरंतर नमूनों की सैम्प्लिंग की जा रही है ताकि गुणवत्ता पूर्ण औषधियाँ जनमानस को उपलब्ध हो सके।

# गश्ती के दौरान एसएसबी 59वीं वाहिनी ने नेपाली कच्ची शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। 120 बोतल नेपाली शराब एवं 89 लीटर देशी कच्ची शराब के साथ चार तस्करों को एसएसबी व पुलिस ने संयुक्त रूप से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा में तैनात एस एस बी 59वीं वाहिनी नानपारा द्वारा गुरुवार को अभिनव कश्यप कार्यवाहक कमांडेंट 59वीं वाहिनी के नेतृत्व में निरीक्षक (सामान्य) सुरेंद्र पाल एवं थाना मोतीपुर पुलिस के साथ संयुक्त गस्ती के दौरान मिली सूचना के आधार पर सीमा स्तम्भ संख्या 657/01 से लगभग 100 मीटर भारत की तरफ गस्ती के दौरान चार व्यक्ति द्वारा नेपाल की ओर से 120 बोतल नेपाली शराब एवं 89



लीटर देशी कच्ची शराब लेकर आ रहे थे जिसको गस्ती दल द्वारा चेकिंग के दौरान पकड़ लिया गया नाम पता पूछने पर अभियुक्त ने अपना नाम सूरज चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जुगनिया, पोस्ट- सांगवा, थाना- मोतीपुर जिला बहराइच (उत्तर-प्रदेश) बताया। इसके साथ ही तीन अन्य साथी भी पकडे गए। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाईम्स संवाददाता




पीलीभीत।गन्ना विकास परिषद पीलीभीत एवं गन्ना किसान संस्थान शाहजहापुर द्वारा संयुक्त रूप से कृषक गोष्ठी का आयोजन ग्राम देवीपुर के पंचायत भवन प्रांगण में किया गया।उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आर.डी.तिवारी ने किसानो को भूमि की उर्वरता बनाये रखने के लिये जीवांश पदार्थों के संरक्षण के बारे में बताया।मृदा में कम होते जीवांश का प्रभाव फसलों के वृद्धि पर भी पड़ता है।इसके लिए फसल अवशेष प्रबंधन करना आवश्यक है।यदि कृषक गण फसल अवशेष जलाते हैं।तो मृदा का जैविक संतुलन बिगड़ जाता है।जिसका प्रभाव फसल उत्पादन पर पड़ता है।सहायक निदेशक पी. के. कपिल ने फसल कटाई के बाद पेड़ी प्रबन्धन हेतु कई उपाय बताए।उन्होंने नई प्रजातियों के गन्ना बीज को भी बीज शोधन के बाद ही बुआई करने की सलाह दी।जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने सहफसली खेती में दलहन,तिलहन के अलावा हरी सब्जियों एवं मसाले वाली फसलों को भी फसल चक्र में स्थान देने के लाभ बताए। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरुण सिंह ने पशुपालन का खेती में उपयोगिता एवं गोपालन से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत चर्चा की। आपने जीवामृत,घनामृत एवम बीजामृत बनाने एवम प्रयोग की विधि बताई।उन्होनें नीमस्त्र,अग्नियस्त्र एवं ब्रह्मास्त्र द्वारा भी प्राकृतिक तरीके से रोग एवं कीट नियंत्रण की जानकारी दी गयी। कृषक गोश्ठी के समापन के बाद गोश्ठी की अध्यक्षता कर रहे हरिओम गंगवार के प्रक्षेत्र पर ट्राइकोडर्मा के मल्टीप्लिकेशन की विधि का वरिष्ठ वैज्ञानिकों के निर्देशन में तैयार करने की विधि उपस्थित कृशकों को दी गयी। ट्राइकोडर्मा चीनी मिल पीलीभीत द्वारा उपलब्ध कराया गया था।इस संगोश्ठी में चीनी पीलीभीत के महा प्रबन्धक गन्ना केवी शर्मा ने गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने में कृषकों को हर स्तर पर सहयोग करने का आश्वासन दिया।उन्होंने ट्रेंच ओपनर एवं रिंग पिट डिगर भी कृषकों की मांग पर उपलब्ध कराने की बात कही। गोष्ठी के अंत मे ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक,पीलीभीत ने सभी वैज्ञानिको एवं कृषको के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा किसानों को हर स्तर पर सहयोग करने की बात कही। गोष्ठी में रमेश चंद्र शर्मा, धर्मपाल, श्यामाचरण, सत्यप्रकाश, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

# सीलिंग की जमीन पर बोया गन्ना किसान नेताओं ने कार्रवाई की करी मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाईम्स संवाददाता



पूरनपुर।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी कलीनगर आशुतोष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि कलीनगर के राजस्व ग्राम सिमरा तालुके महाराजपुर में सीलिंग की सरकारी भूमि को भू माफियाओं से कब्जा मुक्त कराने के लिए ज्ञापन देकर भूमाफियाओं से जमीन मुक्त कराने की मांग की है। साथ में जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर उक्त सरकारी जमीन को भू माफियाओं से मुक्त नहीं करवाया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक अतिशीघ्र आन्दोलन को बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# नगर में निकली भव्य यात्रा

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में निकल गई कलश यात्रा

कैनविज टाईम्स संवाददाता




पूरनपुर।नगर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत को लेकर विश्व हिंदू परिषद में कलश यात्रा का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो महिलाओं ने अपने सर पर कलश में अक्षत रखकर नगर में भ्रमण किया पूजित अक्षत कलश यात्रा श्री रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड बड़े हनुमान मंदिर सीताराम मंदिर में मार्केट होते हुए पानी की टंकी से बाल्मीकि मंदिर की ओर पहुंची पकड़िया चौराहे से सीमेंट रोड होते हुए वापस रामलीला मैदान में समाप्त हुई इस यात्रा का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरनपुर के मार्गदर्शन में विश्व हिंदू परिषद नगर इकाई ने किया इस यात्रा में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,जिला प्रचारक दुष्यंत विश्व हिंदू परिषद के प्रिंस सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक शिवकुमार,नगर संघचालक रवि गुप्ता, सह नगर संघ चालक निरंजन पांडे,खांड संचालक हरिओम अवस्थी,अंशु गुप्ता विभाग योग प्रमुख,श्रीपाल अरुण पांडे ,आशीष जौहरी,भारतेंदु सिंह, रामचंद्र पवार, अनुज गुप्ता, विधायक बाबू राम पासवान, पूर्व राज्य मंत्री विनोद तिवारी सहित सैकड़ो लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान किया है।

# राज्यमंत्री की अध्यक्षता में गांधी सभागार में राजस्व विभाग व चकबन्दी विभाग से सम्बन्धित समीक्षा बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाईम्स संवाददाता

पीलीभीत।राज्यमंत्री राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश शासन अनूप प्रधान की अध्यक्षता में गांधी सभागार में देर शाम राजस्व विभाग व चकबन्दी विभाग से सम्बन्धित समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान धारा-24, 34, 38, 67, 80, 116 एवं राजस्व संहिता की अद्यतन स्थिति, ई-डिस्ट्रिक्ट के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण,राजस्व वसूली की समीक्षा,आईजीआरएस, राजस्व वादों में पंजीकृत निस्तारित एवं 03-05 वर्ष के लंबित वादो के निस्तारण के संबंध में समीक्षा की गयी। राज्य मंत्री अनूप प्रधान ने तहसील वार धारा-24, 34, 38, 67, 80, 116 के अंतर्गत समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व संबंधी सभी वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन की तिथि लगाकर इन

### राजस्व संबधि 03-05 वर्ष के लंबित वादो को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने हेतु अधिकारियों को दिये निर्देश

वादों को एक माह में निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने धारा 67 के अन्तर्गत सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे पर कार्यवाही करने और लगाए गये जुर्माने की वसूली को यथाशीघ्र वसूलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकता का कार्य है।अवैध रूप से कब्जा करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये यथाशीघ्र बेदखली की कार्यवाही की जाए। उन्होने बड़े भूक्षेत्र वाली भूमि को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता से कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए।धारा 24 अन्तर्गत तहसील सदर में 05 वर्ष से अधिक लंबित 02 वादो को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराते हुये रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये। तहसील बीसलपुर, सदर व अमरिया में लंबित वादों को एक माह में निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने सभी तहसीलदारों को निर्देशित करते हुये कहा कि धारा 67 के अन्तर्गत वादो के सापेक्ष कितनी जमीने खाली करायी गयी तथा किताना जुर्माना वसूला गया है रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों पर शासन की ओर से अपना पक्ष मजबूती के साथ प्रस्तुत करें। धारा 80 के अन्तर्गत समीक्षा करते हुए उन्होने निर्देश दिये अनआथोराइज्ड कॉलोनियों को जमीन न दे औद्योगिक एवं विकास कार्यों के लिए ही भूमि उपलब्ध करायी जाए। उन्होने उपजिलाधिकारी न्यायालय में लम्बित धारा 116 के प्रकरणों के संबंध में कहा कि व्यवहारिक स्तर से भी वादों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाए। लक्ष्य के सापेक्ष की गयी वसूली की सराहना करते हुये उन्होने कहा कि यथाशीघ्र शत-प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित किया जाए।उन्होने चकबन्दी विभाग की समीक्षा करते हुए जनपद में चकबन्दी ग्रामों की जानकारी ली। इस दौरान अवगत कराया गया कि चकबन्दी हेतु 25 गॉव,02 गांव 26 वर्ष पुराने है तथा 03 ग्रामों में चल रही चकबन्दी कार्यों को तेजी से कराने के साथ यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आईजीआरएस के सम्बन्ध में जानकारी ली गुणवत्तायुक्त निस्तारण व राज्य स्तर पर अच्छी रैंक में जनपद का नाम होने पर प्रशंसा की गई।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम सिंह गौतम,उप जिलाधिकारी सदर,एसडीएम बीसलपुर,एसडीएम कलीनगर,तहसीलदार व नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कोहरा बना दो युवकों का काल, दोनों की हुई मौत

## मेडिकल कॉलेज के निदेशक ने परिजनों को प्रदान की आर्थिक सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निदेशक ने एक -एक लाख रुपये की म्रतको के परिजनों की आर्थिक सहायता :- सरस्वती मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ सौरभ कंवर ने बताया कि दोनो कर्मियों के परिजनों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई,कॉलेज ने अन्य कर्मचारी भी अपने सहयोग से सहायता प्रदान करेंगे,कंवर ने बताया कि परिजनों के

मेडिकल कॉलेज में कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि:-कर्मियों की सड़क हादसे में मौत होने पर मेडिकल कॉलेज में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी,शोक सभा मे कॉलेज के निदेशक डॉ सौरभ कंवर,प्रधानचार्य आर0एन श्रीवास्तव, गुलाब सिंह,आरके वर्मा,एसके सिंह,अखिलेश मौर्या, रजनीश सिंह,अंतरिक्ष हुड्डा,अभिषेक सिंह,सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

नवाबगंज, उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ के पास सड़क घेर कर खड़ा लोडर बना काल बुधवार रात घने कोहरे में लोडर नजर न आने से बाइक सवार पीछे से भिड़ गए। हादसे में निजी मेडिकल कॉलेज के दो कर्मचारियों की मौत हो गई।हादसे की सूचना कॉलेज में साथी कर्मियों को मिलने पर हड़कम्प मच गया,आनन फानन मृतको के परिजनों को सूचना दी गई, नवाबगंज सीएचसी से बुधवार देर रात दोनो शवो को मर्चरी भेजा गया जहाँ देररात पहुँचे परिजन रोते बिलखते रहे। गुरुवार पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव लेकर अपने घर चले गए,जानकारी अनुसार बुधवार देररात घने कोहरे व हाईवे किनारे खड़े डाले ने दो जिंदगी लील ली लखनऊ से वापस मेडिकल कालेज लौट रहे लखनऊ के विकास नगर निवासी गौरव पाठक(27) पुत्र गोविंद पाठक सोहरामऊ के सरस्वती मेडिकल कॉलेज में 'स्टोर इंचार्ज के पद और चिनहट लखनऊ निवासी विवेकानंद (26) सिविल इंचार्ज थे। बुधवार को गौरव साथी विवेकानंद के साथ लखनऊ स्थित अपने घर गया था। रात करीब 11 बजे दोनों मेडिकल कॉलेज लौट रहे थे।बाइक गौरव चल रहा था। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ के पास सड़क घेर कर खड़ा लोडर घने कोहरे के कारण दिखाई नहीं दिया और बाइक उसमें पीछे से जा घुसी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।दोनो के शवों को बुधवार देररात सोहरामऊ पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।वही मेडिकल कॉलेज में सभी कर्मी मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गैरतपुर जप्ती और जैठापुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।पूर्व सांसद नैनीतालऽबहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ल्लविकसित भारत संकल्प यात्रा अभियानङ्क के अंतर्गत पीलीभीत बहेड़ी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा पूरनपुर स्थित पूरनपुर ब्लॉक की ग्रामसभा गैरतपुरऽजप्ति एवं जेठापुर खुर्द में सरकारी योजनाओं से अवगत करवाते हुए मोदी के पंच प्रण की शपथ दिलाई,तत्पश्चात केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनलाभ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।पासी ने कहा कि मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है जो मोदी की लाभकारी योजनाओं से अभागा रह गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत मोदी की गारंटी वाली गाड़ी प्रत्येक गांव पहुंच रही है जिसका लाभ हर व्यक्ति को मिल रहा है।इस अवसर पर विधायक पूरनपुर विधानसभा बाबूराम,मंडल महामंत्री भाजपा घुंघचिहाई सुनील दीक्षित,लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, ग्राम प्रधान राजाराम,शेर सिंह कुशवाह,संतोष कुमार सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# यहां रक्षक ही भक्षक बन गए, बहाने से बुलाकर बालिका से की छेड़खानी

## साहब..और उसने मुझे किस कर लिया...

**यहा पुलिस ने नाबालिग से की छेड़-छाड़, बालिका को अश्लील मैसेज भी भेजे, इज्जत के बदले मोबाइल व पैसा का दिया था लालच!जब नही बन पाई बात तो बहाने से बुलाकर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर-खीरी। जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका निभाने लगे तो आम जनता किस पर विश्वास करे कुछ ऐसे दागदार चेहरे सम्पूर्ण महकमे की साख पर बट्टा लगाते है।

लड़कियों और महिलाओं के साथ ज्यादती और छेड़छाड़ के बढ़ते मामलों के बीच शहर में एक अलग ही तरह का मामला सामने आया है।

जनता के रक्षक ही भक्षक बन लड़कियों की इज्जत आबरू से खिलवाड़ करने पर आमादा हैं ताजा मामले में जिले में तैनात एक सिपाही ने पड़ोस की नाबालिग लड़की को बुलाकर जबरदस्ती करने की कोशिश की बल्कि आबरू के बदले मोबाइल व दस हजार रुपए की पेशकश भी की थी फिलहाल जिले के आला अधिकारियों को लड़की के परिजनों ने लिखित शिकायत देते हुए सिपाही पर विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की गुहार लगाई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंासी पर लटका मिला युवक का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव पाही खुर्द में सूचना में पहुंची पुलिस ने 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव उसी की बाग के आम के पेड़ में लटका हुआ मिला, पुलिस द्वारा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनास्थल के हालातों व स्वजनों के द्वारा हत्या की आशंका के चलते घटनास्थल पर फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वायड भी बुलाया गया।यूनिट ने घटनास्थल के जहां साक्ष्य एकत्र किए वहीं आया डॉग घटनास्थल पर ही घूमता रहा और आगे नही गया। गुरुवार की सुबह उक्त गांव निवासी 45 वर्षीय सुनील कुमार उर्फ झल्लर पुत्र स्व राम दुलारे का शव उनकी ही अपनी बाग के एक आम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। दिवंगत के चचेरे भाई अनुज व रामकिसन के अनुसार दिवंगत सुनील रोज की तरह घर से शाम को खाना खाकर घर से लगभग 50 मीटर दूर खेतो से सटे हुए बने अपने बंगले में सोने के लिए गया था।

रात लगभग 1 बजे सुनील शौच क्रिया के लिए घर आया और अपनी बूढी अस्वस्थ मां को आवाज लगा कर हालचाल भी लिए और फिर अपने बंगले में चला गया।

सुबह उसका शव अपनी ही बाग में आम के पेड़ में रस्सी में लटका हुआ पाया गया। स्वजनों व पुलिस के अनुसार दिवंगत के हाथ पीछे बंधे होने तथा रस्सी जिस तरह से शव में बंधी हुई थी जिससे दिवंगत की हत्या किए जाने की आशंका है। मामले में थाना अध्यक्ष अखिलेश तिवारी ने बताया कि हालात हत्या की ओर इशारा कर रहे है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्वजनों ने अभी तक कोई तहरीर नही दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए है। डॉग स्क्वायड भी बुलाया गया था परंतु घटना स्थल पर अधिक चहल कदमी हो जाने की वजह से वो कुछ कर नही सका। दिवंगत अपने माता पिता की अकेली संतान था जो लगभग चार बीघे जमीन में खेती करके अपना जीवन यापन कर रहा था। पिता रेलवे में थे जिनका निधन हो चुका है। उसके अपने परिवार में बीस वर्षीय अविवाहित पुत्री, पत्नी व बीमार बूढी माँ रहती हैं ।

## राम मंदिर अयोध्या में होने जा रहे श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर में निकाली गयी कलश यात्रा : चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता

पूरनपुर ।अयोध्या धाम में 22 जनवरी को राम मंदिर में श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है इस उपलक्ष्य में नगर में धूम धाम से कलश यात्रा निकाली गयी । जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओ ने भाग लिया। नगर पालिका परिषद पूरनपुर व विद्यालय व मंदिरों द्वारा झाकियां भी इस यात्रा में निकाली गयीं जिसमें प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता के द्वारा राम मंदिर मॉडल की शानदार झांकी प्रस्तुत की गयी जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान,पूर्व मंत्री डॉ.विनोद तिवारी, पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता व क्षेत्रीय प्रमुख गण मान्य उपस्थित रहे।

## फतेहपुर थाना क्षेत्र युवक ने लगाई फंासी,मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव नया बंगला मजरा जाजा मऊ एहतमाली निवासी राजेन्द्र के लगभग अठ्ठाइस वर्षीय पुत्र संदीप ने बुधवार देर रात घर के अंदर रखे छप्पर में फंासी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह उठे परिजनों ने जब उसे लटका देखा तो घर मे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाँव निवासी संदीप की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने आत्महत्या के कारणों से अनभिज्ञता जताई है।

## जल ज्ञान यात्रा निकालकर बताया महत्व

उन्नाव। में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल ''जल ज्ञान यात्रा'' का आयोजन विकास खंड विछिया की टीकर गढ़ी पाइप पेयजल योजना का भ्रमण कराया ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाई जा रही जल सप्लाई की दिखाई जा रही प्रक्रिया अकरमपुर स्थित जल विश्लेषण प्रयोगशाला में जल की गुणवत्ता की जांच दिखाई गई लोकगीतों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति किया जा रहा जागरूक जिले में स्वच्छ जल और उसकी एहमियत क्या होती है इसको आज उन्नाव के स्कूली बच्चों ने भलीभांति जाना। उन्नाव में गुरुवार को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल 'जल ज्ञान यात्रा' का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ एडीएम नरेन्द्र कुमार सिंह एवं सीडीओ ऋषि राज ने हरी झंडी दिखाकर किया। जल ज्ञान यात्रा के माध्यम से स्कूली बच्चों को यूपी में चल रही 'हर घर जल' योजना की जानकारी दी गयी। बच्चों को सबसे पहले विकास खंड विछिया की टीकर गढ़ी पाइप पेयजल योजना का भ्रमण कराया गया।

# सैलाब के सवाल

यह अच्छी बात है कि साल के समापन और नये साल के स्वागत से जुड़े आयोजनों व पर्यटन के लिये हिमाचल की वादियों में सैलानियों का सैलाब उमड़ा है। यह सुखद है कि मानसून की अतिवृष्टि से आहत हिमाचल में अरसे बाद पर्यटन की रंगत नजर आ रही है। होटल-गेस्ट हाउस फुल हैं। अटल टनल से लेकर सड़कों तक में कारों के काफिले ही काफिले नजर आ रहे हैं। निश्चित रूप से हिमाचल की आर्थिकी के लिये यह शुभ संकेत हैं। लेकिन इसके बावजूद हमें पहले पर्यटन के अनुरूप ढांचा भी तैयार करना है। यह अच्छी बात नहीं है कि शिमला व कुल्लू मनाली की तरफ जाने वाले हाईवे पर कारों के कई किलोमीटर लंबे जाम नजर आ रहे हैं। यह तार्किक है कि जब देश के विभिन्न भागों से लोग नया साल का जश्न मनाने पहाड़ों की तरफ आ रहे हैं तो उनकी सुख-सुविधा का ख्याल रखना भी जरूरी है। जिन स्थानों पर अक्सर जाम लगता है, वहां ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए जो पर्यटकों के लिये राहतकारी हो। आसपास जरूरी चीजों की दुकानों,पानी और प्रसाधन आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। कहीं न कहीं वाहनों के पंजीकरण और सड़कों पर वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। ऑनलाइन पंजीकरण के जरिये वाहनों का आगमन नियंत्रित किया जा सकता है। पर्यटन के सीजन में शासन-प्रशासन को भी पर्यटकों की सुख-सुविधा का विशेष ख्याल रखना चाहिए। प्रयास हो कि पर्यटकों से वस्तुओं के जायज दाम लिए जाएं। अक्सर देखा जाता है कि पीक सीजन में होटल मालिक पर्यटकों से मनमाने किराये वसूलते हैं। सामान के दाम भी महंगे हो जाते हैं। प्रयास हो कि बाहर से आने वाला पर्यटक राज्य से अच्छा अनुभव लेकर जाए। इसके अलावा यह भी है कि राज्य का पर्यटन विभाग राज्य के नये पर्यटक स्थलों को प्रचारित-प्रसारित करे। जिससे परंपरागत पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का दबाव कम हो सके। साथ ही पहले ही आबादी के बोझ से चरमरा रहे हिल स्टेशनों को कुछ राहत मिल सके।लेकिन वहीं सरकार को हाल के मानसून में अतिवृष्टि से बाढ़ व भूस्खलन की त्रासदी को याद रखना चाहिए। हमें पर्यटन को तो बढ़ावा देना चाहिए लेकिन पहाड़ के पर्यावरण को भी बचाने का प्रयास करना चाहिए। हमें तात्कालिक आर्थिक हितों के बजाय पहाड़ों के दूरगामी भविष्य को ध्यान में रखना चाहिए। पहाड़ के साथ सहजता व सामंजस्य का व्यवहार अपरिहार्य है। दरअसल, हिमालय के पहाड़ अपेक्षाकृत नये हैं,जिन पर आधुनिक विकास व निर्माण का ज्यादा बोझ नहीं डाला जा सकता। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि तमाम पर्यावरणवादी मानते रहे हैं कि ये पहाड़ फोर-लेन के लिये नहीं बने हैं। सड़कों के विस्तार के लिये जहां पहाड़ों की जड़ों को खोदा गया,वहां इस बार भूस्खलन का ज्यादा प्रकोप देखा गया। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि पहाड़ हमारी विलासिता के लिये नहीं बने हैं। ये अध्यात्म के स्थल भी हैं और आस्था के केंद्र भी हैं। पर्यटक पहाड़ों पर सिर्फ मौज-मस्ती के लिये न आयें। प्रकृति के सौंदर्य का भी संरक्षण जरूरी है। वह तभी संभव है जब हमारा व्यवहार पहाड़ की संस्कृति के अनुरूप होगा। इसके लिये जरूरी है कि हम पर्यावरण व प्रकृति की गरिमा के अनुरूप व्यवहार करें। आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों से जूझ रहा है तो देश के पर्यावरण और मौसम को प्रभावित करने वाले पहाड़ों के परिवेश का संरक्षण बेहद जरूरी है। हाल के दिनों में जोशीमठ के भूस्खलन के बाद यह बात सामने आई है कि पहाड़ जनसंख्या के बोझ से चरमरा रहे हैं। हिमाचल के कई जिले इस दृष्टि से संवेदनशील पाये गये हैं। नीति-नियंताओं को विकास व पर्यटन की दृष्टि से पहाड़ों के साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। हमें न केवल वर्तमान को सुखदायी बनाना है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिये पहाड़ों का पर्यावरण संरक्षित भी करना है। पहाड़ सुकून के लिये हैं, हमारी भोग-विलासिता के लिये नहीं है। यह बात सरकारों को भी ध्यान में रखनी है और पर्यटकों का आचरण भी इसके ही अनुरूप होना चाहिए।

# कोरोना की दहशत और भारतीय रेल

**कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामलों ने पूरे देश को एक बार फिर चिंता में डाल दिया है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नए मामलों के साथ-साथ उसका नया वैरिएंट जेएन.1 भी पैर पसारने लगा है। भारत में अबतक इस वायरस के कई मामले सामने आ चुके हैं। नए वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर जियो सिक्वेंसिंग के माध्यम से जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। परन्तु स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इसे लेकर फ़िलहाल घबराने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि नए वैरिएंट की चपेट में आए अधिकांश लोगों का इलाज अब तक घर पर ही संभव हो सका है। फिर भी देश उन दिनों को भूल नहीं पा रहा जब भारत सहित विश्व के अधिकांश देश 'लॉक डाउन ' से जूझ रहे थे। उस समय विश्व की अनेक सरकारों ने जहां कोरोना के वैश्विक प्रसार को रोकने के लिये पूरे विश्व की विमान सेवाओं को स्थगित कर दिया था वहीँ देश के भीतर रेल व बस सहित लगभग सभी सार्वजनिक यहाँ तक कि निजी वाहनों के आवागमन को भी कोरोनाकाल में प्रतिबंधित कर दिया गया था। माना जाता है किसी भी देश में महामारी के विस्तार में सबसे बड़ी भूमिका रेल प्रणाली की ही होती है। क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में यात्री एक दूसरे के निकट आते जाते व बैठते हैं तथा देर तक और दूर तक साथ यात्रा करते हैं। इसलिये किसी भी महामारी के विस्तार में रेल सबसे अहम भूमिका निभाती है। अब एक बार फिर भारत में कोरोना के पैर पसारने की ख़बर आ रही है। इस बार यह एक नये वैरिएंट के साथ फैल रहा है। देश के लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई एयर पोर्ट पर यात्रियों की प्रारंभिक व ज़रूरी जांच शुरू हो चुकी है।**

देश में एक बार फिर घोर संक्रमणकारी मर्ज़ कोरोना के संभावित विस्तार को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म है। कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामलों ने पूरे देश को एक बार फिर चिंता में डाल दिया है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नए मामलों के साथ-साथ उसका नया वैरिएंट जेएन.1 भी पैर पसारने लगा है। भारत में अबतक इस वायरस के कई मामले सामने आ चुके हैं। नए वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर जियो सिक्वेंसिंग के माध्यम से जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। परन्तु स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इसे लेकर फ़िलहाल घबराने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि नए वैरिएंट की चपेट में आए अधिकांश लोगों का इलाज अब तक घर पर ही संभव हो सका है। फिर भी देश उन दिनों को भूल नहीं पा रहा जब भारत सहित विश्व के अधिकांश देश 'लॉक डाउन ' से जूझ रहे थे। उस समय विश्व की अनेक सरकारों ने जहां कोरोना के वैश्विक प्रसार को रोकने के लिये पूरे विश्व की विमान सेवाओं को स्थगित कर दिया था वहीँ देश के भीतर रेल व बस सहित लगभग सभी सार्वजनिक यहाँ तक कि निजी वाहनों के आवागमन को भी कोरोनाकाल में प्रतिबंधित कर दिया गया था। माना जाता है किसी भी देश में महामारी के विस्तार में सबसे बड़ी भूमिका रेल प्रणाली की ही होती है। क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में यात्री एक दूसरे के निकट आते जाते व बैठते हैं तथा देर तक और दूर तक साथ यात्रा करते हैं। इसलिये किसी भी महामारी के विस्तार में रेल सबसे अहम भूमिका निभाती है। अब एक बार फिर भारत में कोरोना के पैर पसारने की ख़बर आ रही है। इस बार यह एक नये वैरिएंट के साथ फैल रहा है। देश के लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई एयर पोर्ट पर यात्रियों की प्रारंभिक व ज़रूरी जांच शुरू हो चुकी है। कुछ राज्यों ने मास्क अनिवार्य कर दिए हैं। सरकार की ओर से भी नागरिकों को कोरोना से बचाव सम्बन्धी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। परन्तु सबसे बड़ा सवाल यह है कि देश की रेल व्यवस्था जिसे की कोरोना विस्तार का सबसे अहम कारक माना जाता है उसे लेकर सरकार और रेल मंत्रालय की तरफ़ से क्या तैयारियां हैं। इत्तेफ़ाक़ से पिछले दिनों एक पारिवारिक विवाह समारोह में शिरकत करने के लिये लखनऊ जाने का मौक़ा मिला। कोरोना विस्तार के भय के साये में हो रही लखनऊ की यह रेल यात्रा बेहद चौकस होकर करनी पड़ी। परन्तु अफ़सोस की बात तो यह है कोरोना की दहशत के साये में भी ट्रेन में दुर्व्यवस्था,गंदिगी,विभागीय अवहेलना का वही आलम देखने को मिला जो आम तौर पर भारतीय रेल में हमेशा ही दिखाई देता है। मेरा आरक्षण 13307 गंगा सतलुज ट्रेन में था। अपराह्न क़रीब तीन बजे ट्रेन लखनऊ पहुंची। धनबाद से चलकर लखनऊ पहुँचने वाली ट्रेन के वातानुकूलित कक्ष में फ़र्श पर हर तरफ़ चादर कम्बल आदि फैले हुये थे। यह उन यात्रियों के थे जो धनबाद लखनऊ के बीच इसका इस्तेमाल कर छोड़ गए थे। परन्तु साथ चल रहे बेडिंग वितरण स्टाफ़ की अनदेखी व अकर्मण्यता के चलते उन्हें समेटा नहीं गया था जिसके चलते वह डिब्बे में इधर उधर गुज़रने वाले यात्रियों के जूतों की ठोकरें खा रहे थे। कई वातानुकूलित कक्ष तो ऐसे थे जिसके एक प्रवेश द्वार को इन्हीं बेड रोल वितरण स्टाफ़ द्वारा बेड रोल के बोरों से भरकर स्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। इससे यात्रियों द्वारा कम्पार्टमेंट का एक ही दरवाज़ा प्रयोग में लाया जा रहा था जोकि उस डिब्बे में चढ़ने उतरने वाले यात्रियों के लिये काफ़ी भीड़ भरा व कष्टदायक था। दूसरी तरफ़ मेरे जैसे अनेक यात्री जो लखनऊ से अपराह्न 3 बजे सवार हुये थे उन्हें ठण्ड होने के बावजूद रात आठ बजे तक बेडिंग नहीं दी गयी। उधर इसी ट्रेन के डिब्बे में टॉयलट से लेकर आवागमन के रास्तों में यहाँ तक कि शयन बर्थ पर गंदिगी का वह आलम था की जगह जगह कॉकरोच विचरण करते दिखाई दे रहे थे। वाश बेसिन ओवरफ़्लो हो रहे थे। टॉयलट में हैंड वाश नाम की कोई चीज़ नहीं। कोई सेनिटाइज़िंग का प्रबंध नहीं, बल्कि दुर्गन्धपूर्ण वातावरण था । इसके बजाये वातानुकूलित कक्ष में सारी रात आम यात्रियों की आवाजाही और टी टी की 'अनुकम्पा ' से उन्हें ए सी कोच में यात्रा के लिये इजाज़त देना जैसी अनेक बातें ऐसे थीं जिन्हें देखकर यह महसूस ही नहीं हो रहा था कि देश एक बार फिर कोरोना की दहशत में जी रहा है। और न ही इस बात का एहसास हो रहा था कि सरकार ख़ासकर रेल विभाग की ओर से भी ऐसे कोई उपाय किये गये हों जोकि कोरोना विस्तार को रोकने में मददगार साबित हों यहां तक कि रेलवे स्टेशन पर भी इससे सम्बंधित कहीं कोई निर्देशावली नज़र नहीं आई। कहीं इससे सम्बंधित कोई उद्घोष होते नहीं सुनाई दिया। केवल अख़बार और कुछ टी वी चैनल्स के माध्यम से ही कोरोना सम्बन्धी कुछ सूचनायें मिल पा रही हैं। परन्तु ठीक इसके विपरीत उत्तर प्रदेश की पूरी राजधानी और रेलवे बस स्टेशन एयर पोर्ट बाज़ारें मॉल आदि मोदी की कथित गारंटी के प्रचार से पटे पड़े हैं। 22 जनवरी के अयोध्या कार्यक्रम का प्रचार ज़ोरों पर है। सरकार बड़े गर्व से हज़ारों करोड़ प्रचार पर ख़र्च कर यह बता रही है की कैसे वह देश के अस्सी करोड़ लोगों को 'मुफ़्त ' राशन बाँट रही है। सवाल यह है कि सरकार जनता के जितने पैसे अपनी पीठ थपथपाने वाले विज्ञापनों पर ख़र्च कर यह साबित करना चाहती है कि वर्तमान सरकार और उसके कुछ चुनिंदा नेता गोया मानव नहीं बल्कि 'अवतार' हैं उससे कहीं कम ख़र्च में जनता को कोरोना से बचाव के विषय पर जागरूक किया जा सकता है। रेल संचालन को केवल सफ़ाई,सेनिटाइज़िंग व यात्रियों को जागरूक कर और रेल चलित स्टाफ़ की ज़िम्मेदारियों का निर्धारण कर कोरोना नियंत्रण हेतु प्रभावी बनाया जा सकता है। कोरोना की दहशत के मध्य भारतीय रेल का स्वच्छ, कुशल व ज़िम्मेदारी पूर्ण संचालन बेहद ज़रूरी है। **-निर्मल रानी**



# पनामा में पर्यावरण के लिए प्रतिरोध

**उपेन्द्र शंकर**

मध्य अमेरिकी देश पनामा की खुले गड्ढे वाली तांबे की खदान के खिलाफ जनता के विरोध प्रदर्शन ने पनामा को एक महीने से अधिक समय से घेराबंदी की स्थिति में रखा है। सड़क पर खड़े किये गये अवरोधों के कारण गैस और प्रोपेन ईंधन की कमी हो गई है। कई सुपर मार्केट की अलमारियां खाली हैं और रेस्टोरेंट, होटल सूने हैं, लेकिन 28 नवम्बर 2023 को पनामा में प्रदर्शनकारियों को खबर मिली कि सुप्रीम कोर्ट ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है कि व्यापक पर्यावरण विरोध का केंद्र बिंदु रही कनाडाई तांबे की खदान, श्कोबरे पनामाश के लिए 20 साल की रियायत असंवैधानिक है। यह भी पता चला कि पनामा के राष्ट्रपति ने कहा है कि खदान को बंद करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी।खबर सुनते ही लोग सड़कों पर निकल आये। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के सामने सड़क पर डांस किया। उन्होंने लाल, सफ़ेद और नीला पनामा का झंडा लहराया और राष्ट्रगान गाया। एक प्रदर्शनकारी रायसा बानफील्ड ने कहा-यही वह चीज है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। कनाडा के फर्स्ट क्वांटम मिनरल्स की स्थानीय सहायक कंपनी शिमनेरा पनामा, जो पनामा में खदान का संचालन करती है, ने एक बयान में कहा कि कोबरे पनामा अदालत के फैसले को स्वीकार करता है।कोबरे पनामा के नाम से जानी जाने वाली यह खदान 2019 से उत्पादन कर रही थी और प्रति वर्ष 300,000 टन तांबा निकाल रही थी। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग पांच प्रतिशत और पनामा के निर्यात का 75 प्रतिशत है। खनन क्षेत्र पनामा के श्जीडीपीश में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें कोबरे पनामा सबसे महत्वपूर्ण खदान रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोबरे पनामा देश के पर्यावरण के लिए एक आपदा है, इससे जंगली तटीय क्षेत्र को नुकसान होगा और विशेष रूप से जल-आपूर्ति को खतरा होगा। यह एक विदेशी निगम को दिया गया तोहफा है, जिसे जनता ने देश की संप्रभुता पर हमला करार दिया है। संप्रभुता का यह प्रश्न पनामावासियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि उन्होंने पनामा नहर क्षेत्र को अमेरिका के नियंत्रण से छुटकारा दिलाने के लिए 20वीं सदी में एक लम्बी लड़ाई लड़ी थी। इसी ओपन-पिट खदान को पिछले साल अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जब सरकार और श्फर्स्ट क्वांटमश के बीच सरकार द्वारा वांछित भुगतान पर बातचीत टूट गई थी। मार्च 2023 में पनामा की विधायिका श्फर्स्ट क्वांटमश के साथ एक समझौते पर पहुंची, जिससे शिमनेरा पनामाश को कम-से-कम 20 और वर्षों तक विशाल तांबे की खदान का संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई। इसे 20 अक्टूबर 2023 को कांग्रेस के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ाया गया। पनामा के राष्ट्रपति कॉर्टिजो ने कुछ घंटों में ही इस पर हस्ताक्षर कर अनुबंध को अंतिम मंजूरी दे दी, जिससे सहायक कंपनी को अगले 20 वर्षों के लिए राजधानी के पश्चिम में अटलांटिक तट पर एक जैव-विविधता वाले जंगल में खदान का संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई। राष्ट्रपति और उनके मंत्रिमंडल ने नए अनुबंध की सराहना करते हुए कहा था कि इससे राज्य और पनामा की जनता को अप्रत्याशित लाभ होगा। देश की जनता और पर्यावरण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रपति, उनका मंत्रिमंडल और कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी इस अनुबंध से सहमत और संतुष्ट नहीं कर पाए। खदान पर विवाद के कारण हाल के वर्षों में पनामा में सबसे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें खदान के बिजली संयंत्र की नाकाबंदी भी शामिल थी। प्रदर्शनकारियों ने पैन-अमेरिकन राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी अवरुद्ध कर दिया था। मिनेरा पनामा ने इस महीने की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि प्रदर्शनकारियों की छोटी नौकाओं ने कोलन प्रांत में उसके बंदरगाह को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे खदान तक किसी भी प्रकार की आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही थी। नौसेना पुलिस ने बताया कि कोयला ले जा रहे एक जहाज ने श्प्रदर्शनकारियों के एक समूह के तीव्र विरोध के कारण वापस लौटने का फैसला किया। विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद, सरकार ने एक प्रस्ताव पारित कर दिया था जो अनुबंध को रद्द कर देता, लेकिन 2 नवंबर 2023 को नेशनल असेंबली में एक बहस में वह पीछे हट गई। अल-जजीरा अखबार में माइकल फॉक्स के अनुसार, यह फैसला निवेशकों और देश की दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग के लिए एक बड़ा झटका है, लेकिन फिलहाल पनामा के लिए राहत का एक स्रोत है, जो दशकों में देश को परेशान करने वाले सबसे बड़े विरोध आंदोलन से हिल गया है। विश्लेषकों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन और फैसले का पनामा में कारोबार करने की इच्छुक विदेशी कंपनियों पर असर पड़ेगा। अदालत का यह फैसला और राष्ट्रपति की घोषणा खदान के कर्मचारियों के लिए भी झटका है।

## सेहत मंत्र

# चिकन, मीट और अण्डे से भी काफी ज्यादा शक्तिशाली है मूंगफली, तेजी से बढ़ता है वजन

अगर किसी व्यक्ति को अपनी बॉडी बनानी हो या फिर वेट गेन यानि कि वजन बढ़ाना हो तो सबसे पहले मीट, किचन और अण्डा खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन आपको बता दें कि सर्दियो में मिलने वाली मूंगफली इतनी शक्तिशाली और पोषक तत्वों से भरपूर होती है कि इसे सेहत का खजाना कहा जाता है। मूंगफली में मीट, किचन और अण्डे की तुलना में काफी ज्यादा प्रोटीन, विटामिन्स और अन्य ऐसे तत्व होते हैं जिनकी हमारे शरीर को जरूरत होती है। वजन बढ़ाने, शरीर की कमजोरी को दूर करने और चेहरे पर निखार लाने के लिए भी मूंगफली के सेवन की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं हम किस आधार पर मूंगफली को इतना पावरफुल बता रहे हैं। मूंगफली में मांस की तुलना में 2.3 गुना और अण्डे की तुलना 2.5 गुना और फलों की तुलना में 7 गुना अधिक प्रोटीन होता है। 100 ग्राम कच्ची मूंगफली खाना, एक लीटर दूध पीने के बराबर होता है। मूंगफली खाने से पाचन शक्ति बढ़ती है और हमारी पाचन क्रिया दुरस्त भी होती है। 250 ग्राम भुनी हुई मूंगफली खाने से हमारे शरीर को जितने खनिज और विटामिन्स मिलते हैं उतने 250 ग्राम चिकन खाने से भी नहीं मिलते हैं। मूंगफली में न्यट्रीशन्स, मिनिरल्स, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। मूंगफली हमारे खराब कोलेस्ट्राल को अच्छे कोलेस्ट्राल में बदलती है। मूंगफली में जितना प्रोटीन और एनर्जी होती है उतनी अण्डे में भी नहीं होती है। मूंगफली में पाया जाने वाला प्रोटीन दूध से मिलता है और चिकनाई घी से मिलती है। अकेली मूंगफली दूध, घी और बादाम की कमी को पूरा कर देती है। इसे गरीब का बादाम कहा जाता है। मूंगफली खाने से शरीर गर्म रहता है और फ़ेफड़ों को बल मिलता है। खाने के बाद इसका सेवन करने से पाचन तंत्र अच्छा होता है और मोटापा कमजोर इंसान हेल्दी होता है। श्वास के मरीजों के लिए भी मूंगफली खाना फायदेमंद होता है। मूंगफली गर्म होती है इसलिए जिन लोगों को गर्म चीज खाने से परेशानी होती है वो इसका कम सेवन करें।

## धर्म मंत्र

# सर्वोच्च कौमारी तीर्थ कामाख्या मंदिर में छिपा है अनोखा रहस्य

ऐसी मान्यता है कि नवरात्रि में देवी की पूजा करने से मनचाहा फल मिलता है। इस अवधि में भक्त नौ दिन तक व्रत रखते हैं और मां की पूजा करने मंदिरों में जाते हैं। नवरात्रि में शक्ति पीठ के दर्शन करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। देवी के कुल 51 शक्तिपीठ बताये गए हैं जिनकी अलग-अलग महिमा है। इसमें से सबसे खास है देवी कामाख्या का शक्तिपीठ जो असम के गुवाहाटी में सथित है। यह मंदिर एक पहाड़ी पर बना है। बताते हैं यह स्थान देवी के अन्य शक्तिपीठों से अलग है, क्योंकि यहां साधना के लिए तांत्रिकों का भी हुजूम उमड़ता है। कामाख्या मंदिर असम की राजधानी दिसपुर के पास गुवाहाटी से 8 किलोमीटर दूर कामाख्या से दस किलोमीटर आगे नीलाचल पर्वत पर स्थित है। मान्यता है कि प्राचीन तीर्थ कामाख्या तंत्र सिद्धि का सर्वोच्च स्थल है। यहां भगवती की महामुद्रा जिसे योनि-कुण्ड कहते हैं स्थित है। जानें अम्बूवाची पर्व के बारे में: जिस प्रकार उत्तर भारत में कुंभ महापर्व का महत्व होता है, उससे भी बढ़ कर आद्यशक्ति के अम्बूवाची पर्व का महत्व होता है। पौराणिक किवदंतियों के अनुसार अम्बूवाची पर्व के दौरान मां भगवती रजस्वला होती हैं और उनकी गर्भ गृह स्थित महामुद्रा योनि-तीर्थ से निरंतर तीन दिनों तक जल-प्रवाह के स्थान से रक्त प्रवाहित होता है। यह एक रहस्यमयी विलक्षण तथ्य है। कामाख्या तंत्र के एक श्लोक में इसा विवरण इस तरह दिया गया है योनि मात्र शरीराय कुंजवासिनि कामदा। रजोस्वला महातेजा कामाक्षी ध्येताम सदा? अम्बूवाची योग पर्व के दौरान मां भगवती के गर्भगृह के कपाट स्वत ही बंद हो जाते हैं और उनका दर्शन भी निषेध हो जाता है।

पर्यटन



# काफी पुराना मगर बेहद खूबसूरत शहर प्लोवदीव

यूरोप के सबसे पुराने शहरों में से एक प्लोवदीव सोवियत इतिहास की छाया से निकल कर 2019 में यूरोप की सांस्कृतिक राजधानी के रुप में दुनिया भर का ध्यान खींचने के लिए तैयार हैं। बालाबानोव हाउस- पहली नजर में प्लोवदीव शहर यूरोप के अन्य पूर्व सोवियत शहरों में अलग नहीं दिखता-विशाल अपार्टमेंट ब्लॉक्स, चौड़े परेड मार्ग, विशाल मूर्तियां यहां भी हर ओर नजर आती है। लेकिन दक्षिण बुल्गेरियाई शहर यूरोप के सबसे पुराने शहरों में से एक है। जमीन में दवा ऐतिहासिक स्टेडियम- इस इलाके का वास्तव में बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। पैदल चलने के लिए बने लंबे मार्ग के आस-पास विशेष दुकानें हैं परंतु इस इलाके की जमीन के नीचे दूसरी शताब्दी का 180 मीटर लंबा रोमन स्टेडियम छुपा है। यहां स्थित उस प्राचीन स्टेडियम के अवशेषों को भी देख सकें। जहां से उम्मान काल की जुमाया मस्जिद की मीनार शुरू होती है उससे ठीक उल्टी तरफ टूरिस्ट भूमिगत स्टेडियम में बैठने के लिए बनी सीढ़ियो तक जा सकते हैं। दिलचस्प स्ट्रीट आर्ट- शहर का एक अन्य आकर्षण यहां का पुराना ऐतिहासिक केंद्र है जिसे स्थानी लोग स्लीपिंग ब्यूटी(सोई हुई सुंदरता) भी पुकारते हैं। यह स्थान किसी संग्रहालय जैसा प्रतीत होता है। राजसी बंगले- सुंदर होटलों के करीब से घूमते हुए आप व्यापारिक परिवारों के खूबसूरती से रंगे राजसी बंगलों तक पहुंच जाएंगे। इसमें सबसे मशहूर है बालाबानोव हाउस। मैदान को घेरे मोटी दीवारों के अंदर फव्वारों तथा सुंदर बागों से घिरा आवास है। रोमन थिएटर- बालाबानोव हाउस से थोड़ी दूरी पर रोमन थिएटर है जो यहां की अन्य सुंदर इमारतों से किसी मायने में कम नहीं है। यह थिएटर ओपेरा व संगीत समारोहों के लिए एकदम परफ़ेक्ट है।

# अक्षत कलश यात्रा में उमड़ी भीड़,कई जगह हुआ स्वागत

## अक्षत कलश की विधि विधान से हुई पूजा अर्चना, धार्मिक गीतों पर थिरकते रहे श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में गुरुवार को निकाली गई , जिसमे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।इस दौरान डीजे पर बज रहे धार्मिक संगीतों पर शोभा यात्रा के शामिल महिलाएं,बच्चे और युवा थिरकते दिखे। सभी

का उत्साह देखते बनता था। राम जानकी की भव्य झांकी एवम् जयकारे लगाते लोगों के हुजूम को देखने के लिए शहर के मुख्य मार्गो के दोनो ओर लोग कतार बद्ध खड़े दिखे।नागेश्वर नाथ मंदिर में सभी दस कलशों को फूलों से सजाया गया।मंत्रोच्चार के साथ प्रभु राम की आरती उतारी गई।तत्पश्चात सभी कलश को सही हुई खुली जीप में रखा गया।यात्रा नागेश्वर नाथ मंदिर से घंटाघर होते हुए धनोखर मंदिर पहुंची जहां सैकड़ों लोगों ने राम जानकी की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया।इसके उपरांत निबलेट तिराहा ,छाया टॉकीज चौराहा होते हुए कैलाश आश्रम में कलश यात्रा संपन्न हुई।मुख्य मार्गो पर कई जगह समाज के लोगो ने पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत व वंदन किया।इस अवसर पर जिला प्रचारक सुदीप ,विहिप के जिला अध्यक्ष ब्रजेश वैश्य,कार्याध्यक्ष पुतान दीक्षित मौजूद रहे।



फोटो कैप्शनःशहर के सट्टी बाजार मे कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## गायत्री परिवार एवं हनुमत उपासक संघ संपन्न करेंगे 11000 हनुमान चालीसा पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी।विश्व कल्याणार्थ श्रीमद् भागवत महापुराण एवं 11000 श्री हनुमान चालीसा पाठ का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ। तहसील रामसनेही घाट विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र के रामगढ़ मजरे सिल्हौर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत हुई।कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा कथा स्थल रामगढ़ से शुरू होकर यात्रा से सिल्हौर घाट आदि गंगा गोमती नदी पहुंची। जहां आदि गंगा गोमती में महिलाओं ने कलश में जल भरकर कलश स्थापित किया। आयोजक उदय नारायण पाठक ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अनवरत विश्व कल्याणार्थ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कालेश्वर शिव धाम से पधारी पंडित पूजा तिवारी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का भक्तजन कथा का श्रवण करेंगे, श्री हनुमान चालीसा का पाठ हनुमत उपासक संघ के प्रमुख रामशंकर मिश्रा के सनातन टीम द्वारा शुक्रवार से किया जाएगा, इस पावन मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष बालक बालिकाएं मौजूद रहें।



# तस्कर की एक करोड़ से अधिक की सम्पत्ति होगी कुर्क, पुलिस और प्रशासन ने की यह बड़ी तैयारी

## कुख्यात तस्कर सहीम के गैंग का सदस्य है मेराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अपराध करने वाले अपराधियों को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंगस्टर एक्ट के आरोपी तस्कर मेराज की एक करोड़ से अधिक की संपत्ति पुलिस व प्रशासन गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क करेगा। इस पर जिलाधिकारी की मुहर लग गई है। जैदपुर थाने में दर्ज गैंगस्टर के मामले में सहीम उर्फ कासिम के गिरोह के सक्रिय सदस्य टिकरा उस्मा निवासी मेराज द्वारा अपराध कार्यो से अपने व परिजनों की नाम क्रय की गई संपत्ति को केस दर्ज होने के बाद पुलिस व प्रशासन की टीम ने कुल सम्पत्ति की कीमत 1 करोड़ 50 हजार रुपये का आंकलन किया।

इसमें नगर कोतवाली के बड़ेल में मां के नाम क्रय की गई आवासीय भूमि गाटा संख्या 724 कुल क्षेत्रफल 199.74 वर्गमीटर कीमत 57,50,000 रुपये तथा जैदपुर थाने के गोछौरा में भाभी के नाम क्रय की गई भूमि गाटा संख्या 336,337,338,339 कुल क्षेत्रफल 0.208 हेक्टेयर कीमत करीब 43,00,000 रुपये चिंहित की गई थी।

इस संपत्ति को गैंगस्टर की धारा 14(1) के तहत कुर्क करने का जिलाधिकारी का आदेश मिलने के बाद पुलिस व प्रशासन की टीम तैयारी कर रही है। मेराज पर जैदपुर के साथ नगर कोतवाली व कानपुर नगर में आ मुकदमें दर्ज है। इससे पहले पुलिस व प्रशासन की टीम मेराज की तीन करोड 68 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर चुकी है।

## मुस्लिम लड़की के प्यार में यूसुफ बन नायब तहसीलदार ने पहन ली 'टोपी'

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मुस्लिम लड़की से निकाह कर मतांतरण में फंसे आशीष गुप्ता (यूसुफ) के राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार बनने की गजब कहानी है। बी.टेक. करने के बाद छह साल पहले राजस्व निरीक्षक के पद से नौकरी शुरू की थी। प्रमोशन के बाद इनकी हमीरपुर में करीब डेढ़ साल पहले तैनाती हुई थी। सात साल की नौकरी में मुस्लिम लड़की के प्यार में ऐसे फंसे कि उन्हें अपना धर्म बदलने पर भी मजबूर होना पड़ा। फिलहाल अब इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू हो गई है। कानपुर नगर के हनुमंत बिहार निवासी आशीष गुप्ता ने बी.टेक. किया था। बी.टेक. करने के बाद इनकी राजस्व निरीक्षक के पद पर सीधी भर्ती हुई थी। कानपुर देहात में 26 मार्च 2016 से 30 जून 2022 तक ये राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात रहे। इस बीच आशीष गुप्ता ने नायब तहसीलदार पद के लिए विभागीय परीक्षाएं पास कीं। 16 मार्च 2022 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ये नायब तहसीलदार बन गए। बत्तीस साल की उम्र में राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार बनने पर परिवार के लोग बहुत ही खुश थे, लेकिन इनके कारनामे से आज परिवार के लोग दुखी है।

# मोदी के अभिनंदन के लिए जनता में गजब का उत्साहः अवनीश सिंह

**जिले से 80 हजार लोग अयोध्या रैली में होंगे शामिल:अवनीश सिंह**

**छोटे बड़े हजारों वाहन व भोजन पानी की समुचित व्यवस्था**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अयोध्या में शनिवार को होने वाली रैली को लेकर जिले में गजब का उत्साह है।समर्थको की भारी संख्या को रैली स्थल पर ले जाने के लिए भाजपा ने एक हजार से अधिक बड़ी बसें तथा हजारों चौपहिया वाहनों की व्यवस्था की है।जिला प्रभारी गुरुवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि राम देश के मर्यादा पुरुषोत्तम है।राष्ट्रीय एकता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं।पांच सौ साल से अधिक के संघर्ष के बाद रामलला अपने विराट गर्भ गृह में विराजने वाले है।इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों को जाता है। प्रधानमंत्री मोदी हवाई अड्डे और पुनर्निर्मित भव्य रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के लिए शनिवार को अयोध्या आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि करीब 80 हजार से अधिक की जनता मोदी का अभिनंदन करने अयोध्या जायेगी।एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के लोग भी बड़ी संख्या में रैली को सफल बनाने अयोध्या जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित ले जाने तथा उनके भोजन पानी की व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी करेगी।छोटे बड़े सभी वाहनों को विधानसभावार वितरित किया गया है।प्रत्येक वाहन पर पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं को व्यवस्था सौंपी गई है।जिसमे वाहन प्रमुख एवम भोजन प्रमुख शामिल हैं।सभी वाहन पूर्व में बनाई गई योजना के तहत शुक्रवार की देर रात बूथ एवम शक्तिकेंद्रो पर पहुंचा दिए जायेंगे।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई मौजूद रहे।




# अरुण शुक्ला की अगुवाई में नवागत जिला प्रभारी अवनीश सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज बाराबंकी विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह के बाराबंकी जिला प्रभारी बनाए जाने से जनपद में भारतीय जनता पार्टी को और मजबूती मिलेगी बाराबंकी जनपद का आगामी लोकसभा चुनाव अवनीश सिंह जी की अगवाई में लड़कर भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी उक्त बात युवा भाजपा नेता अरुण शुक्ला ने

विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह के स्वागत के दौरान कहीं युवा भाजपा नेता अरुण शुक्ला की अगवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकासखंड त्रिवेदीगंज के भिलवल चौराहे पर जिला प्रभारी का जोरदार स्वागत किया इस दौरान जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में अभी से सक्रिय हो जाने को कहा साथ ही यह भी कहा की कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करे इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता अम्बर शरण जायसवाल सौरभ मिश्रा , संतोष श्रीवास्तव , लवकुश पाण्डेय उत्तम वर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



# छुट्टा मवेशियों से ग्रामीण परेशान, नाराज होकर ब्लॉक परिसर में किया बंद, कर्मचारियों के आश्वासन के बाद माने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। छुट्टा मवेशियों से परेशान ग्रामीणों ने करीब एक दर्जन मवेशियों को ब्लॉक परिसर में खदेड़ दिया। अचानक छुट्टा मवेशियों को आता देख ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया। पूरा माहौल शोर शराबा के बीच गुंजायमान रहा। गुरुवार की दोपहर विकास खंड पूरेडलई क्षेत्र के अरसंडा, गौरा खुटौली के सैकड़ों किसान एक दर्जन छुट्टा मवेशियों को खदेड़ कर विकास खंड परिसर के अंदर कर दिया।

वहीं दूसरी तरफ ब्लॉक परिसर में उपस्थित सफाई कर्मचारियो ने ब्लॉक परिसर से छुट्टा मवेशियों को बाहर किया। ग्रामीणों का कहना था कि जब छुट्टा मवेशी को पकड़ कर गौ आश्रय स्थल भेजने का आदेश हुआ है तो जिम्मेदार इन्हें क्यों नही पकड़ रहे हैं। ब्लॉक में उपस्थित कर्मचारियों ने ग्रामीणों को समझकर बुझाकर व जल्द इन मवेशियों को पकड़वाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान छुट्टा मवेशियों की भागदौड़ नियामतगंज टिकैतनगर मार्ग पर बनी रही।



## एनएच-233 पर खड़ी पिकअप में घुसी कार, 5 लोग हुए घायल

आजमगढ़। जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के तेजापुर गांव के समीप गुरुवार की सुबह एनएच-233 पर गोविन्द साहब दर्शन करने जा रहे दर्शनार्थियों से भरी एक कार भीषण कोहरे के कारण सड़क पर खड़ी पिकअप में घुस गई। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए जिसमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 11 बजे अनाज से लदी हुई एक पिकअप एनएच-233 पर तेजापुर के पास बिगड गई थी।

## शैल हस्तकला विकास समिति ने एक दिवसीय कार्यक्रम जीवन संध्या के आयोजन

बाराबंकी। बाराबंकी जनपद अंतर्गत बुधवार को मलिक मैरिज हॉल में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जीवन संध्या एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का आयोजक शैल हस्तकला विकास समिति सरावगी की प्रबंधक ईरा शुक्ला,चारूलता त्रिपाठी सोशल एक्टिविस्ट, कवियत्री किरन भारद्वाज ने कराया।अपनी पुरानी संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है।जिसको लेकर सरकार विभिन्न जनपदों में कई कार्यक्रमों का आयोजन करा रही है।जिससे लोग अपनी संस्कृति को लेकर जागरूक हो सके। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई उपस्थित रहे। शैल हस्तकला विकास समिति सरावगी की प्रबंधक ईरा शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया की आज के युवा अपनी पुरानी संस्कृति भूलते जा रहे हैं जिसको लेकर हम सबको जागरूक होना पड़ेगा।देश में लुप्त हो रही संस्कृति को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम जीवन संध्या का आयोजन किया गया जिससे लोग अपनी संस्कृति को लेकर जागरूक हो सके।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति की प्रबंधक ईरा शुक्ला,सोशल एक्टिविस्ट चारुलाता त्रिपाठी व रीता त्रिपाठी, कवियत्री किरन भारद्वाज,एडवोकेट कौशल किशोर त्रिपाठी,जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा रामेश्वरी त्रिवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जनपद के पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले पत्रकार सगीर अमान उल्लाह,अरशद जमाल रवींद्र कुमार, ऋषभ सैनी, सद्दाम राइन आदि को संस्था ने सम्मानित किया गया।

# हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तकिया मेले का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीघापुर,उन्नाव। हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तकिया मेला का गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला, डीएम अपूर्वा दुबे व कप्तान सिद्धार्थ शंकर मीणा ने मोहम्मद शाह बाबा की मजार पर चादरपोशी तथा सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर मेले का किया शुभारंभ। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि सदियों पुराना यह मेला आपसी सदभावना व भाईचारे का संदेश देता है। आज भी मेला गंगा जमुनी तहजीब को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। डीएम अपूर्वा दुबे ने कहा कि मेला हमारी सदियों पुरानी विरासत है जो हमें आपस में मेल भाव के साथ रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने मेला अधिकारी से समुचित व्यवस्था बनाए रखने को भी कहा। कप्तान सिद्धार्थ शंकर मीणा ने कहा कि मेला संस्कृति आपसी प्रेम भाव को जागृत करती है। आपसब के सहयोग से ही हम मेला की पुरातन पहचान को बनाए रखेंगे। मेला परिसर में कृषि, शिक्षा स्वास्थ्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई। एसडीएम हुआ क्षितिज द्विवेदी ने स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसमें सीडीओ ऋषिराज, सीओ मायाराय, तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू शुक्ला भगवंतनगर, विकास अग्निहोत्री, ब्लाक प्रमुख सुमेरपुर योगेश बाजपेयी, बैजनाथ सिंह, जिला भाजपा महामंत्री आशीष बाजपेई अटल, गंगा कृष्ण मिश्रा, कुलदीप चौधरी, प्रभात सिंह, कल्लू तिवारी, विनोद लोधी, संजय शुक्ला मौजूद रहे।



## सूचना

मेरा नाम देवेंद्र कुमार उर्फ सूरज पुत्र दिलीप चंद्र है प्रार्थी गुमावा रायबरेली का मूल निवासिनी है प्रार्थी का नाम एलआईसी नम्बर 275118501 में सूरज दर्ज है सूरज और देवेंद्र दोनों ही नाम प्रचलन में है और मेरे ही है अतः मुझे दोनो नामो से जाना पहचाना जाता है ।







## सब जूनियर महिला हॉकी लीग : साई शक्ति, साई बाल और घुम्मनहेरा राइजर्स ने दर्ज की जीत

एजेंसी

नई दिल्ली। दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के आठवें दिन साई शक्ति टीम, साई बाल टीम और घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की, जबकि अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने राजा करण हॉकी अकादमी को बराबरी पर रोका। दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को 18-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (1', 5', 25', 27', 34') ने पांच गोल किए, भव्या (12', 26', 29') और बिनाती मिंज (30', 45', 45') ने हैट्रिक बनाई। कप्तान काजल (3', 14'), रवीना (9', 18') और साक्षी (35', 36') ने दो-दो गोल किए, जबकि निशा दादेल (48') ने एक गोल किया। दिन के दूसरे मैच में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी का मुकाबला राजा करण हॉकी अकादमी से 1-1 से



ड्रा रहा। तीन क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद, कुदरत (55') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर राजा करण हॉकी अकादमी को बढ़त दिला दी। एम. शालिनी (60') ने खेल के अंतिम मिनट में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया, जिससे खेल बराबरी पर समाप्त हुआ। दिन के तीसरे मैच में साई बाल टीम ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी को 3-0 से हराया। साई बाल टीम के लिए दूसरे क्वार्टर में कप्तान रिया (19') ने गोल कर स्कोरिंग की शुरुआत की। वंदना पटेल (58', 59') ने खेल के अंत में दो गोल किए और साई बाल टीम ने आसान जीत दिलाई। दिन के चौथे मैच में घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 4-0 से हराया। दीया (3') ने खेल की शुरुआत में घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी के लिए फील्ड गोल किया, इससे पहले दीपिका (21') ने दूसरे क्वार्टर में बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद निशा (29', 53') ने दो गोल किए और घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी ने बड़े पैमाने पर जीत दर्ज की।

## कार्लोस अल्कराज ने प्रदर्शनी मैच में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया

एजेंसी

रियाद। स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने बुधवार रात सऊदी अरब के रियाद में एक प्रदर्शनी मैच में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। अल्कराज ने किंगडम एरेना में खेले गए बहुप्रतीक्षित मैच में प्रभावशाली शुरुआत की, उन्होंने शुरुआती गेम में जोकोविच की सर्विस को तोड़ दिया और जोकोविच की कुछ त्रुटियों के साथ अपनी सर्विस बरकरार रखी। हालाँकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कुछ शानदार रिटर्न के साथ वापसी करते हुए 3-2 की बढ़त हासिल कर ली और पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में अल्कराज ने जोरदार वापसी की और जोकोविच की सर्विस तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली। जोकोविच ने शानदार नेट प्ले के साथ पांचवां गेम जीतकर अंतर को 2-3 तक कम कर दिया। हालाँकि, अल्काराज ने लगातार दो ऐस के साथ दूसरा सेट 6-4 से जीतकर स्कोर 1-1 से



बराबरी कर ली। निर्णायक सेट की शुरुआत जोकोविच ने अल्कराज से छूटे लॉब का फायदा उठाते हुए शानदार शुरुआत की। जोकोविच की फोरहैंड गलती के बाद अल्कराज ने बढ़त बना ली। इसके बाद अल्काराज ने मामूली अंतर से अपनी सर्विस बरकरार रखी, इससे पहले जोकोविच ने स्पैनियार्ड से दो ब्रेक प्वाइंट बचाए और अपनी प्रभावी सर्विस के साथ एक गेम वापस खींचने में कामयाब रहे। छठे गेम में जोकोविच ने वापसी की और मैच के सबसे तीव्र और नाटकीय खेलों में से एक में स्कोर 3-3 से बराबर कर लिया, तीसरे ब्रेक पॉइंट पर बढ़त हासिल की और फिर अगले गेम में बढ़त बना ली। अंत में अल्कराज ने 6-4 से मैच अपने नाम किया। बुधवार को हुए इस मुकाबले से पहले, जोकोविच और अल्कराज के बीच 5 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें जोकोविच ने 3 और अल्कराज ने दो में जीत दर्ज की है। सऊदी की राजधानी में होने वाला मैच रियाद सीज़न का हिस्सा है, जो कला, संस्कृति और खेल का एक वार्षिक उत्सव है, जिसमें फरवरी की शुरुआत में आगामी रियाद सीज़न कप फुटबॉल टूर्नामेंट भी शामिल है, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अल नासर और लियोनेल मेसी के इंटर मियामी शामिल हैं।

## पेरू फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए जॉर्ज फोसाती

एजेंसी

लीमा। पेरू फुटबॉल फ़ेडरेशन (एफपीएफ) ने उरुग्वे के मैनेजर जॉर्ज फोसाती को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। फोसाती का कार्यकाल 2026 फीफा विश्व कप तक होगा। 71 वर्षीय फोसाती ने जुआन रेनोसो की जगह ली है, जिनका 18 महीने का कार्यकाल खराब नतीजों के बाद इस महीने की शुरुआत में समाप्त हो गया था। एफपीएफ के एक बयान में कहा गया है, ''उरुग्वे के अनुभवी कोच ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ यह पद संभाला है। पेरू के शीर्ष क्लब यूनिवर्सिटारियो के प्रभारी के रूप में नौ महीने की अवधि समाप्त करने के बाद फोसाती उपलब्ध हो गए। पूर्व गोलकीपर फोसाती, जिन्होंने तीन उरुग्वे कैप अर्जित किए, ने 30 से अधिक वर्षों के कोचिंग करियर में उरुग्वे और कतर की



राष्ट्रीय टीमों के प्रभारी के रूप में काम किया है। एफपीएफ के अध्यक्ष अगस्टिन लोज़ानो ने कहा, ''हमें इस बड़ी चुनौती को लेने के लिए जॉर्ज फोसाती के अनुभव और क्षमता पर भरोसा है। पेरू वर्तमान में 2026 विश्व कप के लिए 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में दो ड्रॉ और चार हार के साथ अंतिम स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें स्वचालित रूप से फुटबॉल के शोपीस टूर्नामेंट के लिए अर्हता प्राप्त कर लेंगी, जबकि सातवीं रैंकिंग वाली टीम अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ़ के लिए आगे बढ़ेगी।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट: तीसरे दिन का खेल खत्म, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 187 रन पर खोए 6 विकेट, शतक से चूके मार्श

**ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 241 रनों की हुई**

एजेंसी

मेलबर्न। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 187 रन बना लिए हैं। मिचेल मार्श शतक से केवल चार रन से चूक गए, उन्होंने 96 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि स्टीव स्मिथ ने भी अर्धशतक लगाते हुए 50 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर एलेक्स कैरी 16 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 241 रनों की हो गई है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 318 रन बनाए थे, जिसके जवाब में पाकिस्तान



ने अपनी पहली पारी में 264 रन बनाए थे। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और केवल 16 रन पर उस्मान ख्वाजा (00), डेविड वॉर्नर (06), मार्नस लाबुशेन (04) और ट्रेविस हेड (00) पवेलियन लौट गए। तेज गेंदबाज शाहिन शाह अफरीदी ने ख्वाजा और लाबुशेन को पवेलियन भेजा, जबकि मीर हामजा ने वॉर्नर और हेड का शिकार किया। इसके बाद मिचेल मार्श और स्मिथ ने पांचवें विकेट के लिए 153 रनों की शानदार साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापसी दिलाई। इस दौरान मार्श ने बेहतरीन पारी खेलते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 4 रन से शतक से चूक गए। 169 के कुल स्कोर पर मीर हामजा ने मार्श को आगा सलमान के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया। मार्श ने 130 गेंदों पर 13 चौकों की बदौलत 96 रन बनाए। इसके बाद स्मिथ और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 187 तक पहुंचाया। स्मिथ ने अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि अर्धशतक पूरा करते ही वो शाहिन अफरीदी की गेंद पर आगा सलमान को कैच देकर चलते बने। उनके आउट होते ही दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल खत्म होने पर 6 विकेट पर 187 रन बनाए। कैरी 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। पाकिस्तान की तरफ से शाहिन शाह अफरीदी और मीर हामजा ने 3-3 विकेट लिए। इससे पहले पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 264 रन बनाए।

## इंदौर में भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच का सबसे सस्ता टिकट 743 रुपये का

इंदौर। इंदौर में भारत और अफगानिस्तान के बीच आगामी 14 जनवरी को खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के निचले ईस्ट स्टैंड के सबसे सस्ते टिकट के लिए दर्शकों को 743 रुपये खर्च करने होंगे, जबकि पहली मंजिल स्थित साउथ पवेलियन के सबसे महंगे टिकट के लिए 5,947 रुपये देने होंगे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने टिकट दरों की घोषणा के बाद बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 28,000 दर्शकों की क्षमता वाले स्थानीय होलकर स्टेडियम में अफगानिस्तान पहली बार कोई मैच खेलेगा। अधिकारी ने बताया कि भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 30 दिसंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 11 जनवरी से शुरू होकर 17 जनवरी को खत्म होगी।

## गुजरात अब भारत की 'पेट्रो राजधानी' के रूप में पहचाना जाता है: अधिकारी

एजेंसी

अहमदाबाद। जामनगर में दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी और भरूच जिले के दहेज में ओपीएल पेट्रोकेमिकल परिसर के साथ गुजरात अब भारत की ''पेट्रो राजधानी'' के रूप में पहचाना जाता है। अधिकारियों ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) जामनगर रिफाइनरी 14 लाख बैरल प्रति दिन (एमबीपीएस) कच्चे तेल की प्रसंस्करण क्षमता के साथ दुनिया की सबसे बड़ी तथा सबसे जटिल सिंगल-साइट रिफाइनरी है। आरआईएल की वेबसाइट के अनुसार, जामनगर रिफाइनरी परिसर में दुनिया की कुछ सबसे बड़ी इकाइयां हैं, जैसे द्रवीकृत उत्प्रेरक क्रैकर, कोकर, एल्काइलेशन, पैराक्सिलीन, पॉलीप्रोपाइलीन, रिफाइनरी ऑफ-गैस क्रैकर और पेटकोक गैसीकरण संयंत्र। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने राज्य के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र के प्रभाव को हाल ही में रेखांकित किया था। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, '' औद्योगिक विकास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने का महत्वपूर्ण जरिया है। रसायन तथा पेट्रोकेमिकल क्षेत्र की सतत वृद्धि ने सभी (अन्य राज्यों) को पीछे छोड़ दिया है। अधिकारियों ने बताया कि आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) 2019 में दहेज में पेट्रोलियम, रसायन तथा पेट्रोकेमिकल्स निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) में जैव-रिफाइनरी के लिए 3,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। दहेज में रासायनिक विनिर्माण के लिए 2022 में 7,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वीजीजीएस के 10वे संस्करण का विषय 'गेटवे टू द फ्यूचर' (भविष्य का प्रवेश द्वार) है। इसका आयोजन 10 से 12 जनवरी के बीच राज्य की राजधानी गांधीनगर में किया जाएगा। यूपीएल लिमिटेड के चेयरमैन एवं समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जय श्रॉफ ने हाल ही में क्षेत्र की उल्लेखनीय वृद्धि के लिए गुजरात की प्रगतिशील नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा, '' गुजरात सरकार द्वारा दिए गए समर्थन की बदौलत इस क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों ने वैश्विक बाजार में नई ऊंचाइयों को छुआ है। इन कंपनियों की शुरुआत छोटी इकाइयों के रूप में हुई लेकिन अब यह बड़ी कंपनियां बन गई हैं। सक्रिय सरकारी नीतियों के परिणामस्वरूप देश के कुल डाई और मध्यवर्ती विनिर्माण में राज्य करीब 75 प्रतिशत का योगदान देता है। गुजरात के भरूच जिले के दहेज में पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोकेमिकल्स निवेश क्षेत्र पीसीपीआईआर नीति 2007 के तहत केंद्र द्वारा घोषित चार पीसीपीआईआर में से एक है। इसकी वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई। गुजरात पीसीपीआईआर 452.98 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है।

## वित्त वर्ष 2023-24 के पहले आठ महीनों में इंजीनियरिंग निर्यात में गिरावट: ईईपीसी

एजेंसी

कोलकाता। भारत के इंजीनियरिंग समान का निर्यात चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले आठ महीने (अप्रैल-नवंबर) में 1.81 प्रतिशत घटकर 69.46 अरब हो गया। पिछले वर्ष समान अवधि में यह 70.74 अरब अमेरिकी डॉलर था। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट्स प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) इंडिया ने यह जानकारी दी। पश्चिम एशिया एवं उत्तरी अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए), उत्तर पूर्व एशिया और सीआईएस देशों को इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) में सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ, आसियान और दक्षिण एशिया जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात में गिरावट आई। ईईपीसी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, लौहे तथा इस्पात को छोड़कर इंजीनियरिंग निर्यात में अप्रैल-नवंबर 2023-24 के दौरान सालाना आधार पर 0.79 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। नवंबर 2023 में भारत से इंजीनियरिंग निर्यात 3.10 प्रतिशत घटकर 7.85 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो नवंबर 2022 में 8.10 अरब अमेरिकी डॉलर था। इंजीनियरिंग निर्यात के नवीनतम आंकड़ों पर ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन अरुण कुमार गरोडिया ने कहा, '' उच्च ब्याज दरें, कमजोर औद्योगिक उत्पादन, जिंस की कीमतों में अस्थिरता तथा व्यापार-प्रतिबंधात्मक उपायों में वृद्धि जैसे कारक वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर रहे हैं। इससे भारत के इंजीनियरिंग समान का निर्यात प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा, '' उपरोक्त स्थिति को देखते हुए हम इस कठिन समय का सामना करने के लिए सरकार से मार्गदर्शन और समर्थन चाहते हैं। कच्चे माल की कीमतें और लॉजिस्टिक्स की उच्च लागत जैसे कारक इस वैश्विक व्यापार मंदी की स्थिति में भारतीय निर्यातकों के लिए अतिरिक्त बोझ बन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जोमैटो को 401.7 करोड़ रुपये की जीएसटी देनदारी का मिला नोटिस

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन खाद्य सामग्री डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो लिमिटेड को डिलीवरी शुल्क को लेकर 401.7 करोड़ रुपये की जीएसटी देनदारी का कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में दावा किया कि वह राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि डिलीवरी साझेदारों की ओर से डिलीवरी शुल्क लिया जाता है। जोमैटो के अनुसार, कंपनी को 26 दिसंबर 2023 को केंद्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 74(1) के तहत जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (पुणे जोनल इकाई) से कारण बताओ नोटिस (एससीएन) मिला। कंपनी ने जोर देकर कहा कि उसका '' मानना है कि वह किसी भी कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है क्योंकि डिलीवरी शुल्क डिलीवरी भागीदारों की ओर से कंपनी द्वारा एकत्र किया जाता है। जोमैटा ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि वह कारण बताओ नोटिस का उचित जवाब देगी।

### बाटा इंडिया को मिला 60.56 करोड़ रुपये का कर संबंधी नोटिस

**कोलकाता।** जूता-चप्पल बनाने वाली कंपनी बाटा इंडिया को चेन्नई के अन्ना सलाई असेसमेंट सर्कल के राज्य कर अधिकारी से 60.56 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि नोटिस 2018-19 वित्त वर्ष के लिए अंतिम ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए कई मुद्दों से संबंधित है। नोटिस पर 27 दिसंबर 2023 की तारीख है। अंतिम ऑडिट रिपोर्ट 25 दिसंबर को पेश की गई थी। रिपोर्ट में में मासिक जीएसटी रिटर्न में बाहरी आपूर्ति पर टर्नओवर में अंतर, जीएसटीआर-9 तथा जीएसटीआर-9सी रिटर्न में बाहरी आपूर्ति पर कर में अंतर आदि जैसे मुद्दे उठाए गए थे। कंपनी ने कहा कि उसे शुरुआत में 27 अप्रैल 2023 को एक ऑडिट नोटिस मिला था और उसने जवाब में प्रासंगिक दस्तावेज जमा कर दिए हैं। बाटा इंडिया को अपना मामला पेश करने और विवादित मुद्दों पर अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 10 जनवरी 2024 का समय दिया गया है। बाटा इंडिया के अनुसार, कंपनी के पास अपने बचाव के लिए पर्याप्त तथ्य हैं। इसका कंपनी की वित्तीय स्थिति पर कोई असर नहीं होगा।

### आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने बैंकों की थोक जमा पर निर्भरता की प्रवृत्ति का उठाया मुद्दा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने बैंकों की बड़ी राशि के जमा पर निर्भरता की बढ़ती प्रवृत्ति को बृहस्पतिवार को रेखांकित किया, जिससे लागत बढ़ती है और मुनाफा प्रभावित होता है। स्वामीनाथन ने बैंकों से अपने ब्याज दर जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का आग्रह किया और कहा कि यदि वे अधिक राशि वाले थोक जमा पर बहुत अधिक निर्भर रहेंगे तो उनके लिए स्थिति कठिन हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जब ब्याज दरों में गिरावट आती है, तब भी इन दीर्घकालिक जमा को प्रबंधित करना होगा अन्यथा इससे मुनाफा कम हो सकता है। स्वामीनाथन ने यहां भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित एक आर्थिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे अधिक असर शुद्ध ब्याज मुनाफ़े पर होगा, जिससे लाभ कम हो जाएगा। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने इसे एक बड़े जोखिम के रूप में चिह्नित करते हुए कहा कि नियामक ने पाया कि कई बैंक आईटी पर बजटीय राशि भी खर्च नहीं कर रहे हैं। स्वामीनाथन ने बैंकों में खराब काम काज के तरीकों तथा प्रबंधन प्रक्रियाओं का मुद्दा भी उठाया।

### सुजलॉन समूह को अप्रावा एनर्जी से 300 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का मिला ठेका

**नयी दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को अप्रावा एनर्जी से 300 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, सुजलॉन कर्नाटक में ग्राहक की साइट पर हाइब्रिड लैटिस ट्यूबलर (एचएलटी) टावर और 100 पवन टरबाइन जेनरेटर (डब्ल्यूटीजी) स्थापित करेगी। बयान में कहा गया, सुजलॉन समूह को अप्रावा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के लिए 300 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना विकसित करने का ठेका मिला है। सुजलॉन समूह के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती ने एक बयान में कहा कि कंपनी पहले भी अप्रावा के साथ काम कर चुकी है और एक बार उसके साथ जुड़कर खुश हैं। अप्रावा एनर्जी के प्रबंध निदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा, '' हम सुजलॉन के साथ निरंतर साझेदारी की उम्मीद करते हैं।

## कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब




है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.10 डॉलर यानी 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 79.75 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.08 डॉलर यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 74.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## स्टार्टअप के नए साल में बेहतर करने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त पोषण की कमी और कॉर्पोरेट जगत में काम करने के तौर-तरीकों से जुड़ी समस्याओं ने 2023 में देश के स्टार्टअप क्षेत्र को प्रभावित किया, जिससे इस क्षेत्र में उद्यम पूंजी निवेश घटकर केवल आठ अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास रह गया। निवेशकों को नए साल में परिपक्व स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। वैश्विक महामारी के दौरान तेजी से बढ़ने वाले शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े प्रौद्योगिकी मंचों ने इस साल वित्तीय अनिश्चितताओं का सामना किया। कई कंपनियों ने अपना कारोबार बंद कर दिया। बायजूस और फार्मईज़ी जैसी प्रमुख कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 85-90 प्रतिशत तक की गिरावट आई। एक अनुमान के अनुसार, भारतीय स्टार्टअप ने 2023 में करीब 15,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। टिकाऊ बिजनेस मॉडल के साथ-साथ अच्छी पूंजी वाले स्टार्टअप के मौजूदा उथल-पुथल से पार




पाने की उम्मीद है। 2024 इनके लिए उम्मीद की किरण के साथ-साथ ''चुनौतीपूर्ण'' रह सकता है। वेंचर कैपिटल फर्म लाइटस्पीड के अनुसार, दो साल का उच्च या निम्न चक्र वास्तव में उन कंपनियों को प्रभावित नहीं करता जो 8-10 साल की अवधि में खड़ी हुई हैं। वेंचर कैपिटल फर्म लाइटस्पीड ने बायजूस, मैजिकपिन और ओयो जैसी कंपनियों में निवेश किया है। लाइटस्पीड के साझेदार राहुल तनेजा ने कहा, '' इस प्रकार हम वर्तमान स्थिति को हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की वृद्धि का एक हिस्सा मानते हैं। समेकन होगा, मूल्यांकन में सुधार होगा और यहां तक कि कुछ कंपनियां बंद भी होंगी लेकिन कुल मिलाकर अंत में वृद्धि होगी। डेट फंड स्ट्राइड वेंचर्स की मैनेजिंग पार्टनर अपूर्व शर्मा ने कहा कि सामान्य तौर पर सभी ऋणदाता बेहद सतर्क रहे हैं और प्राथमिक ध्यान संपत्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर रहा है। उन्होंने कहा, '' औसत आकार पहले से ही करीब 20 करोड़ रुपये के दायरे में है, जो 2021 में 45-50 करोड़ रुपये के करीब था। यदि आप उद्यम पूंजी निवेश को देखें तो यह 2021 में करीब 35 अरब अमेरिकी डॉलर, 2022 में करीब 25 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह 2023 में करीब आठ अरब अमेरिकी डॉलर होगा। इसमें हर साल गिरावट आ रही है। वहीं यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या में भी गिरावट आई है। वेंचर कैपिटलिस्ट कंपनी फंडामेंटम पार्टनरशिप के अनुसार, इस साल नवंबर तक यूनिकॉर्न की संख्या 110 से घटकर 72 हो गई। फंडामेंटम पार्टनरशिप के प्रिंसिपल प्रतीक जैन ने कहा, '' नवंबर 2023 तक भारत में 72 यूनिकॉर्न कंपनियां थीं, जबकि पिछले साल यह संख्या 110 थी।

# व्यक्ति की तरह राष्ट्र का भी होता है अपना चरित्र : मोहन भागवत

एजेंसी

माजुली (असम)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि जैसे हर एक व्यक्ति का निश्चित स्वभाव होता है, ठीक वैसे ही हर एक राष्ट्र का अपना चरित्र होता है। राष्ट्र का स्वभाव उसकी संस्कृति से आता है। भारत की संस्कृति सर्वसमावेशी है। सर्व समावेशी संस्कृति सिर्फ भारत में ही है।

डॉ. भागवत उत्तर माजुली कमलाबारी सत्र में आयोजित पूर्वोत्तर संत मणिकांचन सम्मेलन 2023 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में विश्व को शांति और सहअस्तित्व का संदेश और इसपर केंद्रित जीवन-पद्धति देने के लिए भारत को खड़ा रहना पड़ेगा। इस कार्य के लिए संतों को ही समाज में आगे आना होगा। उन्होंने स्मरण दिलाया कि हम सबके



पूर्वज एक हैं, सबकी मान्यताएं एक हैं। हम सबको अपनी विविधताओं का पालन करते हुए हमारी एकता को आगे ले जाना है। एकता समरुपता नहीं है अपितु समभाव है। सरसंघचालक ने सेवा के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार आदि के द्वारा समाज को स्वावलंबी बनाने पर बल दिया। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि संस्कारों के साथ परिवारों में राष्ट्रीय सजगता की अति आवश्यकता है। हमारी नई पीढ़ी तक इस भाव और हमारी श्रेष्ठ आध्यात्मिक मूल्यों को पहुंचाने का काम सभी धर्माचार्यों और उनके मठ-मंदिरों को करना चाहिए। जिस तरह महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव ने अपने श्रेष्ठ जीवन व्यवहार से अपने समाज का सुधार किया, ठीक उसी तरह हमें भी संगठित शक्ति के द्वारा वर्तमान कुरीतियों को समाप्त करना है। संत मणिकांचन सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर असम प्रांत के तत्वावधान में किया गया। इस एकदिवसीय सम्मेलन में पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों के 48 सत्रों के सत्राधिकार तथा 37 विभिन्न धार्मिक संस्थानों से कुल 104 धर्माचार्यों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी संप्रदायों के बीच संपर्क, समन्वय, सद्भाव और समरसता को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना है। इस कार्य के लिए परस्पर सहयोग का आह्वान किया गया। इस सम्मेलन में पूर्वोत्तर के सभी संप्रदायों की समस्याओं पर चिंतन-मंथन हुआ।

### तेलंगाना में पार्टी नेताओं से बोले शाह–

# सारे मतभेद भुलाकर लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें

एजेंसी

हैदराबाद। एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को तेलंगाना पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने प्रदेश के पार्टी नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। हैदराबाद में शमशाबाद स्थित नोवाटेल होटल में आयोजित बैठक में शाह ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनाव के नतीजे उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे। इन चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने पार्टी नेताओं से लोकसभा चुनाव में सारे मतभेद भुलाकर समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। पार्टी की बैठक में शाह ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हुई गलतियां दोबारा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की गलतियों से सबक लेते हुए लोकसभा चुनाव में अधिक सीटें जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।



शाह ने मौजूदा सांसदों को उसी सीट से चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में जीती हुई चार सीटों को छोड़कर बाकी सीटों पर पार्टी की स्थिति की भी जानकारी ली।

इसके पहले शाह दोपहर में विमान से नई दिल्ली से हैदराबाद के शमशाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचे। हवाई अड्डे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस बैठक के बाद अमित शाह ने हैदराबाद की ऐतिहासिक चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने राज्य के रंगारेड्डी जिले के कोंगराकलां में आयोजित पार्टी के श्लोक सम्मेलन में शिरकत की। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेता शामिल हुए।

# ...बिल्कुल नाराज नहीं : ललन

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपने इस्तीफ़े और जदयू के अध्यक्ष पद से हटाये जाने की संभावनाओं को लेकर चल रही तेज अटकलों के बीच आज कहा कि वह बिल्कुल भी नाराज नहीं हैं।

श्री सिंह ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि वह पार्टी से किसी भी कारण से नाराज नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जदयू में सभी एकजुट हैं और भविष्य में भी एकजुट रहेंगे। जदयू अध्यक्ष ने कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं।ङ्क उन्होंने 29 दिसंबर को नई दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान उनके पार्टी अध्यक्ष पद से हटने की संभावना के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देने से उन्होंने इनकार कर दिया। उन्होंने इस संबंध में मीडियाकर्मियों के सवालों को स्पष्ट तौर पर टालने की कोशिश करते हुए कहा कि ऐसा करने से पहले वह उनसे सलाह लेंगे।

उल्लेखनीय है कि श्री सिंह शुक्रवार को



जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचेंगे। उसी दिन राष्ट्रीय परिषद की बैठक भी होगी। इस दिन मुख्यमंत्री श्री कुमार समेत पार्टी के शीर्ष नेता वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे। कुछ दिन पहले श्री ललन सिंह के जदयू अध्यक्ष पद से इस्तीफ़े की अफवाह से राजनीतिक गलियारे में हलचल मची हुई है। हालांकि, जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने श्री सिंह के इस्तीफ़े पर मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया था और कहा था कि यह केवल अटकलें हैं, जिनका कोई आधार और सच्चाई नहीं है। बाद में श्री सिंह ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से भी इनकार किया था।

# एसवाईएल का निर्माण नहीं करेगा पंजाब, संयुक्त बैठक में बोले भगवंत मान

एजेंसी

चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट में एसवाईएल के मुद्दे पर सुनवाई से पहले गुरुवार को पंजाब व हरियाणा के बीच हुई संयुक्त बैठक बेनतीजा रही। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की। पंजाब के मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद एसवाईएल नहर के निर्माण से इनकार कर दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस बात के लिए दबाव बनाते रहे कि पंजाब द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी पाकिस्तान को दिया जा रहा है। जल बंटवारा बाद में किया जाएगा लेकिन मौजूदा हालातों में नहर का निर्माण जरूरी है। अब केंद्र सरकार बैठक की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करेगी।

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई जनवरी माह के दौरान होगी। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय जल संसाधन मंत्री गजेंद्र शेखावत की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा हरियाणा के



मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा दोनों राज्यों के आला अधिकारी शामिल हुए।

करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में कोई सहमति नहीं बनी। बैठक से बाहर आकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब का 70 फीसदी हिस्सा डार्क जोन में आ चुका है। पंजाब के पास जब देने के लिए पानी ही नहीं है तो नहर के निर्माण का कोई औचित्य नहीं है। भगवंत मान ने कहा कि जब पानी को लेकर

**केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत की अध्यक्षता में हुई दोनों राज्यों की बैठक**

**हरियाणा के सीएम बोले पाकिस्तान को पानी दे रहा पंजाब, नहर निर्माण जरूरी**

**अब जनवरी में सुनवाई से पहले सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट देगा केंद्र**

समझौता हुआ था, तब पंजाब के पास पानी था लेकिन आज पंजाब के पास पानी नहीं है। पंजाब सरकार लगातार जल आपूर्ति की स्थिति में सुधार को लगी हुई है। वर्तमान हालातों में न नहर का निर्माण पंजाब के हक में है और न ही जल बंटावारा पंजाब को मंजूर है। हरियाणा के आरोपों को निराधार करार देते हुए भगवंत मान ने कहा कि पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं जा रहा है।

दूसरी तरफ, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज एसवाईएल को लेकर मनोहर माहौल में बातचीत हुई है, लेकिन एक मान है कि मानता नहीं। मौजूदा चैनल 66 साल से भी पुराना है। पानी के नेचुरल फ्लो के लिए आर्टिफिशियल चैनल का निर्माण जरूरी है। हरियाणा को अनुबंध के अनुसार अपने हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है। इस समय हरियाणा माइक्रो इरीगेशन पद्धति अपनाकर पानी का प्रबंधन कर रहा है। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने भी माइक्रो इरीगेशन को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर हरियाणा की सराहना की है। हरियाणा को कांट्रैक्ट प्वाईंट पर फ्लो से भी 700 से 1000 क्यूसेक पानी कम मिल रहा है। आज तक हमारे हिस्से का पानी पाकिस्तान को दिया गया। अब इस मामले का समाधान होना चाहिए। पानी की उपलब्धता और बंटवारे को लेकर बाद में बात की जाएगी, कम से कम नहर का निर्माण तो किया जाए।

## मोदी 14 फरवरी को अबू धाबी में करेंगे मंदिर का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 14 फरवरी को अबू धाबी में अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने आज बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्थान (बीएपीएस) का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। इस मंदिर की आधारशिला भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर किसी भी मुस्लिम देश में बनने वाला यह सबसे भव्य और पहला मंदिर होगा। बीएपीएस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि शनिवार की सायंकाल उनके बोर्ड का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से उनके आवास पर मिला था। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व स्वामी ईश्वरचन्द्र दास और स्वामी ब्रह्मबिहारी दास कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री मोदी को अबू धाबी के मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। लगभग एक घंटे की इस मुलाकात में प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पिछले कुछ वर्षों में पूरे भारत के तीर्थस्थानों का जैसा पुनर्निर्माण हो रहा है वैसा पिछली कई सदियों में नहीं हुआ।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के नामांकन में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार की प्रमुख प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कुल नामांकन में महिलाओं की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत तक हो गयी है।

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में अपर विकास आयुक्त डॉ. इशिता गांगुली त्रिपाठी ने हरियाणा के सोनीपत जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए जागरुकता अभियान में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह योजना 17 सितंबर को शुरू की गई थी और इसके कुल नामांकन में महिलाओं की भागीदारी 55 प्रतिशत है। उन्?होंने सभी से आत्मनिर्भर बनने और अपना स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए इस योजना का लाभ उठाने का अनुरोध किया।

डॉ त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कारीगरों को 15000 रुपये तक के कीमत की टूल किट दी जाएगी और पांच प्रतिशत ब्याज पर बिना गारंटी के तीन लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ-साथ 500 रुपये प्रतिदिन का दैनिक भत्ता, मुफ्त कौशल प्रशिक्षण, विपणन सहायता, प्रमाण पत्र तथा कारीगर पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक जागरूकता कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान 10 स्टॉल लगाए गए। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, नाई, धोबी, दर्जी जैसी 18 विभिन्न श्रेणियों के कारीगरों का मौके पर ही पंजीकरण किया गया और उन्हें पीएम विश्वकर्मा के तहत दिए जाने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

# कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के 139 वें स्थापना दिवस पर फहराया झंडा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आज कंग्रेस मुख्यालय पर झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह दिवस राष्ट्र के प्रति कंग्रेस की निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है।

कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तथा अन्य नेताओं ने इस मौके को राष्ट्र के प्रति कार्यकत्ताओं के समर्पण का प्रतीक बताया और कहा कि सत्य, अहिंसा, परस्पर सम्मान और भाईचारे की यह परंपरा ही कंग्रेस का दूसरा नाम है।

श्री खडगे ने कहा ल्लकंग्रेस का उद्देश्य जन-कल्याण और देश के लोगों की उन्नति है। हम संसदीय लोकतंत्र पर आधारित ऐसे भारत में विश्वास रखते हैं जिसमें समानता हो, बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए अवसर हो और संविधान में रचे-बसे राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों का पालन हो। हमें गर्व है कि पिछले 138 वर्षों से हम पूरी ईमानदारी के साथ ऐसे भारत के निर्माण में संघर्षरत हैं। स्थापना दिवसपर मेरी ओर से हर एक भारतीय को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा स्थापना दिवस पर हमारा कर्तव्य है कि हम बड़ी संख्या में इकट्ठा हों और देश भर में यह संदेश दें कि कंग्रेस पार्टी कभी भी अपनी विचारधारा से दूर नहीं जाएगी और अपने विचार के साथ आगे बढ़ेगी। हम नागपुर से संदेश देना चाहते हैं कि 2024 लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर हम काम कर रहे हैं। एक खुशहाल और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए आगे आएं, अपना कर्तव्य निभाएं। हाथ से हाथ जोड़कर कंग्रेस को मजबूत करें। कंग्रेस जितनी सशक्त होगी अधिकारों की लड़ाई पार्टी उतनी ही बुलंदी के साथ लड़ेगी। श्री गांधी ने कहा सत्य और अहिंसा जिसकी बुनियाद है।मोहब्बत, भाईचारा, सम्मान और समानता जिसके स्तंभ हैं और देशप्रेम जिसकी छत है।मुझे फक्र है कि मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं, गर्व है कि मैं कंग्रेस का एक भाग हूं। कंग्रेस स्थापना दिवस की सभी नेतागणों, पदाधिकारियों, समर्थकों और मेरे प्यारे बब्बर शेर और शेरनी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

# पेज एक का शेष

### धर्मनगरी में...

व्यवस्था एवं जनसभा में आने वाले नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। भीड़ प्रबंधन पर फोकस करें। बड़ी संख्या में जनभागीदारी होगी। इसलिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। एरियल सर्विलांस भी हो। वर्दीधारी सुरक्षाकर्मियों के अलावा सादी वर्दी में भी पुलिस की तैनाती की जाए। प्रधानमंत्री के सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन करायें। निकटवर्ती जिलों के प्रशासन से संवाद कर यातायात प्रबंधन की रणनीति लागू करें। लखनऊ-गोरखपुर मार्ग पर कहीं जाम न लगे।

### मोदी अयोध्या में रेलवे...

बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए श्री राम जन्मभूमि मंदिर तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री अयोध्या में चार नव पुनर्विकसित, चौड़ी और सुंदरीकृत सड़कों - रामपथ, भक्तिपथ, धर्मपथ और श्री राम जन्मभूमि पथ का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे जो नागरिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे और अयोध्या और उसके आसपास सार्वजनिक स्थानों को सुंदर बनाएंगे। इन उद्घाटन परियोजनाओं में राजर्षि दशरथ स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय; अयोध्या-सुल्तानपुर रोड-हवाई अड्डे को जोड़ने वाली चार-लेन सड़क; एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार श्री राम जन्मभूमि तक फोर-लेन सड़क; शहर भर में कई सुंदर सड़कें और अयोध्या बाईपास; एनएच-330ए का जगदीशपुर-फ़ैज़ाबाद खंड, महोली-बड़ागांव-ड्योढ़ी मार्ग और जसरपुर-भाऊपुर-गंगारामन -सुरेशनगर मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण; पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी, ग्राम पिखरौली में ठोस अपशिष्ट उपचार संयंत्र, और डॉ. ब्रजकिशोर होम्योपैथिक कॉलेज और अस्पताल में नई इमारतें और कक्षाएँ, सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। वह मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना कार्य और पांच पार्किंग और वाणिज्यिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री अयोध्या में नई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे जो अयोध्या में नागरिक सुविधाओं के सुधार में मदद करेंगी और साथ ही शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करेंगी। इनमें अयोध्या में चार ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण शामिल है। इसमें गुप्तार घाट और राजघाट के बीच नए कंक्रीट घाट और पूर्व-निर्मित घाटों का पुनर्वास, नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटक सुविधाओं का विकास एवं सौन्दर्यीकरण, राम की पैड़ी पर दीपोत्सव और अन्य मेलों के लिए आगंतुक गैलरी का निर्माण, राम की पैड़ी से राजघाट और राजघाट से राम मंदिर तक तीर्थ पथ का सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण शामिल हैं। श्री मोदी अयोध्या में 2180 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाली ग्रीनफील्ड टाउनशिप और लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाली वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री एनएच -28 (नया एनएच-27) लखनऊ-अयोध्या खंड, मौजूदा अयोध्या बाईपास एनएच-28 (नया एनएच-27) का सुदृढ़ीकरण और संशोधन, अयोध्या में सीआईपीईटी केन्द्र की स्थापना तथा नगर निगम अयोध्या एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय का निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखेंगे। श्री मोदी सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें गोसाईं की बाजार बाईपास-वाराणसी (घाघरा ब्रिज-वाराणसी) (एनएच-233) का चार-लेन चौड़ीकरण शामिल है, एनएच-730 के खुटार से लखीमपुर खंड का सुदृढ़ीकरण और उन्नयन, अमेठी जिले के त्रिशुंडी में एलपीजी संयंत्र की क्षमता वृद्धि; पंखा में 30 एमएलडी और जाजमऊ, कानपुर में 130 एमएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, उन्नाव जिले में नालियों को रोकना और मोड़ना तथा सीवेज उपचार कार्य, और कानपुर के जाजमऊ में टेनरी क्लस्टर के लिए सीईटीपी शामिल हैं।

### ललन सिंह के...

संवाददाताओं से कहा कि पार्टी में किसी तरह की गड़बड़ नहीं है और सब कुछ सामान्य है। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हो रही है और इसमें कुछ भी नया नहीं है। श्री ललन सिंह ने भी इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी चाहे जितना जोर लगा ले जद यू एकजुट रहेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया में श्री ललन सिंह के पार्टी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने की खबरें आ रही हैं।

### ईडी की चार्जशीट...

होने से इनकार किया था। ईडी ने कहा कि थम्पी ने 2005-2008 के बीच दिल्ली-एनसीआर स्थित रियल एस्टेट एजेंट एच एल पाहवा के माध्यम से हरियाणा के फरीदाबाद के अमीरपुर गांव में लगभग 486 एकड़ जमीन खरीदी थी। ईडी ने अपने आरोप-पत्र में कहा, ''यह उल्लेख करना जरूरी है कि रॉबर्ट वाद्रा ने 2005-2006 तक एच एल पाहवा से अमीरपुर में 334 कनाल (40।08 एकड़) जमीन के तीन भूखंड खरीदे और दिसंबर 2010 में उसी जमीन को एच एल पाहवा को बेच दिया। इसके अलावा रॉबर्ट वाद्रा की पत्नी प्रियंका गांधी वाद्रा ने अप्रैल 2006 में एच एल पाहवा से हरियाणा के फरीदाबाद जिले के अमीरपुर गांव में 40 कनाल (पांच एकड़) की कृषि भूमि खरीदी और फरवरी 2010 में वही जमीन एच एल पाहवा को बेच दी। ईडी ने कहा, '' पाहवा को भूमि अधिग्रहण के लिए बही-खातों से नकदी मिल रही थी। यह भी देखा गया कि रॉबर्ट वाद्रा ने पाहवा को पूरी धनराशि नहीं दी। इस संबंध में जांच अभी भी जारी है।'' इस मामले में थम्पी को जनवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया था और ईडी ने एक हालिया बयान में आरोप लगाया था कि वह रॉबर्ट वाद्रा का करीबी सहयोगी है। थम्पी फिलहाल जमानत पर बाहर है। ईडी ने 2015 के काला धन निरोधक कानून के तहत भंडारी के खिलाफ दायर आयकर विभाग के आरोप-पत्र का संज्ञान लेते हुए फरवरी 2017 में भंडारी और अन्य के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया था।

### कांग्रेस में हर...

की दुकान खोलने का काम करती है और पूरे देश में, पूरे समाज में सौहार्द तथा भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए काम करती है। श्री गांधी ने कहा कि लोगों को लग रहा है कि देश में सत्ता की लड़ाई चल रही है, लेकिन सच यह है कि यह लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है। भाजपा की विचारधारा राजाओं की विचारधारा है, वह किसी की सुनते नहीं हैं। भाजपा में आदेश ऊपर से आता है और सभी को मानना पड़ता है। जबकि कंग्रेस पार्टी में आवाज कार्यकर्ताओं से आती है और हम उसका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में जो भी काम होता है उसके लिए ऊपर से आदेश आता है लेकिन कंग्रेस में छोटा से छोटा कार्यकर्ता भी हमकों टोककर हमसे अपनी बात कह सकता है। महाराष्ट्र कंग्रेस के अध्यक्ष जब भाजपा में थे तो उन्होंने जीएसटी में किसानों की हिस्सेदारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछ लिया था तो उनको भगा दिया गया लेकिन कंग्रेस में सामान्य व्यक्ति को भी बोलने की आजादी है। कंग्रेस नेता ने कहा हमारी विचारधारा कहती है कि देश की लगाम देश की जनता के पास रहनी चाहिए और देश को राजशाही की तरह नहीं बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि जनता के वोट के कारण संवैधानिक संस्थाएं बनती हैं, लेकिन आरएसएस का सब संस्थानों पर कब्जा हो गया है। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति सिर्फ एक विचाधारा के लोगों से की जा रही है। उन्होंने बेरोजगारी का भी मुद्दा उठाया और कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है। इतनी बेरोजगारी कभी देश में नहीं रही है। देश का युवा बेरोजगार है इसलिए वह घंटों मोबाइल पर लगा रहता है। देश की तिजोरी चंद पूंजीपतियों के लिए खोल दी गई है और देश का पैसा उनको दिया जा रहा है। बेरोजगारी की हालात यह है कि एक लाख 50 हजार युवाओं को सेना ने योग्य माना है और उनको नौकरी देने की तैयारी की जाने लगी, लेकिन मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना शुरु की और इन डेढ लाख लोगों के लिए सेना और वायुसेना के दरवाजे बंद हो गये। ये युवा रो रहे हैं कि सरकार ने उनकी जिंदगी को बर्बाद कर दिया है। उन्हें अग्निवीर योजना का भी हिस्सा नहीं बनने दिया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा है कि कंग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का परिणाम रहा कि कंग्रेस ने तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल में सरकार बनाई और अब जब श्री गांधी पूरब से पश्चिम की यात्रा त्रिपुरा से शुरु करेंगे तो देश के कई राज्यों में सरकार बनाएगी। कर्नाटक कंग्रेस के प्रमुख डी के शिवकुमार ने सभी एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि राजनीति में कभी एक जैसी स्थिति नहीं रहती और पूरा देश बदलाव का इंतजार कर रहा है।

### कतर की अपीलीय...

नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, एस पकाला और नाविक रागेश शामिल हैं।

### पारंपरिक मैत्रीपूर्ण...

से कुछ ऐसा है जिसका वह इंतजार कर रहे हैं। पुतिन ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर भी बात की। उन्होंने कहा, ''हमारा व्यापार लगातार दूसरे वर्ष और आत्मविश्वासपूर्ण गति से बढ़ रहा है। इस वर्ष, विकास दर पिछले वर्ष से भी अधिक है। कई पश्चिमी देशों की आपत्ति के बावजूद भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ा है। जयशंकर ने पुतिन को बताया कि दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत और रूस ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए मंगलवार को समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, उप प्रधानमंत्री और व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर अंतर सरकारी रूसी-भारतीय आयोग के रूसी पक्ष के अध्यक्ष डेनिस मंटुरोव और राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव भी बैठक में शामिल हुए।

# तत्काल एक प्रभावी ट्रैकिंग पॉलिसी और एसओपी बनाने की हिदायत : राधा रतूड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्य में ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा को गम्भीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखंड में ट्रैकिंग एजेंसियों व कम्पनियों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को पुख्ता करने, प्रदेश में एक प्रभावी ट्रैकिंग पॉलिसी या एसओपी बनाने के साथ ही डीएफओ को ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की जानकारी जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ अनिवार्यतः सांझा करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को अपर मुख्य सचिव रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को भी इस सम्बन्ध में डीएफओ, पर्यटन विभाग तथा ईको टूरिज्म से समन्वय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि समय पर ट्रैकिंग एसओपी प्रभावी न होने की दशा में प्रदेश में आने वाले ट्रैकर्स की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही की घटना के लिए वन विभाग को सीधे तौर पर उत्तरदायी ठहराया जाएगा एवं कार्यवाही की जाएगी। एसीएस ने वन विभाग को सख्त हिदायत दी है कि ट्रैकिंग एजेंसियों के लिए भी एक ठोस एसओपी के साथ ही ट्रैकर्स के लिए पुख्ता सुरक्षा मापदण्ड, बीमा, प्रशिक्षित गाइड्स, स्नो इक्वपमेन्ट्स, हेल्थ सर्टिफिकेट, बेसिक मेडिसिन की तत्काल व्यवस्था को लागू किया जाए। सचिवालय में प्रदेश में शीत लहर के सम्बन्ध में प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विशेषरूप से निर्माणाधीन स्थलों में रहने वाले जरूरतमंदों श्रमिकों के शीत लहर से बचाव एवं राहत के लिए श्रम विभाग को तत्काल सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत एसीएस ने हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में ट्रैफिक एवं पुलिस विभाग को विशेषरूप से अलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी है। बैठक में अपर मुख्य सचिव द्वारा लोक निर्माण विभाग को सड़कों की कनेक्टिविटी बनाए रखने, जेसीबी की व्यवस्था करने, सड़कों से पाला हटाने के लिए परम्परागत उपायों के साथ नए समाधानों पर कार्य करने निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी जनपदों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था एवं कम्बलों के वितरण, अस्थाई रैनबसेरो में बिजली, पानी, बिस्तर एवं साफ-सफाई की व्यवस्था करने, इस सम्बन्ध में पृथक से नोडल अधिकारी नामित करने, सभी जनपदों में खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं ईंधन की जनवरी माह के अन्त तक के लिये पर्याप्त मात्रा में भंडारण करने, चिकित्सा स्वास्थ्य हेतु आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा सहित सम्बन्धित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## टीएचडीसी के 1000 मेगावाट की टिहरी पीएसपी की दूसरी यूनिट ने हासिल की विशेष उपलब्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, विद्युत क्षेत्र के अग्रणी पीएसयू ने 1000 मेगावाट के टिहरी पंप स्टोरेज परियोजना की दूसरी यूनिट 250 मेगावाट वैरिएबल स्पीड पंप टरबाइन को सफलतापूर्वक बॉक्सिंग अप करके महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक,टीएचडीसीआईएल आर. के. विश्नोई ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के हासिल करने पर पीएसपी टीम को बधाई दी। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि यह प्रमुख उपलब्धि राष्ट्र के प्रथम वैरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट1000 मेगावाट की कमीशनिंग में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। विश्नोई ने टीएचडीसीआईएल की पीएसपी टीम के समर्पित प्रयासों की सराहना की और इस महान उपलब्धि को हासिल करने के लिए उनके सच्चे और ठोस प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी टीम हाइड्रो-सेक्टर में नए मानक स्थापित करने और चुनौतियों का सामना करते हुए लगातार लक्ष्य हासिल करने के लिए जानी जाती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टिहरी पीएसपी की परिकल्पना विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए की गई है, यह 1000 मेगावाट की पीकिंग पावर उत्पन्न करेगा जो ऑफ-पीक घंटों के दौरान तापीय और नवीकरणीय विद्युत उत्पादन को संतुलन भार प्रदान करेगा। टिहरी बांध और कोटेश्वर बांध द्वारा निर्मित जलाशय पंप स्टोरेज संयंत्र के लिए अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम जलाशय के रूप में कार्य करेंगे। यह संयंत्र बड़े पैमाने पर पीक लोड और संतुलन आवश्यकताओं को पूरा करके स्थिरीकरण में योगदान देगा। इस अवसर पर एल.पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक टिहरी कॉम्प्लेक्स और एपीपी एवं टीएचडीसी इंडिया के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मैसर्स जीईपीआईएल, मैसर्स एचसीसी और मैसर्स जीईएचएफ के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोरोना के संभावित संक्रमण को देखते हुए एम्स ऋषिकेश में शुरू हुई कोविड स्क्रीनिंग ओपीडी



### दैनिक तौर पर सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक होगी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। कोरोना वायरस के संभावित संक्रमण को देखते हुए एम्स ऋषिकेश में कोविड स्क्रीनिंग ओपीडी की शुरुआत कर दी गई है। संस्थान के ट्रॉमा सेन्टर के सम्मुख स्थापित इस ओपीडी एरिया में फ्लू क्लीनिक के माध्यम से प्रत्येक संदिग्ध रोगी की कोविड जांच भी की जाएगी। कोरोना वायरस संक्रमण के संभावित प्रसार से लड़ने के लिए एम्स ऋषिकेश पूरी तरह तैयार है। संस्थान ने इस सम्बन्ध स्क्रीनिंग ओपीडी की शुरुआत करने के साथ-साथ आपात स्थिति वाले कोविड संक्रमित मरीजों के लिए 6 बेड भी रिजर्व किए हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना वायरस के उप-स्वरूप जेएन.1 के कुछ नए मामले सामने आए हैं। हालांकि उत्तराखंड में कोरोना के नए वायरस से ग्रसित मरीज का एक भी मामला अभी प्रकाश में नहीं आया है, लेकिन एहतियातन स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों को तेज करते हुए एम्स ऋषिकेश द्वारा संदिग्ध मरीजों की कोविड जांच सुविधा शुरू कर दी है। इस बाबत एम्स के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि संस्थान की निदेशक प्रोफ़ेसर मीनू सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अस्पताल प्रशासन द्वारा कोविड संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग करने हेतु यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि एम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफ़ेसर आर.बी. कालिया ने इस बारे में एक रोज पूर्व ही सम्बन्धित विभागों की बैठक ली थी। बैठक के दौरान प्रो. कालिया ने अस्पताल पहुंचने वाले प्रत्येक कोविड संदिग्ध व्यक्ति की स्क्रीनिंग करने को कहा था। इसके अनुपालन में कोरोना संक्रमण जांच हेतु ट्रॉमा सेन्टर के सम्मुख कोविड स्क्रीनिंग ओपीडी एरिया बनाया गया है। इस ओपीडी में सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक दैनिक तौर से कोविड संदिग्ध और फ्लू से ग्रसित मरीजों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इसे 'फ्लू क्लीनिक' का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोरोना की पिछली लहर के दौरान देखा गया कि कोरोना वायरस अपना स्वरूप बदलने में माहिर है, इसलिए फ्लू क्लीनिक में प्रत्येक ऐसे मरीज की जांच की जाएगी जो खांसी, बुखार, सर्दी और जुकाम जैसे लक्षणों से प्रभावित हो। आवश्यकता पड़ी तो ऐसे संदिग्ध मरीज का कोविड सैम्पल लेकर जांच हेतु भी भेजा जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि फ्लू क्लीनिक में निर्धारित ओपीडी टाईम सांय 5 बजे के बाद अस्पताल पहुंचने वाले आपात स्थिति के कोविड संदिग्ध लोगों को अस्पताल की मेडिसिन इमरजेंसी में जांच कराने की सुविधा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना वायरस के संभावित संक्रमण के चलते अस्पताल के जिरियाट्रिक वार्ड में 6 बेड कोविड संदिग्ध मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

## अलविदा! 2023 : दरकते जोशीमठ के बीच चमकी चार धाम यात्रा

### जोशीमठ पर मंडराते संकट के बावजूद रिकार्ड यात्री आए उत्तराखंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। श्री बद्रीनाथ धाम के प्रवेश द्वार जोशीमठ पर इस वर्ष की शुरूआत में ऐसा संकट आया कि इस पौराणिक शहर के अस्तित्व मिटने तक की बात होने लगी थी। ऐसे में चार धाम यात्रा खास तौर पर श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा के प्रभावित होने की आशंकाएं थीं, लेकिन हर बार की तरह आस्था विजयी हुई और आशंका पराजित। चार धाम यात्रा में इस बार यात्रियों की संख्या का नया रिकार्ड बन गया। श्री हेमकुंड साहिब को भी शामिल कर लें, तो इस बार की संपूर्ण यात्रा में पहली बार यात्रियों की संख्या ने 50 लाख का आंकड़ा छू लिया। वर्ष 2023 की शुरूआत जोशीमठ पर आए असाधारण संकट के साथ हुई। ऐसा संकट जिसने देहरादून से लेकर दिल्ली तक में हलचल मचा दी। भूस्खलन का ऐसा दौर चला, कि लोगों के घरों में दरारें पड़ने लगीं। जमीन के भीतर पानी के तेजी से हलचल मचाने के संकेत ने लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। आनन-फानन में राज्य और केंद्र की तमाम एजेंसियां सक्रिय हुईं और राहत-पुनर्वास के इंतजाम किए गए। काफी संख्या में लोगों को अपने घर छोड़कर राहत शिविर में रहने को मजबूर होना पड़ा। देश की तमाम विशेषज्ञ संस्थाओं ने जोशीमठ पर अध्ययन शुरू किया। प्रशासन को ऐसे कुछ भवनों को भी गिराना पड़ा, जो कि एक तरफ झुक गए थे और जिनसे जान-माल के नुकसान की बड़ी आशंका थी। जोशीमठ का संकट जैसे-तैसे थमा, तो चिंता इस बात की सताने लगी थी कि इस बार की चार धाम यात्रा का भविष्य क्या होगा? खास तौर पर श्री बद्रीनाथ धाम में यात्री जोशीमठ संकट को देखते हुए आएंगे भी कि नहीं, लेकिन सारी आशंकाएं निर्मूल साबित हुईं और चार धाम यात्रा जमकर चमकी। न सिर्फ बद्रीनाथ धाम, बल्कि श्री हेमकुंड साहिब, जहां की यात्रा जोशीमठ से होकर ही संचालित होती है, वहां भी खूब तीर्थयात्री पहुंचे। पिछली बार कुल 46 लाख यात्रियों ने हेमकुंड साहिब सहित चार धामों में पहुंचकर मत्था टेका था। इस बार यह संख्या 50 लाख तक पहुंच गई। अकेले श्री बद्रीनाथ धाम में 16 लाख यात्रियों का आना हुआ, जबकि श्री हेमकुंड साहिब में पौने दो लाख यात्री पहुंचे। श्री केदारनाथ धाम में कुल 17 लाख यात्रियों की आमद दर्ज की गई।

## पंजाब में स्कूली बच्चों को मिड डे मील में मिलेंगे फल

चंडीगढ़। पंजाब के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब मिड-डे मील में फल भी वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में पंजाब सरकार ने गुरुवार को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। शिक्षा विभाग ने मिड-डे-मील के मेन्यू में मामूली बदलाव किया है। अब विद्यार्थी खाने में काले चने, कढ़ी और राजमा का स्वाद भी उठा पाएंगे। शिक्षा विभाग मिड डे मील में अब बच्चों को सप्ताह में एक दिन खाने के साथ केला या अन्य फल भी देगा।राज्य के सरकारी, सरकारी एडेड, प्राइमरी व एलिमेंट्री स्कूलों में पढ़ाई कर रहे 17 लाख विद्यार्थियों को खाना मुहैया करवाया जाता है। स्कूल कमेटियां सारी चीजों पर नजर रखेंगी। केंद्र सरकार के आदेश पर पंजाब एजुकेशन डिपार्टमेंट ने मिड डे मील स्कीम का राज्य के 10 जिलों में सोशल ऑडिट करवाया था। इस दौरान शिक्षकों तथा अभिभावकों ने मिड डे मील में फ्रूट देने का सुझाव दिया था। शिक्षा विभाग की तरफ से नया मेन्यू जनवरी से मार्च माह तक जारी किया गया है। इसके लिए विभाग 5 रुपये प्रति केला के हिसाब से फंड जारी करेगा।

## आम नागरिकों को विधिक जानकारी के लिए ऋषिकेश में यूट्यूब चैनल द सिविक लीगल्स किया लांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। नागरिकों को विधिक जानकारी देने के लिए ऋषिकेश के अधिवक्ता अविनाश अग्रवाल ने एक यूट्यूब चैनल द सिविक लीगल्स तैयार किया है। इसमें आम नागरिकों को कानून से संबंधित निशुल्क कानूनी जानकारी उपलब्ध की जाएगी। गुरुवार को ऋषिकेश प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारों से बातचीत करते हुए अविनाश अग्रवाल ने बताया कि कानून के बारे में कुछ लोग भ्रांति फैलाकर समाज वायलेंस फैलाए जाने का कार्य कर रहे हैं ,हमने प्रैक्टिस के दौरान कानून से संबंधित कई अनुभव प्राप्त की है और कानून को लेकर बनाई गई धाराओं पर भी अनुसंधान किया है, जिसमें सिविल कोर्ट से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक किए जा रहे न्यायिक तौर पर फैसलों पर भी विचार किया गया, जिसमें राजनीतिक सामाजिक भूमि धरी और आपराधिक कानून के संबंध भी गुण दोष पर भी चर्चा के बाद यूट्यूब में जानकारी दी गई है। अग्रवाल ने बताया कि जन प्रतिनिधि के संबंध में अभी तक लिए गए निर्णय में कहा कि जनप्रतिनिधि जब कोई चुनाव लड़ता है, यदि उसके खिलाफ कोई मामला आता है, तो वह तब तक योग्य नहीं है, जब तक उसके खिलाफ आए निर्णय का फैसला आ जाए परंतु वह इस स्थिति में चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने देश के बड़े नेता ऑन के विरुद्ध न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसलों के भी उदाहरण दिए। पत्रकार वार्ता में महावीर सिंह नेगी, बार एसोसिएशन के सचिव कपिल शर्मा, पंचम मियां, शरद सक्सेना, नरेंद्र रांगढ़, महेश शर्मा, प्रीति भट्ट, राजेश साहनी, राकेश पारछा जोगन व्यापार मंडल संगठन के मंत्री हर गोपाल अग्रवाल, सुभाष कोहली, प्रतीक कालिया, पंकज गुप्ता, राजू थपलियाल ,अंशुल अरोड़ा, अशोक अग्रवाल भी मौजूद थे।

## नए वर्ष की पूर्व संध्या 31 दिसंबर को भीड़भाड़ वाली जगहों पर पुलिस की होगी तैनाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। नव वर्ष का जश्न मनाने के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था ना फैले और यातायात नियंत्रण के लिए दिल्ली पुलिस ने एहतियातन कदम उठाना शुरू कर दिया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के विशेष आयुक्त एसएस यादव ने मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 31 दिसंबर को दिल्ली पुलिस उन जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जवानों की तैनाती सुनिश्चित करेगी, जहां लोगों के इकट्ठा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह तैनाती कनॉट प्लेस, इंडिया गेट, एयरोसिटी, कुतुब मीनार, ग्रेटर कैलाश, साकेत मॉल, नेताजी सुभाष प्लेस, मुखर्जी नगर क्षेत्र, वसंत कुंज मॉल, ईडीएम मॉल, पैसिफिक मॉल, चंपा गली, हडसन लेन, हौज खास और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कनॉट प्लेस क्षेत्र में रात 8 बजे के बाद यातायात नियंत्रित किया जाएग।

## हत्या के प्रयास में फरार दो आरोपितों को पुलिस ने धर दबोचा

हरिद्वार। हथियारों के साथ हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के दो और आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस पूर्व में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने दोनों आरोपितों का चालान कर दिया है। जनपद के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैनपुर झंझेडी कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार निवासी अफजाल पुत्र महमूद ने 16 जुलाई को पुलिस को तहरीर देकर सरफराज पुत्र अकबर, सलमान पुत्र मुस्तफा, उमर फारुक पुत्र अकबर, शाहरुख पुत्र मुस्तफा, सत्तार पुत्र असगर व जब्बार पुत्र असगर निवासीगण ग्राम जैनपुर झंझेडी थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार के खिलाफ धारदार हथियारों से उस पर और उसके के भाई मोहब्बत अली उर्फ जानी, हसन अली के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने व हसन अली के सिर पर जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज करवाया था।

## जनता के साथ अन्याय करने वाले कर रहे न्याय यात्रा का ढोंग : मनवीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भाजपा ने कंग्रेस की आयोजित भारत न्याय यात्रा पर निशाना साधते हुए तंज कसा कि 6 दशकों तक सत्ता में रहकर जनता के साथ अन्याय करने वाले अब न्याय यात्रा का ढोंग कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद 3 राज्यों में मिली हार ने बता दिया कि भारत तो जुड़ा हैं और कंग्रेस की मंशा खुद को जोड़ने की थी। गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि जिन्होंने पहले भारत जोड़ो यात्रा निकाली उसका परिणाम यह हुआ कि 3 राज्यों में उनकी सरकारों को जनता ने उखाड़ दिया क्योंकि यात्रा के दौरान देश ने बखूबी देखा कि देश तोड़ने की साजिशों में लिप्त संस्थाओं, राष्ट्र विरोधी सोच को आगे बढ़ाने वाले एक्टिविस्ट और 370 के समर्थन से कश्मीर को देश से तोड़ने की सोच रखने वाले नेता भारत जोड़ने के झूठे नारे दे रहे थे। यही वजह है कि जनता ने तीन राज्यों के चुनाव परिणाम में बता दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एकजुट भारत विकसित देश बनने की यात्रा पर अग्रसर है। लिहाजा यदि कंग्रेस को कुछ जोड़ना ही है तो अपनी पार्टी को राष्ट्रीय भावना से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कंग्रेस लगभग 60 वर्षों तक जनता के साथ अन्याय किया है। इनकी सरकारों ने अपने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाकर देश के विकास को अवरुद्ध किया।

राजनीति में जातिवाद, क्षेत्रवाद को मजबूत किया और देश की सुरक्षा करने वाली सेना को कमजोर रखने का काम किया । यही पार्टी है जिसकी सरकार ने आपातकाल लगाकर जनता के मौलिक अधिकारों को छीन कर उनकी स्वतंत्रता के साथ सबसे बड़ा अन्याय किया। उन्होंने कटाक्ष कर कहा कि यह न्याय यात्रा भारत के लिए नही बल्कि कंग्रेस के साथ न्याय करने की यात्रा है।

## नगर कांग्रेस ने कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। कंग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के पर महानगर कंग्रेस कमेटी ऋषिकेश ने झंडा रोहण कर कंग्रेस के संस्थापकों को याद करते हुए उनके इतिहास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

गुरुवार को कंग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष राकेश सिंह तथा संगठन महामन्त्री ऋषि सिंघल ने कंग्रेस के 138 साल के गौरवशाली इतिहास का वर्णन करते हुए कहा की महात्मा गांधी, मोतीलाल नेहरू, सुभाषचंद बोस, गोपाल कृष्ण गोखले, बालगंगाधर तिलक, सरदार बल्लभ भाई पटेल, लाला लाजपत राय, सुब्रमण्यम भारती, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सीमांत गांधी, जवाहर लाल नेहरू जैसे नेताओ के संरक्षण में कंग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि कई नेताओं ने आजादी के लिये अपने प्राण न्यौछावर किये तो कंग्रेस के कई नेता स्वतंत्रता संग्राम में जेल में बंद रहे। इन्हीं नेताओं के त्याग और बलिदान ने देश को आजाद कराया। कंग्रेस की गौरवशाली परम्परा को लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राहुल और सोनिया गांधी ने जीवित बनाये रखा और आगे भी इसके लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा एवं शैलेन्द्र बिष्ट ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कंग्रेस की स्थापना 1885 में की गई थी, शुरुआत में भारत में ब्रिटिश राज के तहत उदारवादी सुधार लाने के लक्ष्य को साथ लेकर शुरू की गई इसकी जड़ें प्रारंभिक भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन में हैं जो 1857 के भारतीय विद्रोह से उत्पन्न हुआ था, कई प्रान्तों में सामाजिक समस्याओं को हटाने के प्रयत्न किये जिनमें छुआछूत, पर्दाप्रथा एवं मद्यपान आदि शामिल थे। इस मौके पर महंत विनय सारस्वत, मदन मोहन शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा, शैलेन्द्र बिष्ट, सतीश शर्मा, अरविंद जैन, नीलम तिवारी, नि. पार्षद भगवान सिंह पंवार, जगत नेगी, शकुंतला शर्मा, विजय लक्ष्मी शर्मा, संगठन महामन्त्री ऋषि सिंघल, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल रावत, रुकम पोखरियाल आदि भी मौजूद थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063